डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 20.02.2023 से 26.02.2023 ▶ वर्ष-40 ▶ अंक-08 ▶ मूल्य ₹ 10.00

### जी-20, कृषि कार्य समूह की बैठक

## मध्यप्रदेश की कृषि विकास दर में हुआ निरंतर सुधार

**भारत 'जियो और जीने दो' के सिद्धांत को मानता और उसको क्रियान्वित करता है। जी-20 की सोच भी इसी के अनुरूप है। लगातार बढ़ती जनसंख्या के कारण खाद्य सुरक्षा विश्व के सामने महत्वपूर्ण विचारणीय विषय है। विश्व का मात्र 12 प्रतिशत भू-भाग कृषि के योग्य है। वर्ष 2030 तक खाद्यान्न की मांग 345 बिलियन टन हो जाएगी, जबकि वर्ष 2000 में यह मांग 192 बिलियन टन थी। यह प्रत्यक्ष है कि न तो कृषि भूमि में वृद्धि होने वाली है और न ही हमारे प्राकृतिक संसाधन बढ़ने वाले हैं। यह गंभीर चिंतन का विषय है कि कृषि योग्य भूमि का हम समुचित उपयोग भी करें और कृषि भूमि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए हम उपयुक्त प्रयास भी करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में जी-20 के सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।**



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर में आयोजित जी-20 कृषि समूह की बैठक को संबोधित करते हुए।

### नई तकनीक से खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हमें दुनिया की खाद्यान्न की आवश्यकता को पूर्ण करना है तो हमें प्रतिबद्धता के साथ कुछ कार्य करने होंगे। पहले तो हमें उत्पादन बढ़ाना होगा। इसके लिए मैकेनाइजेशन, डिजिटलाइजेशन, नई तकनीक और नए बीज के उपयोग को निरंतर प्रोत्साहित करना होगा। इस दिशा में मध्यप्रदेश में लगातार प्रयास हो रहे हैं। छोटे-बड़े किसानों, महिलाओं और युवाओं को नई तकनीक के उपयोग के लिए प्रेरित करना होगा।

### संयुक्त राष्ट्र ने घोषित किया मिलेट ईयर

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने परंपरागत मोटे अनाजों को प्रोत्साहित करने के कार्य को अभियान के रूप में लिया है। इस गतिविधि को 'श्री अन्न' का नाम दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस वर्ष को मिलेट ईयर के रूप में घोषित किया है। हम हर संभव प्रयास करें कि यह पोषक अनाज धरती से लुप्त न हो। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा शुरू किए गए प्राकृतिक खेती के अभियान को अपनाना जरूरी है।

**इंदौर,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं स्वयं भी एक किसान हूँ। मैंने अपनी आजीविका का निर्वहन कृषि गतिविधियों से करने का प्रण लिया है। भारत में कृषि को श्रेष्ठतम कार्य माना गया है। भारत में बड़ी संख्या में लोग कृषि कार्य में लगे हैं। मैं स्वयं भी माह में एक बार अपने खेत पर अवश्य जाता हूं और खेती में नवाचार का प्रयास भी करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में एक दशक से कृषि विकास दर में निरंतर सुधार हुआ है। प्रदेश ने देश के अन्न के भंडार भरने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रदेश तिलहन उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर रहा है। देश में सोया के उत्पादन में 60 प्रतिशत भागीदारी मध्यप्रदेश की रही है। देश में गेहूं का सबसे बड़ा उत्पादक प्रदेश, मध्यप्रदेश है। प्रदेश में उत्पादन बढ़ाने की दिशा में हमने हर संभव प्रयास किए हैं। इसमें सिंचाई क्षेत्र को बढ़ाने के कार्य उल्लेखनीय हैं। वर्ष 2003 में प्रदेश में केवल साढ़े 7 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती थी। इसे बढ़ाकर अब हम 45 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य 65 लाख हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का है।

श्री चौहान ने कहा कि दुनिया में हर चीज का विकल्प हो सकता है, लेकिन अनाज, फल, सब्जी का कोई विकल्प नहीं है। इनके उत्पादन के लिए हमें किसान को महत्व देना होगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसान को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने, उत्पादन की लागत घटाने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। इस दिशा में नई किफायती टेक्नोलॉजी के उपयोग और मैकेनाइजेशन के साथ किसानों की सहायता के लिए भी उपक्रम किए जा रहे हैं। किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को उनके उत्पादन के उचित मूल्य दिलवाना भी आवश्यक है। भारत में न्यूनतम समर्थन मूल्य की अवधारणा लागू है। साथ ही प्राकृतिक आपदा की स्थिति में किसान की सहायता के लिए भी राज्य और केंद्र सरकार सक्रिय हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मध्यप्रदेश में आरबीसी 6/4 में किसानों को सहायता दी जाती है।

श्री चौहान ने कहा कि कृषि के विविधीकरण के लिए भी प्रयास आवश्यक हैं। फूल-फलों की खेती, सब्जियों की खेती, औषधीय खेती एवं कृषि वानिकी के साथ पशुपालन, मछली-पालन और दुग्ध उत्पादन जैसी गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करना आवश्यक है।

### नमामि नर्मदे प्रोजेक्ट

### पर्यावरण और नर्मदा संरक्षण के अनुकूल हो प्रोजेक्ट

**जबलपुर,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर डुमना एयरपोर्ट पर नमामि नर्मदे प्रोजेक्ट को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। मुख्यमंत्री ने नोडल विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग को प्रोजेक्ट की डीपीआर शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि डीपीआर के बाद प्रोजेक्ट का स्वरूप और स्थिति क्लीयर हो जाएगी। इसमें विशेष रूप से यह भी देखा जाये कि पर्यावरण और नर्मदा संरक्षण में किसी प्रकार की कोई समस्या न आये।

मुख्यमंत्री ने प्रोजेक्ट के फंडिंग स्ट्रक्चर की जानकारी देते हुए कहा कि प्रोजेक्ट को फेजेज में किया जाये। प्रथम फेज लगभग 200 करोड़ रुपये का होगा। इसमें घाटों का उन्नयन और साफ-सफाई, नर्मदा बफर जोन में वृक्षारोपण, बायो-डायवर्सिटी, लैंड स्कैप, लोक-प्रसाधन इत्यादि को शामिल किया गया है। उन्होंने प्रथम फेस का कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोजेक्ट के दूसरे फेज में 400 करोड़ रुपये से नर्मदा-पथ सहित अन्य विकास कार्य किये जाने हैं। इसमें नर्मदा ग्राम, नर्मदा वाटिका और 15 किलोमीटर का नर्मदा-पथ भी होगा। साथ ही नर्मदा रिसर्च सेंटर, बायो-डायवर्सिटी कंजर्वेशन, वाटर क्वालिटी मॉनीटरिंग सिस्टम, बायोरेमेडिएशन, पार्किंग आदि शामिल हैं। श्री चौहान ने कहा कि प्रोजेक्ट का थर्ड फेज अनुमानित 300 करोड़ रुपये का होगा। इसमें फेज 1 और 2 के घटकों को शामिल करते हुए घाटों के डेवलपमेंट एवं कंजर्वेशन क्षेत्र में कार्य कर रही एजेंसी से प्रस्ताव तैयार करवाये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नमामि नर्मदे प्रोजेक्ट में लगभग 1042 करोड़ रुपये की लागत आएगी। नोडल विभाग और जिला प्रशासन इस काम को गति दें।

### ड्रायविंग लाइसेंस सुविधा अब 53 हजार केंद्रों पर ऑनलाइन

**भोपाल,** परिवहन एवं राजस्व मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि परिवहन विभाग नागरिकों को और अधिक सहज और 16 तरीके से अपनी सेवाएं उपलब्ध कराने जा रहा है। एमपी ऑनलाइन के 53 हजार केंद्रों से अब आमजन ड्रायविंग लाइसेंस, लर्निंग लाइसेंस, सर्विस ऑफ ड्रायविंग लाइसेंस, कंडक्टर के लिए नवीन लाइसेंस, सर्विसेज ऑफ सीएल के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

श्री राजपूत ने बताया कि यह सेवाएं 16 फरवरी 2023 से एमपी ऑनलाइन के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं। अब नागरिक अपने घर के नजदीक किसी भी एमपी ऑनलाइन केंद्र से यह सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।


- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं


## विन्ध्य और बघेलखंड विकास की उड़ान भरने के लिए तैयार - मुख्यमंत्री

- **इस वर्ष एक लाख 14 हजार शासकीय पदों पर होगी भर्ती।**
- **युवाओं को उद्योग और स्वरोज़गार योजनाओं के जरिये भी मिलेंगे रोज़गार के अवसर।**

**रीवा,** विन्ध्य और बघेलखंड विकास की उड़ान के लिए तैयार हैं। विन्ध्य क्षेत्र का वर्षों पुराना सपना अब साकार होने जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से रीवा में हवाई अड्डा के निर्माण का कार्य शुरू हुआ। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा में चोरहटा हवाई अड्डे का शिलान्यास कर महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हवाई अड्डा खुलने के बाद विन्ध्य क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छूएगा। क्षेत्र में पहले से ही सड़कों का जाल बिछा है। विन्ध्य में उद्योग के लिये अपार संभावनाएं हैं और रोज़गार के नये अवसर भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर में संपन्न इन्वेस्टर्स मीट में इंदौर के बाद सर्वाधिक विन्ध्य क्षेत्र के लिए 2 लाख 88 हजार करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। यह रीवा ही नहीं पूरे विन्ध्य के लिए बड़ी सौगात है। इस निवेश से क्षेत्र के एक लाख 50 हजार से अधिक लोगों को रोज़गार के अवसर मिलेंगे। श्री चौहान ने 'विन्ध्य एक्सप्रेस-वे' के निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि भोपाल से सागर, दमोह, सतना, रीवा, सीधी होते हुए सिंगरौली तक यह एक्सप्रेस-वे बनाया जायेगा। इसके दोनों ओर औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जायेगा, जिससे नौजवानों को रोज़गार मिलेगा।

श्री चौहान ने कहा कि हमारी सरकार ने विन्ध्य को सबसे बड़े सोलर प्लांट और बाणसागर बांध का उपहार दिया है। अब विन्ध्य का किसान फसल उत्पादन में पंजाब को भी पीछे छोड़ देगा। स्लीमनाबाद में टनल बना कर नर्मदा नदी का पानी विन्ध्य क्षेत्र में पहुंचाने का काम जारी है। ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन का काम तेजी से किया जा रहा है।

## माता-बहनों और उनके परिवार को सुखी रखना हमारा दायित्व



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान स्व-सहायता समूह के प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा करते हुये।

**भोपाल,** सुखी रहने के लिए स्वस्थ और सुपोषित रहना बहुत जरूरी है। माता-बहनों और उनके परिवार को सुखी रखना हमारा दायित्व है। आजीविका मिशन इस दिशा में बहनों को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है। प्रदेश में 17 हजार बहनें पंच-सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों के रूप में चुनी गई हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मंदसौर, नीमच और बुरहानपुर जिले के स्व-सहायता समूह की प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर बहनें आर्थिक रूप से सक्षम होंगी तो घर में भी उनकी इज्जत बढ़ेगी। प्रदेश में महिलाओं के प्रति समाज का दृष्टिकोण बदला है। राज्य सरकार समाज में बदलाव, उन्नति और विकास के लिए कमी नहीं छोड़ेगी। बहनों का पोषण का स्तर सुधारने के लिए अनेक प्रयास किए गए हैं। बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति की बहनों को सरकार मदद कर ही रही है। अब एक और नई 'लाड़ली बहना' योजना बनाई गई है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)




## 11 फरवरी

### इसरो ने छोटे सेटेलाइटों का किया सफल प्रक्षेपण

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) से तीन छोटे उपग्रहों को प्रक्षेपित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इन उपग्रहों को इसरो ने अपने सबसे छोटे रॉकेट एसएसलवी-डी2 के जरिए प्रक्षेपित किया है। इसरो ने जिन तीन उपग्रहों को प्रक्षेपित किया है उनमें इसरो का पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस-7), अमेरिका का जानस-1 उपग्रह और स्पेस किड्स इंडिया का आजादी सैट-2 शामिल है। इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ ने कहा कि एसएसएलवी डी-2 के मिशन में मिली सफलता के साथ ही भारत ने छोटे सेटेलाइट प्रक्षेपण बाजार में कदम रखा है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्षेपण अंतरिक्ष कार्यक्रमों में भारत की आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि इसरो वर्ष 2023 में कई मिशन शुरू करेगा।

● विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रम (यूजी) में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-2023 के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तारीख 12 मार्च 2023 रखी गई है। इस परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) करेगी। एनटीए ने बताया कि यह परीक्षा 21 से 31 मई के बीच आयोजित की जायेगी। विद्यार्थी इस परीक्षा के लिए अधिकतम 10 विषयों का चयन कर सकते हैं। अगर कोई विद्यार्थी 10 से ज्यादा विषय चुनना चाहता है, तो उसे ज्यादा फीस भरनी होगी। एनटीए ने कहा कि इस वर्ष सीईयूटीयूजी परीक्षा देशभर में 13 भाषाओं में आयोजित होंगी।

## 12 फरवरी

### देश में 1.80 लाख से अधिक गांव हुए ओडीएफ प्लस घोषित

● भारत में अब तक एक लाख 80 हजार से अधिक गांवों को खुले में शौच से मुक्त प्लस घोषित किया जा चुका है। यह जानकारी केंद्रीय पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा दी गई है। मंत्रालय के अनुसार सरकार वर्ष 2023 में इस आंकड़े को दोगुना करने का प्रयास करेगी। ओडीएफ प्लस का दर्जा उन गांवों को दिया जाता है, जो खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति को बनाए रखते हैं और ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन करते हैं। केंद्र सरकार ने स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन चलाया है। इस मिशन के अंतर्गत गांवों को ओडीएफ दर्जा दिया जाता है। सरकार ने फरवरी 2020 में स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के दूसरे चरण की शुरुआत की थी।

● जासूसी गुब्बारा प्रकरण को लेकर अमेरिका और चीन के बीच चल रहे विवाद के बीच अमेरिका ने चीन की छह संस्थानों को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया है। ब्लैक लिस्ट में डाली गई संस्थाओं में पांच एयरोस्पेस कपंनियां और एक रिसर्च इंस्टीट्यूट है। अमेरिका ने कहा कि इनका संबंध चीन के एयरोस्पेस प्रोग्राम से हैं। ब्लैक लिस्टेड की गई संस्थाएं अमेरिका में गुब्बारा भेजकर जासूसी कराने के लिए जिम्मेदार हैं। जिन संस्थाओं को ब्लैक लिस्ट में डाला गया है उनमें नानजियांग एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी, चाइना इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी ग्रुप, डोंगगुआन लिगंकांग रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी कंपनी, ईगल्स मेन एविएशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप कंपनी, ग्वांग्झू तियान-हाई-शियांग एविएशन कंपनी और शांक्शी ईगल्स मेन कंपनी शामिल है।

## 13 फरवरी

### एयरो इंडिया शो से भारत बनेगा रक्षा उद्योग का नया केंद्र

● केंद्र सरकार का उद्देश्य देश में वाइब्रेंट और विश्वस्तरीय घरेलू रक्षा उद्योग स्थापित करना है, ताकि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता




का लक्ष्य हासिल किया जा सके। यह बात रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने एयरो इंडिया शो-2023 में कहीं। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एयरो इंडिया का आयोजन भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में सहायक बनेगा। एयरो इंडिया शो में भारत को सैन्य विमानों, हेलीकॉप्टरों, उपकरणों और नए दौर की वैमानिकी के निर्माण के उभरते केंद्र के रूप में प्रदर्शित किया जायेगा। जिसका फोकस मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड होगा।

● छह राज्यों में 9 से 14 वर्ष तक की आयुवर्ग की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका लगाने का अभियान केंद्र सरकार शुरू कर सकती है। सरकार ने पहले चरण में कर्नाटक, तमिलनाडू, मिजोरम, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में 2.55 करोड़ बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) का टीका लगाने का लक्ष्य रखा है। सरकार ने सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम में एचपीवी टीके को शामिल करने के लिए एक योजना बनाई है। उल्लेखनीय है कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने पिछले महीने सर्वावैक टीका लॉन्च किया था।

## 14 फरवरी

### सभी जिलों में खरीद केंद्र खोलेगा एफसीआई

● भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) गेंहू और धान की सरकारी खरीद सुनिश्चित करने के लिए देश के सभी जिलों में खरीद केंद्र स्थापित करेगा। यह जानकारी केंद्रीय उपभोक्ता मामले और खाद्य मंत्री श्री पीयूष गोयल ने दी है। श्री गोयल ने कहा कि सभी जिलों में खरीद केंद्र खोलने से किसानों को अपनी उपज बेचने में सहूलियत होगी और उन्हें उचित मूल्य मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को खुले बाजार के साथ इन खरीद केंद्रों पर भी अपनी उपज बेचने के विकल्प प्राप्त होंगे। श्री पीयूष गोयल ने खाद्यान्न प्रबंधन में आधुनिक तकनीक के प्रयोग को बढ़ाने की जरूरत भी बताई है। इसके अलावा खाद्य मंत्री ने खाद्यान्न प्रबंधन और अनाज की गुणवत्ता को बनाए रखने में न्यूनतम हस्तक्षेप और कार्यप्रणाली में पूर्णतरू पारदर्शिता अपनाने पर भी जोर दिया।

● अमेरिका के आसमान में लगातार संदिग्ध वस्तुएं दिख रहीं है। अमेरिका ने एक सप्ताह में चौथी बार लड़ाकू विमान से आसमान में यूएफओ जैसी संदिग्ध वस्तु को मार गिराया है। इस यूएफओ का आकार अष्टकोणीय था। यह यूएफओ मिशिगन के उपरी प्रायद्वीप और अमेरिका-कनाडा सीमा पर स्थित हूरोन झील के ऊपर जमीन से 20 हजार फुट की ऊंचाई पर उड़ रहा था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि आसमान में उड़ने वाले ये वस्तुएं क्या हैं, इन्हें कौन भेज रहा है और इनके भेजे जाने का उद्देश्य क्या है ये अभी तक पता नहीं चल सका है।

## 15 फरवरी

### सीबीडीटी ने अधिसूचित किए नए आईटीआर फॉर्म

● केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए नए आयकर रिटर्न (आईटीआर) फॉर्म अधिसूचित कर दिए हैं। इन फॉर्म के जरिए वित्तीय वर्ष 2022-23 का आईटीआर रिटर्न भरा जायेगा। सीबीडीटी आमतौर पर हर बार नए वित्तीय वर्ष में आईटीआर रिटर्न फॉर्म जारी करता है लेकिन इस बार यह अधिसूचना वित्तीय वर्ष शुरू होने से पहले जारी की गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने करदाताओं के लिए सेवा में सुधार और आयकर रिटर्न प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए कॉमन आईटीआर फॉर्म बनाने का प्रस्ताव रखा था, उन्होंने कहा था कि अलग- अलग आईटीआर रिटर्न फॉर्म की जगह एक आईटीआर रिटर्न फॉर्म होना चाहिए, इसलिए माना जा रहा था कि इस बार कॉमन रिटर्न फॉर्म की अधिसूचना जारी होने की उम्मीद थी, लेकिन अभी इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

● रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध ने भीषण रूप ले लिया है। पूर्वी यूक्रेन में रूसी सेना लगातार आगे बढ़ रही है। रूसी सेना के तेज हमले से परेशान यूक्रेन ने पश्चिमी देशों से एक बार फिर लड़ाकू विमानों की मांग की है। रूस-यूक्रेन युद्ध की चिंताजनक स्थिति को देखते हुये नाटो देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक 14 और 15 फरवरी को आयोजित की गई। नाटो संगठन के महासचिव स्टोल्टेनबर्ग ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि पश्चिमी देशों को यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति बढ़ाने की जरूरत है। इस बीच नॉर्वे ने कहा है कि वह जर्मन निर्मित आठ लेपर्ड-2 टैंक यूक्रेन को देगा।

## 16 फरवरी

### पुणे में स्थापित होगा ठोस कचरे से हाइड्रोजन बनाने का प्लांट

● देश में कचरे से हाइड्रोजन बनाने का पहला प्लांट पुणे के हड़पसर इंडस्ट्रियल एस्टेट में स्थापित किया जायेगा। इस प्लांट की स्थापन पर लगभग 4 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत आयेगी। यह प्लांट पर्यावरण अनुकूल समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी द ग्रीन बिलियंस लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जायेगा। कंपनी ने इस संबंध में पुणे नगर निगम के साथ 30 वर्ष का दीर्घकालीन समझौता किया है। कंपनी ने बताया कि अगले वर्ष तक यह प्लांट प्रतिदिन 350 टन ठोस कचरे का निपटान करेगा। हमारी योजना 350 टन ठोस कचरे से 10 टन हाइड्रोजन प्रतिदिन बनाना है। उल्लेखनीय है कि हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन भी कहा जाता है। इस परियोजना से पर्यारण बेहतर होगा और कार्बन उत्सर्जन कम करने के प्रयासों को भी बल मिलेगा।

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन-2023 के अप्रैल सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। एनटीए ने कहा कि उम्मीदवार 12 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अप्रैल सत्र की परीक्षा 6, 7, 8, 10, 11, 12, 13 और 15 अप्रैल को आयोजित की जायेगी। एनटीए ने बताया कि परीक्षा की पूरी डिटेल एनटीए की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र मार्च के अंतिम सप्ताह तक जारी किये जा सकते हैं।

## 17 फरवरी

### भारत तिब्बत सीमा पुलिस में बनेंगी सात नई बटालियन

● चीन के साथ जारी सीमा विवाद को देखते हुए केंद्र सरकार ने भारत-चीन सीमा (एलएसी) पर सुरक्षा चक्र को मजबूत करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में 7 नई बटालियन और एक क्षेत्रीय मुख्यालय बनाने का निर्णय लिया गया। इन 7 नई बटालियनों में 9400 नए पद सृजित कर जवानों की भर्ती की जायेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आईटीबीपी के लिए 47 नई सीमा चौकियों और 12 स्टेजिंग कैंप बनाने की भी मंजूरी प्रदान की है। ये नई बटालियन और क्षेत्रीय मुख्यालय वर्ष 2025-26 तक बनकर तैयार हो जायेंगे। इसके अलावा सरकार ने चीन से लगे सीमावर्ती जिलों में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम शुरू किया है। इस प्रोग्राम से सीमावर्ती गांवों से पलायन रोकने और पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

● संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने एक रिपोर्ट जारी कर कहा है कि तालिबानी शासन में अफगानिस्तान आतंकियों का गढ़ बन गया है। यूएन की एनालिटिकल सपोर्ट एंड सेक्शंस मॉनिटरिंग टीम द्वारा जारी इस रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान पश्चिम और दक्षिण एशिया में आतंक का प्राथमिक स्रोत बना हुआ है। तालिबान शासन में लचर सुरक्षा व्यवस्था के कारण आईएसआईएल खुरासान, अलकायदा और तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकी संगठनों के लिए अपनी गतिविधियां चलाना आसान हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान में कई आतंकी संगठनों को आतंकी गतिविधियां चलाने की पूरी स्वतंत्रता मिली हुई है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

| क्रमांक | ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (Sq Per cm) | रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (Sq Per cm) |
|---|---|---|
| 1. डीएवीपी (DAVP) रेट | 13.36 | 18.70 |
| 2. कॉन्ट्रैक्ट रेट | 70.00 | 98.00 |
| 3. कमर्शियल रेट | 80.00 | 112.00 |

फुल पेज का आकार

| | | |
|---|---|---|
| चौड़ाई | - | 25 सेंटीमीटर |
| लंबाई | - | 37 सेंटीमीटर |
| कुल वर्ग सेंटीमीटर | - | 925 वर्ग सेंटीमीटर |




संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 8 20.02.2023 से 26.02.2023
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

## सम्पादकीय

# मुख्यमंत्री ने सुलझाए समाधान ऑनलाइन में पुराने प्रकरण

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा समाधान ऑनलाइन में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के आवेदकों की लंबित समस्याओं का ऑनलाइन समाधान करवाया। मुख्यमंत्री ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विभागों, जिलों और सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण करने वाले अधिकारियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रकरणों में विलंब के दोषी एक विकासखंड चिकित्सा अधिकारी की वेतनवृद्धि रोकने, एक पटवारी के निलंबन, एक प्रकरण में विभागीय जांच, दो तहसीलदारों की एक.एक वेतनवृद्धि रोकने और एक प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सीधी जिले की आवेदिका नीतू पटेल द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में सहायता राशि प्राप्त न होने की शिकायत पर आवेदिका को 51 हजार रुपये की राशि का भुगतान करवाया है। उन्होंने जनपद पंचायत कार्यालय को भविष्य में ऐसे प्रकरणों में तत्काल सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। इसी तरह एक अन्य प्रकरण में उमरिया जिले के श्री पुरुषोत्तम सिंह के आवेदन पर भी आवश्यक कार्यवाही करते हुए सहायता राशि का भुगतान करवाया गया। सिंगरौली जिले के आवेदक श्री बृजेश की शिकायत पर भी समाधान की कार्यवाही की गई। इस प्रकरण में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरण का निराकरण करने वाले अधिकारियों द्वारा मोबाइल नंबर परिवर्तित कर दिए जाने से प्रकरण के निराकरण में विलंब हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आवेदनों के निराकरण के लिए दायित्व निभा रहे अधिकारियों द्वारा मोबाइल नंबर बदलने की सुविधा का दुरुपयोग नहीं किया जाए। समाधान ऑनलाइन में उमरिया जिले के श्री नवीन नथिक द्वारा पत्नी बबिता को प्रसूती सहायता राशि के भुगतान में विलंब की शिकायत पर राशि का भुगतान किया गया। मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए हैं। दोष सिद्ध ए.एन.एम. को पद से पृथक करने और सुपरवाइजर को निलंबित करने की कार्यवाही पहले ही की जा चुकी है। रीवा जिले के श्री रोहित पाण्डेय द्वारा ग्राम पेपखरा में नल-जल योजना से पानी न मिलने की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए सुचारू जल प्रदाय करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने नल-जल योजनाओं से संबंधित तकनीकी खराबी को समय पर सुधारने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनता की सुविधाओं से जुड़े कार्यों में लापरवाही के लिए दोषी अधिकारी-कर्मचारी को दंडित करने के निर्देश दिए। श्री चौहान ने मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारी से तीन दिन में जांच करवाकर अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने उज्जैन जिले के श्री श्यामलाल प्रजापत के जमीन का विवरण ऑनलाइन फीड करवाने के आवेदन पर कार्यवाही न होने को गंभीरता से लिया। उन्होंने दोष सिद्ध दो तहसीलदारों की एक-एक वेतनवृद्धि रोकने एवं एक पटवारी को निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जबलपुर के श्री मेघराज गोंड के वन्यप्राणी द्वारा हमले में घायल होने पर मुआवजा राशि न मिलने का आवेदन दिया था। इस प्रकरण में आवेदक को 50 हजार रुपये की मुआवजा राशि का भुगतान तत्काल करवाया गया। मध्यप्रदेश सरकार द्वार आमजन की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा रहा है। समाधान ऑनलाइन में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों के निराकरण में इस माह 88.52 अंक प्राप्त कर सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग अव्वल रहा है।

## त्वचा कैंसर के इलाज में मददगार है लेजर थैरेपी

कैंसर एक ऐसा नाम है, जिसका नाम सुनते ही व्यक्ति सकते में आ जाता है। किसी भी प्रकार का कैंसर रोग हो यदि समय रहते इसका उपचार नहीं किया जाता है तो इससे पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु असमय हो जाती है। मनुष्य के त्वचा में होने वाला कैंसर भी इस रोग का एक प्रकार है। इससे पीड़ित होने पर भी व्यक्ति का जीवन दुरूह हो जाता है, लेकिन हाल ही में हुये अध्ययन में यह बात सामने आयी है कि लेजर थैरेपी त्वचा कैंसर के इलाज में मददगार है। यह त्वचा कैंसर के सबसे आम प्रकार बेसल सेल कार्सिनोमा और स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा को रोकने में सक्षम है। इन्हें सामूहिक रूप से केराटिनोसाइट कार्सिनोमा के रूप में जाना जाता है। अमेरिका में हुये अध्ययन में यह दावा किया गया है। यह अध्ययन मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया है। अध्ययन के लिये शोधकर्ताओं ने 95 त्वचा कैंसर रोगियों को शामिल किया, जिनका पहले कभी केराटिनोसाइट कार्सिनोमा से सफलतापूर्वक इलाज किया गया था। शोधकर्ताओं ने बताया कि ऐसे रोगियों में तीन वर्षों के भीतर केराटिनोसाइट कार्सिनोमा होने का 35 फीसदी जोखिम होता है, जबकि 95 वर्षों में यह जोखिम बढ़कर 50 फीसदी हो जाता है, इनमें 43 रोगियों को नॉन एब्लेटिव फ्रैक्शनल लेजर थैरेपी की गई और 52 रोगियों को यह थैरेपी नहीं दी गई। नॉन एब्लेटिव फ्रैक्शनल लेजर थैरेपी में आंशिक तरीके से गर्मी प्रदान की जाती है। जो उपचार के बाद त्वचा में बरकरार रहती है, यह त्वचा की ऊपरी परत को हटा देता है। धूप से खराब त्वचा, धब्बों के इलाज के लिये इसका उपयोग किया जाता है। केराटिनोसाइट कार्सिनोमा त्वचा कैंसर के सबसे आम प्रकार बेसल और स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा का सामूहिक रूप है। यह आम तौर पर चेहरे, हाथ और कान जैसे शरीर के धूप के संपर्क में आने वाले अंगों में देखा जाता है। जिन लोगों की त्वचा का रंग गहरा होता है और वह सूर्य के संपर्क में नहीं आते हैं, उनमें इसके विकसित होने की संभावना अधिक होती है।

**- देवेश तिवारी**

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

**विश्व सामाजिक न्याय दिवस 20 फरवरी**

# मानवता से ही साकार हो सकता है समरस समाज का सपना

**सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामया**

वृहदारण्यक उपनिषद् श्लोक की यह पंक्तियां सामाजिक न्याय की अवधारणा को चरितार्थ करती हैं, जिसका अर्थ है कि इस दुनिया में सभी लोग सुखी रहें तथा सभी लोग निरोगी रहें। इसी तरह वसुधैव कुटुम्बकम उक्ति संपूर्ण विश्व को एक परिवार के रूप में मानने के भारतीय दर्शन के संदेश को अभिव्यक्त करती है। सामाजिक न्याय से आशय है कि, किसी भी व्यक्ति, जीव के संग अन्याय न हो। उसे अपने जीवन में आगे बढ़ने, बेहतर भविष्य गढ़ने के लिए हर वह अवसर मिले जिसका वो अधिकारी हो।

सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष 20 फरवरी को विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है। यह दिवस विभिन्न सामाजिक मुद्दों, जैसे- बहिष्कार, बेरोजगारी तथा गरीबी से निपटने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों, जैसे संयुक्त राष्ट्र एवं अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा लोगों से सामाजिक न्याय करने की अपील की जाती है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सामाजिक न्याय देशों के बीच समृद्ध और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के लिए एक अंतर्निहित सिद्धांत है। सामाजिक न्याय का अर्थ है- लिंग, आयु, धर्म, अक्षमता तथा संस्कृति की भावना को भूलकर समान समाज की स्थापना करना है।

### हर एक को मिले समान अवसर

हर वर्ष विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर एक विषय या थीम जारी की जाती है। इस वर्ष विश्व सामाजिक न्याय दिवस 2023 की थीम यानी विषय 'Overcoming Barriers and Unleashing Opportunities for Social Justice' अर्थात् वैश्विक एकजुटता को मजबूत करने और 'बाधाओं पर काबू पाना एवं सामाजिक न्याय के अवसरों को खोलना' है। समाज में तेजी से बढ़ती असमानताओं पर बातचीत को बढ़ावा देने और सदस्य देशों, युवाओं, सामाजिक भागीदारों, संयुक्त राष्ट्र संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ सामाजिक अनुबंध को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है, जो असमानता, संघर्ष और निरंतर कमजोर होती संस्थाओं की वजह से टूट गया है। कोरोना महामारी ने संपूर्ण विश्व में आर्थिक कारणों की वजह से पनपी सामाजिक असमानता को और अधिक बढ़ा दिया है। इन सभी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। हर मनुष्य को समान अधिकार मिले इसके लिए सभी को समान अवसर मिले इसके प्रयास करने होंगे।

### विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाने की शुरुआत

मजदूरों के लिए काम करने वाले संगठन अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने 10 जून, 2008 को उचित न्याय के लिए सामाजिक न्याय पर ILO की घोषणा को स्वीकार किया। यह अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन द्वारा अपनाए गए प्रमुख सिद्धांतों और नीतियों में से एक है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने माना कि शांति और सुरक्षा प्राप्त करने और बनाए रखने के लिए, सामाजिक विकास और सामाजिक न्याय महत्वपूर्ण हैं। मार्च 1995 में, कोपेनहेगन, डेनमार्क में सामाजिक विकास के लिए विश्व शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था। कई सरकारों ने लोगों को विकास के केंद्र में




रखने की आवश्यकता पर एक नई सहमति बनाई। 10 वर्ष बाद 2005 में न्यूयॉर्क में हुई सभा में विश्व के नेताओं ने सामाजिक एकीकरण के लिए पूर्ण रोज़गार और समर्थन प्राप्त करने के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित किया। 26 नवंबर, 2007 को, यूएनजीए ने हर साल 20 फरवरी को सामाजिक न्याय के विश्व दिवस को मनाने की घोषणा की गई। विश्व सामाजिक न्याय दिवस पहली बार 2009 में मनाया गया था। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है, हर किसी व्यक्ति को, बिना किसी भेदभाव के समान रूप से न्याय दिलाना और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना। 'विश्व सामाजिक न्याय दिवस' के इस उद्देश्य को पूरा करने और लोगों के बीच इस दिन के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय श्रम कार्यालय एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

### संत वाणी में सामाजिक न्याय का संदेश

संत कबीरदास के दोहे जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष का रास्ता दिखाते हैं। बहुजन परंपरा में कबीर जैसे महानायकों का जीवन सबके लिए प्रेरणादायक है। कबीर दास के कुछ दोहे हैं, जो ना सिर्फ जातिवाद, पाखंडवाद का विरोध करते हैं, बल्कि अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने की प्रेरणा देते हैं। जैसे -

**जाति न पूछो साधु की,**
**पूछ लीजिये ज्ञान,**
**मोल करो तलवार का,**
**पड़ा रहन दो म्यान।**

इस दोहे के जरिये से कबीरदास कहते हैं कि, ज्ञान का महत्व किसी की जाति या धर्म के आधार पर नहीं होता। ज्ञानी व्यक्ति की जाति और धर्म से परे करके उसका सम्मान करना चाहिए। जिस तरह से मुसीबत में तलवार काम आती है न की उसको ढकने वाली म्यान, उसी तरह किसी मुश्किल में सज्जन का ज्ञान काम आता है, न कि उसकी जाति और धर्म।

**मल-मल धोए शरीर को,**
**धोए न मन का मैल।**
**नहाए गंगा गोमती, रहे बैल के बैल ।।**

कबीर जी कहते हैं कि लोग शरीर का मैल अच्छे से मल-मल कर साफ करते हैं लेकिन मन का मैल कभी साफ नहीं करते। कबीर का मानना है कि पाप धोने के इस विचार ने अन्याय को और बढ़ावा दिया है। क्योंकि शोषणकारी को लगता है कि वो मेहनतकश तबके पर पहले जुल्म कर ले और फिर धार्मिक रूप से उसका कुछ नुकसान नहीं होगा।

### संत रविदास का सामाजिक न्याय का दर्शन

भारतीय भक्ति आंदोलन के शुरुआती संतों में उनकी गिनती होती है। 15वीं सदी में उन्होंने समाज में समानता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे न केवल एक महान संत थे, बल्कि एक कवि, समाज सुधारक और दर्शनशास्त्री भी थे।

**"ऐसा चाहूं राज मैं,**
**मिले सबन को अन्न।**
**छोट-बड़ा सब संग बसे,**
**रविदास रहे प्रसन्न।"**

संत रविदास जी ने अपने ऐसे ही दोहों से समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का प्रयत्न किया है और अपने दोहों से लोगों में सकरात्मक ऊर्जा का विस्तार किया है। इसके साथ ही लोगों को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी दी है। निर्गुण धारा के संत रविदास की भाईचारे और बराबरी का संदेश प्रसारित करने में बड़ा योगदान रहा। जाति को लेकर बनी रूढ़ीवादिता पर उन्होंने कड़ा प्रहार किया और समाज में बराबरी का भाव फैलाया। संत रविदास, भारत के प्रथम व्यक्ति हैं जिन्होंने अपने गीत 'बेगमपुरा' में आदर्श भारतीय समाज का 'यूटोपिया' प्रस्तुत किया है। 'बेगमपुरा' अर्थात बिना गमों का शहर, जो एक जातिविहीन, वर्गविहीन, आधुनिक समाज है।' संत रविदास ने मीराबाई को अपना शिष्य स्वीकार किया और दीक्षा दी।

### पितृसत्ता की समाप्ति में ही स्त्री और समाज का विकास

अमेरिकन लेखिका चेर ने कहा था कि, समाज की वास्तविक शिल्पकार महिलाएं ही होती हैं। यह सच भी है, लेकिन देश-दुनिया में अभी भी महिलाओं को आगे बढ़ने के समान अवसर नहीं मिलते हैं। इसके पीछे यदि कोई सबसे ज्यादा जिम्मेदार है तो वह पितृसत्ता और पितृसत्तात्मक सोच। पितृसत्तात्मक व्यवस्था की यह खासियत रही है कि यह समाज के हर सदस्य को एक बराबर न मानकर ऊंचा या नीचा मानता है। इस तरह पितृसत्तात्मक व्यवस्था लोकतान्त्रिक मूल्यों के हमेशा विपरीत रही है। इसमें जाति, लिंग, वर्ण, वर्ग, धर्म जैसे भेद से ऊपर 'एक व्यक्ति, एक मत' के सिद्धांत को अपनाकर मानवीय गरिमा को सबसे ऊपर माना गया है। पुत्र और पुत्री के बीच में भेदभाव होता है। इस तरह आधी आबादी और पूरे समाज के विकास के लिए स्त्रियों का विकास जरूरी है, जो पितृसत्तात्मक सोच को खत्म करके ही संभव है। यह महिलाओं के साथ सामाजिक न्याय के लिए आवश्यक है।

### वैश्विक शांति में सामाजिक न्याय का संदेश

आतंकवाद की वजह से पूरी दुनिया में करोड़ों लोग शरणार्थियों का जीवन बिता रहे हैं। ऐसे में उन्हें अपने आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक हर तरह के अधिकार से वंचित होना पड़ता है। इसलिए वैश्विक शांति और समरसता हो तभी सामाजिक न्याय की अवधारणा को धरातल पर उतारा जा सकता है। सभी को सामाजिक न्याय सहजता से मिल सके, मानवाधिकारों का संरक्षण हो, भावी पीढ़ी को सम्पूर्ण मानव जाति की सेवा के लिए तैयार किया जा सके, यही कारण है समभाव, विश्व मानवता की सेवा, विश्व बन्धुत्व व विश्व एकता के सद्प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। इसके लिए कानून को न्यायालय की चार दीवारी से बाहर आना होगा। जो व्यक्ति अशिक्षा, आर्थिक अभाव या किसी भी अन्य कारणों से न्यायालय तक नहीं पहुंच पाता है, उसे भी न्याय मिले इस बात को सभी को मिलकर सुनिश्चित करना है। वैश्विक हित और मानवता के लिए कार्य करने वाली हर एक महान शख्सियत ने अपने कार्य अपने व्यवहार से सामाजिक न्याय को स्थापित करने का ही संदेश दिया है।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका : समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

**राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2020, परीक्षा दिनांक 24.07.2022**

## परीक्षा परिणाम

**विज्ञप्ति क्र. - 14620/30/2022 /अनु.-10** **इंदौर, दिनांक : 15.02.2023**

आयोग द्वारा राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2020 हेतु विज्ञापन जारी किया गया था जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

01. विज्ञापन क्रमांक-04/2020/28.12.2020, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 10.02.2021
 (1) सूचना क्रमांक- 01/03/2020, दिनांक 01.07.2021 (प्रारंभिक परीक्षा आयोजन के संबंध में )
 (2) राज्य वन सेवा (मुख्य) परीक्षा-2020 के आयोजन की सूचना दिनांक 30.05.2022

02. उपरोक्त विज्ञापन के अंतर्गत राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020 (राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020 के साथ संयुक्त रूप से आयोजित) दिनांक 25.07.2022 (रविवार) को दो सत्रों में प्रात: 10.00 से 12.00 बजे एवं दोपहर 02.15 से 04.15 तक आयोजित की गई थी। राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020 में पात्र अभ्यर्थियों हेतु राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2020 जिला मुख्यालय इंदौर के केन्द्रों पर एक सत्र में दिनांक 24.07.2022 को आयोजित की गई थी ।

03. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की कुल संख्या निम्नानुसार है :–

| स.क्र. | कुल रिक्तियों की संख्या/विवरण | UR | SC | ST | OBC | EWS | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | सहायक वन संरक्षक | 03 | 01 | 01 | 01 | - | 06 |
| (ब) | वन क्षेत्रपाल | 47 | 11 | 06 | 31 | 10 | 105 |

04 राज्य सेवा परीक्षा-2019 के संबंध में माननीय उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं के अंतरिम आदेशों के परिप्रेक्ष्य में एवं सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. भोपाल के "पत्र क्रमांक- एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022'' के प्रकाश में आयोग द्वारा अपनी बैठक दिनांक 29.09.2022 के निर्णय क्र.-26 में निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए राज्य सेवा एवं अन्य भर्ती परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया।

परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने हेतु निम्नांकित प्रक्रिया का पालन किया जाए :-

1. सर्वप्रथम सभी विज्ञापनों में अन्य पिछड़ा वर्ग के वर्तमान विज्ञापित पदों को 27 प्रतिशत मान्य करते हुए उन्हें 14 प्रतिशत मुख्य भाग हेतु एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग हेतु गणना कर पृथक-पृथक किया जाए। साथ ही समस्त विभागों से 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के विज्ञापित पदों का विभाजित विवरण मांग लिया जाए।
2. उपरोक्त विभाजित 14 प्रतिशत पदों को अन्य वर्गों हेतु विज्ञापित पदों में जोड़कर कुल विज्ञापित पदों के 87 प्रतिशत को मुख्य भाग लेकर परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए ।
3. उपरोक्त (1) की गणना के अनुसार प्राप्त अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 13 प्रतिशत पदों के लिए अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को लेकर विज्ञापित पद संख्या के आधार पर प्रावधिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए। सामान्य प्रशासन विभाग के उपरोक्त पत्रानुसार प्रारंभिक परीक्षा/लिखित परीक्षा में चयनित (शॉर्टलिस्टेड) प्रावधिक अर्ह अभ्यर्थी परीक्षा के अगले प्रत्येक चरण (मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार) में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरुद्ध ही चयनित होंगे न कि पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरुद्ध।
4. समस्त चयन प्रक्रियाओं में साक्षात्कार आयोजन के समय तक संबंधित विभागों से सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित पत्र के संदर्भ में पुनरीक्षित अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विभाजित पद विवरण सहित सभी पदों का विज्ञापित पद विवरण अनिवार्यतः मांग लिया जाए। विभागों से पुनरीक्षित पद विवरण प्राप्त होने के उपरांत विज्ञापित पदों के मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के पदों की विज्ञप्ति प्रकाशित की जाए।
5. परीक्षा परिणामों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित) में अर्ह अभ्यर्थी अपने-अपने भाग में ही बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक अगले चयन हेतु इस आशय का वचन पत्र भी अभ्यर्थियों से अनिवार्यतः प्राप्त किया जाए।
6. साक्षात्कार के उपरांत माननीय न्यायालय को वस्तुस्थिति से अवगत करवाते हुए अंतिम परीक्षा परिणाम जारी करने के पूर्व पूर्वानुमति अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाए ।
7. तत्पश्चात् मुख्य भाग (87) प्रतिशत का अंतिम चयन परिणाम घोषित कर अनुशंसा संबंधित विभागों को प्रेषित की जाए।
8. प्रावधिक भाग का अंतिम चयन परिणाम दोनों वर्गो (अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) के लिए तैयार कर दो पृथक-पृथक सीलबंद लिफाफों में रख दिया जाए। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के पश्चात जिस भी वर्ग के अभ्यर्थियों के पक्ष में निर्णय होता है वह लिफाफा खोलकर चयन परिणाम घोषित कर विभागों को अनुशंसा प्रेषित की जाए ।
9. सभी लंबित लिखित परीक्षाओं/साक्षात्कार होने वाले या सम्पन्न हो चुके भर्ती परीक्षाओं के परिणाम यथाशीघ्र घोषित किए जाएं।
10. उपरोक्त प्रक्रिया का पालन करने के पूर्व सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित पत्र का उल्लेख करते हुए परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया से संबंधित विज्ञप्ति प्रकाशित की जाए।
11. समस्त परिणाम माननीय उच्च न्यायालय में लंबित याचिका डब्ल्यू.पी.-5901/2019 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन होंगे।

राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2020 का परीक्षा परिणाम निम्नानुसार दो भागों में है - (अ) मुख्य भाग (87 प्रतिशत) तथा (ब) प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी हेतु) । तदानुसार अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विज्ञापित कुल पद - 87 हैं जिसका मुख्य भाग में 14 प्रतिशत के मान से 16 पद तथा प्रावधिक भाग में 13 प्रतिशत के मान से 15 पद लिए गए हैं। **मुख्य भाग- अ** के लिए पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

**मुख्य भाग-अ**

| स.क्र. | कुल रिक्तियों की संख्या/विवरण | UR | SC | ST | OBC | EWS | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | सहायक वन संरक्षक | 03 | 01 | 01 | 01 | - | 06 |
| (2) | वन क्षेत्रपाल | 47 | 11 | 06 | 16 | 10 | 90 |
| | **कुल** | **50** | **12** | **07** | **17** | **10** | **96** |

**मुख्य भाग-अ** के लिए शारीरिक क्षमता परीक्षण/साक्षात्कार हेतु उपरोक्त पदों के 03 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल अभ्यर्थियों का श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है :-

| श्रेणी | कुल पदों के 03 गुना+समान अंक |
|---|---|
| अनारक्षित (UR) | 150 |
| अनुसूचित जाति (SC) | 37 |
| अनुसूचित जनजाति (ST) | 23 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 53 |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | 31 |
| **कुल** | **294** |
| **उपरोक्त कुल - 276 प्रावधिक अर्ह अभ्यर्थियों में कुल -18 अभ्यर्थी सहायक वन संरक्षक एवं वन क्षेत्रपाल दोनों में समान रूप से अर्ह पाये गये हैं।** | |

राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2020 के परीक्षा परिणाम में मुख्य भाग-अ के लिए शारीरिक क्षमता परीक्षण/साक्षात्कार हेतु प्रावधिक अर्ह पाए गए **कुल-276** अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :–

**MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION**
**STATE FOREST SERVICE MAIN EXAMINATION 2020 PART A (MAIN)**
**LIST OF CANDIDATES ELIGIBLE FOR DOCUMENT SUBMISSION OF INTERVIEW AND PHYSICAL FITNESS**

| S.No. | Roll No. | S.No. | Roll No. | S.No. | Roll No. | S.No. | Roll No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 100007 | 60. | 100596 | 119. | 101270 | 178. | 101805 |
| 2. | 100012 | 61. | 100605 | 120. | 101289 | 179. | 101820 |
| 3. | 100019 | 62. | 100628 | 121. | 101290 | 180. | 101821 |
| 4. | 100022 | 63. | 100630 | 122. | 101301 | 181. | 101833 |
| 5. | 100024 | 64. | 100633 | 123. | 101323 | 182. | 101835 |
| 6. | 100046 | 65. | 100635 | 124. | 101342 | 183. | 101848 |
| 7. | 100047 | 66. | 100640 | 125. | 101366 | 184. | 101856 |
| 8. | 100053 | 67. | 100647 | 126. | 101367 | 185. | 101863 |
| 9. | 100061 | 68. | 100658 | 127. | 101369 | 186. | 101867 |
| 10. | 100062 | 69. | 100671 | 128. | 101373 | 187. | 101868 |
| 11. | 100065 | 70. | 100674 | 129. | 101380 | 188. | 101873 |
| 12. | 100068 | 71. | 100678 | 130. | 101383 | 189. | 101888 |
| 13. | 100069 | 72. | 100711 | 131. | 101391 | 190. | 101889 |
| 14. | 100082 | 73. | 100714 | 132. | 101401 | 191. | 101892 |
| 15. | 100097 | 74. | 100720 | 133. | 101404 | 192. | 101900 |
| 16. | 100116 | 75. | 100726 | 134. | 101416 | 193. | 101921 |
| 17. | 100121 | 76. | 100739 | 135. | 101418 | 194. | 101933 |
| 18. | 100122 | 77. | 100745 | 136. | 101424 | 195. | 101957 |
| 19. | 100124 | 78. | 100748 | 137. | 101439 | 196. | 101963 |
| 20. | 100140 | 79. | 100774 | 138. | 101443 | 197. | 101982 |
| 21. | 100145 | 80. | 100793 | 139. | 101455 | 198. | 101988 |
| 22. | 100146 | 81. | 100795 | 140. | 101464 | 199. | 101990 |
| 23. | 100156 | 82. | 100802 | 141. | 101469 | 200. | 101994 |
| 24. | 100169 | 83. | 100803 | 142. | 101475 | 201. | 101995 |
| 25. | 100180 | 84. | 100813 | 143. | 101477 | 202. | 101996 |
| 26. | 100182 | 85. | 100817 | 144. | 101485 | 203. | 102001 |
| 27. | 100198 | 86. | 100821 | 145. | 101487 | 204. | 102023 |
| 28. | 100201 | 87. | 100829 | 146. | 101490 | 205. | 102049 |
| 29. | 100213 | 88. | 100835 | 147. | 101505 | 206. | 102052 |
| 30. | 100257 | 89. | 100869 | 148. | 101513 | 207. | 102068 |
| 31. | 100260 | 90. | 100880 | 149. | 101526 | 208. | 102069 |
| 32. | 100261 | 91. | 100891 | 150. | 101542 | 209. | 102071 |
| 33. | 100272 | 92. | 100898 | 151. | 101561 | 210. | 102091 |
| 34. | 100282 | 93. | 100906 | 152. | 101567 | 211. | 102095 |
| 35. | 100293 | 94. | 100916 | 153. | 101570 | 212. | 102105 |
| 36. | 100303 | 95. | 100932 | 154. | 101579 | 213. | 102112 |
| 37. | 100305 | 96. | 100933 | 155. | 101584 | 214. | 102121 |
| 38. | 100309 | 97. | 100956 | 156. | 101585 | 215. | 102132 |
| 39. | 100315 | 98. | 100981 | 157. | 101606 | 216. | 102141 |
| 40. | 100320 | 99. | 101012 | 158. | 101631 | 217. | 102143 |
| 41. | 100325 | 100. | 101014 | 159. | 101637 | 218. | 102147 |
| 42. | 100334 | 101. | 101039 | 160. | 101649 | 219. | 102152 |
| 43. | 100364 | 102. | 101042 | 161. | 101667 | 220. | 102167 |
| 44. | 100372 | 103. | 101045 | 162. | 101670 | 221. | 102168 |
| 45. | 100375 | 104. | 101100 | 163. | 101674 | 222. | 102179 |
| 46. | 100394 | 105. | 101103 | 164. | 101675 | 223. | 102184 |
| 47. | 100400 | 106. | 101114 | 165. | 101685 | 224. | 102185 |
| 48. | 100432 | 107. | 101120 | 166. | 101692 | 225. | 102213 |
| 49. | 100471 | 108. | 101145 | 167. | 101713 | 226. | 102237 |
| 50. | 100473 | 109. | 101155 | 168. | 101732 | 227. | 102246 |
| 51. | 100475 | 110. | 101166 | 169. | 101743 | 228. | 102256 |
| 52. | 100485 | 111. | 101168 | 170. | 101744 | 229. | 102278 |
| 53. | 100491 | 112. | 101173 | 171. | 101749 | 230. | 102297 |
| 54. | 100496 | 113. | 101193 | 172. | 101754 | 231. | 102308 |
| 55. | 100508 | 114. | 101197 | 173. | 101757 | 232. | 102309 |
| 56. | 100520 | 115. | 101204 | 174. | 101762 | 233. | 102315 |
| 57. | 100543 | 116. | 101206 | 175. | 101773 | 234. | 102320 |
| 58. | 100570 | 117. | 101237 | 176. | 101795 | 235. | 102324 |
| 59. | 100582 | 118. | 101245 | 177. | 101796 | 236. | 102339 |

| S.No. | Roll No. | S.No. | Roll No. | S.No. | Roll No. | S.No. | Roll No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 237. | 102340 | 247. | 102443 | 257. | 102537 | 267. | 102699 |
| 238. | 102347 | 248. | 102478 | 258. | 102545 | 268. | 102700 |
| 239. | 102355 | 249. | 102486 | 259. | 102553 | 269. | 102727 |
| 240. | 102356 | 250. | 102502 | 260. | 102592 | 270. | 102732 |
| 241. | 102365 | 251. | 102508 | 261. | 102594 | 271. | 102734 |
| 242. | 102371 | 252. | 102510 | 262. | 102595 | 272. | 102735 |
| 243. | 102375 | 253. | 102517 | 263. | 102632 | 273. | 102754 |
| 244. | 102404 | 254. | 102518 | 264. | 102677 | 274. | 102757 |
| 245. | 102440 | 255. | 102531 | 265. | 102685 | 275. | 102763 |
| 246. | 102441 | 256. | 102532 | 266. | 102688 | 276. | 102764 |

**प्रावधिक भाग-ब** के लिये पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

**प्रावधिक भाग - ब**

| श्रेणी | कुल पद |
|---|---|
| अनारक्षित (UR) | 15 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 15 |
| **कुल** | **30** |

**प्रावधिक भाग-ब** के लिए शारीरिक क्षमता परीक्षण/साक्षात्कार हेतु उपरोक्त पदों के 03 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल अभ्यर्थियों का श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है :-

| श्रेणी | कुल पदों के 03 गुना+समान अंक |
|---|---|
| अनारक्षित (UR) | 51 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 47 |
| **कुल** | **98** |

राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2020 के परीक्षा परिणाम में प्रावधिक भाग-ब के लिये शारीरिक क्षमता परीक्षण/साक्षात्कार हेतु प्रावधिक अर्ह पाए गए **कुल-98** अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :–

**MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION**
**STATE FOREST SERVICE MAIN EXAMINATION 2020 PART B (PROVISIONAL)**
**LIST OF CANDIDATES ELIGIBLE FOR DOCUMENT SUBMISSION OF INTERVIEW AND PHYSICAL FITNESS**

| S.No. | Roll No. | S.No. | Roll No. | S.No. | Roll No. | S.No. | Roll No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 100030 | 26. | 100604 | 51. | 101273 | 76. | 101903 |
| 2. | 100048 | 27. | 100644 | 52. | 101308 | 77. | 101922 |
| 3. | 100059 | 28. | 100651 | 53. | 101315 | 78. | 101932 |
| 4. | 100064 | 29. | 100659 | 54. | 101349 | 79. | 102000 |
| 5. | 100086 | 30. | 100679 | 55. | 101371 | 80. | 102041 |
| 6. | 100098 | 31. | 100712 | 56. | 101403 | 81. | 102076 |
| 7. | 100108 | 32. | 100713 | 57. | 101482 | 82. | 102097 |
| 8. | 100109 | 33. | 100737 | 58. | 101504 | 83. | 102101 |
| 9. | 100136 | 34. | 100743 | 59. | 101517 | 84. | 102120 |
| 10. | 100151 | 35. | 100778 | 60. | 101530 | 85. | 102124 |
| 11. | 100181 | 36. | 100820 | 61. | 101532 | 86. | 102125 |
| 12. | 100193 | 37. | 100825 | 62. | 101537 | 87. | 102241 |
| 13. | 100222 | 38. | 100840 | 63. | 101540 | 88. | 102330 |
| 14. | 100265 | 39. | 100858 | 64. | 101549 | 89. | 102363 |
| 15. | 100275 | 40. | 100950 | 65. | 101560 | 90. | 102364 |
| 16. | 100289 | 41. | 101033 | 66. | 101572 | 91. | 102423 |
| 17. | 100346 | 42. | 101035 | 67. | 101587 | 92. | 102467 |
| 18. | 100356 | 43. | 101044 | 68. | 101609 | 93. | 102529 |
| 19. | 100362 | 44. | 101057 | 69. | 101626 | 94. | 102559 |
| 20. | 100392 | 45. | 101080 | 70. | 101647 | 95. | 102641 |
| 21. | 100413 | 46. | 101081 | 71. | 101680 | 96. | 102683 |
| 22. | 100439 | 47. | 101127 | 72. | 101751 | 97. | 102714 |
| 23. | 100447 | 48. | 101132 | 73. | 101753 | 98. | 102772 |
| 24. | 100484 | 49. | 101252 | 74. | 101761 | | |
| 25. | 100517 | 50. | 101259 | 75. | 101816 | | |

**अभिलेख प्रेषित करने हेतु निर्देश :-**

**परिशिष्ट प्रपत्र - 01**

## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

**विज्ञापन क्रमांक :- 04/2020 दिनांक 28.12.2020**

**पद/परीक्षा का नाम :- राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा - 2020**

अभ्यर्थी का नाम :- .............................................. आवेदन क्रमांक/अनुक्रमांक :-................................

| स. क्र. | दस्तावेज का विवरण | संलग्न दस्तावेजों के पृष्ठ क्रमांक | संलग्नक पृष्ठों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | व्यक्तिगत विवरण- 1 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक.......से........तक | संलग्नक......... |
| 2. | अनुप्रमाणन फॉर्म-3 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक.......से........तक | संलग्नक......... |
| 3. | हाईस्कूल की अंकसूची। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक.......से........तक | संलग्नक......... |
| 4. | हायर सेकेण्डरी की अंकसूची। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक.......से........तक | संलग्नक......... |
| 5. | स्नातक/स्नातकोत्तर की समस्त वर्षों की अंकसूचियां एवं उपाधि। (छायाप्रति ) | पृष्ठ क्रमांक.......से........तक | संलग्नक......... |
| 6. | शासकीय सेवक हेतु अभिवचन पत्र - 01 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक.......से........तक | संलग्नक......... |
| 7. | घोषणा पत्र (किसी भी चयन/परीक्षा में विवर्जित (Debarred ) नहीं होने संबंधी) - 01 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक......से.......तक | संलग्नक..... |
| 8. | अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को क्रीमीलेयर श्रेणी के अंतर्गत न आने संबंधी प्रस्तुत किए जाने वाला घोषणा पत्र - 01 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक.......से........तक | संलग्नक........ |
| 9. | मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने की स्थिति में म.प्र. राज्य का रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक.......से........तक | संलग्नक........ |
| 10. | मूल निवासी/स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र की प्रति (प्रमाण-पत्र में गोल सील, जावक क्रमांक, दिनांक का उल्लेख होना आवश्यक है ) (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक.......से........तक | संलग्नक........ |
| 11. | ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का आवेदक होने की स्थिति में ई.डब्ल्यू.एस. का वैध प्रमाण-पत्र की प्रति। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक.......से........तक | संलग्नक........ |
| 12. | महिला आवेदकों हेतु विवाहोपरांत/उपनाम परिवर्तन की स्थिति में शपथ पत्र की प्रति। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक.......से........तक | संलग्नक........ |
| 13. | आरक्षित श्रेणी होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. शासन का जाति प्रमाण पत्र। विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र। (जाति प्रमाण पत्र में जारी करने की दिनांक, गोल सील, एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है। अन्य राज्य के जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे) **(म.प्र. शासन की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र मान्य होंगे )।** (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक.......से........तक | संलग्नक........ |
| 14. | शासकीय सेवक होने की स्थिति में विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्रति। अनापत्ति प्रमाण-पत्र न हो तो विभाग को अनापत्ति हेतु प्रस्तुत पत्र की प्रति संलग्न करें। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक.......से........तक | संलग्नक........ |
| 15. | मुख्य भाग-87 प्रतिशत एवं प्रावधिक भाग-13 प्रतिशत के संबंध में अभिवचन पत्र-उपरोक्त अभिवचन पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, प्रस्तुत नहीं करने पर उम्मीदवारी निरस्त की जायेगी। | पृष्ठ क्रमांक.......से........तक | संलग्नक........ |
| 16. | अन्य कोई आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रतियां जो अभ्यर्थी प्रस्तुत करना चाहता है। | पृष्ठ क्रमांक.......से........तक | संलग्नक........ |
| | **कुल संलग्नक दस्तावेजों की संख्या (अंकों में)** | | |
| | **कुल संलग्नक दस्तावेजों की संख्या (शब्दों में)** | | |

**दिनांक :-....................** **अभ्यर्थी के हस्ताक्षर..........................**

**भोपाल,** दीनदयाल शहरी आजीविका मिशन के 'कौशल प्रशिक्षण एवं रोज़गार' घटक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए निकायों के लक्ष्यों का निर्धारण किया गया है। कुल 127 प्रशिक्षण संस्थाओं के 64 हजार 200 व्यक्तियों के प्रशिक्षण का लक्ष्य दिया गया है। इन लक्ष्यों में मुख्य रूप से नवगठित नगर परिषदों एवं ऐसे निकाय, जिन्होंने विगत वर्ष के लक्ष्य के विरुद्ध अच्छा कार्य किया है, उन्हें वरीयता दी गई है।

कुल 64 हजार 200 प्रशिक्षणार्थियों के लक्ष्य को प्रगति के आधार पर श्रेणीवार (ए और बी) किया गया है। इसमें से श्रेणी-ए की 87 संस्थाओं में से प्रत्येक को 600 प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य एवं श्रेणी-बी की 40 संस्थाओं में से प्रत्येक को 300 प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य दिया गया है। निकाय यह प्रशिक्षण स्किल गेप एनालिसिस के आधार पर करेंगे।

# घर बैठे डाक से भी प्राप्त कर सकेंगे ड्रायविंग लायसेंस - परिवहन मंत्री

**भोपाल,** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) से दूर दराज रहने वाले आवेदक अपना ड्रायविंग लायसेंस स्पीड पोस्ट से घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे। परिवहन एवं राजस्व मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुये बताया कि ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले आवेदकों को ड्रायविंग लायसेंस लेने के लिए आरटीओ कार्यालय के चक्कर लगाना नहीं पड़ेंगे। अब उन्हें काउन्टर से लायसेंस प्राप्त करने के साथ परिवहन विभाग स्पीड पोस्ट से ड्रायविंग लायसेंस उनके घर भिजवाएगा। आवेदक को अपना आवेदन करते समय उसमें दोनों ऑप्शन में से एक चुनना होगा। स्पीड पोस्ट का व्यय आवेदक को स्वयं वहन करना होगा।

**एक अप्रैल तक ही चल सकेंगे 15 साल पुराने सरकारी वाहन**

परिवहन मंत्री ने कहा कि 15 वर्ष पुराने शासकीय वाहन अब एक अप्रैल तक ही मान्य होंगे। संबंधित विभागों को अपने वाहन मान्यता प्राप्त स्क्रेपिंग एजेन्सी में स्क्रैप कराना होंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लगभग चार हजार शासकीय वाहन 15 वर्ष से अधिक पुराने हैं।

श्री राजपूत ने कहा कि परिवहन नीति में नए टैक्स आमजन के लिए काफी लचीले और फायदेमंद होंगे। इससे जहां शासन के खाते में राजस्व की वृद्धि होगी वहीं वाहन मालिक भी इससे लाभान्वित होंगे।

**टैक्स में की जाएगी कमी**

प्रमुख सचिव परिवहन श्री फैज़ अहमद किदवई ने बताया कि कई स्वरूप में बसों के ऑल इंडिया परमिट के लिए प्रति सीट टैक्स में कमी का प्रस्ताव रखा गया। इसी प्रकार राज्य के बाहर से आने वाली ऐसी बसें जो फैक्ट्री में स्टाफ को लाने ले जाने के लिए अनुबंधित हैं, पर टैक्स का प्रावधान रखा गया है अभी तक इस प्रकार के वाहनों पर कोई टैक्स नहीं लिया जाता। इसी प्रकार की स्कूल बसों पर प्रति सीट प्रति वर्ष की दर से टैक्स का प्रावधान रखा गया है।

# शासन की योजनाओं से वंचित नहीं रहे एक भी पात्र हितग्राही - सहकारिता मंत्री

**भिण्ड,** सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया के कहा है कि ग्राम पंचायत में एक भी पात्र हितग्राही शासन की योजना से वंचित नहीं रहे। ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव इसे सुनिश्चित करें, यह उनकी जिम्मेदारी है। डॉ. भदौरिया भिण्ड जिला के अटेर विकासखण्ड के ग्राम बलारपुरा में विकास यात्रा को संबोधित किया।

डॉ. भदौरिया ने विण्डवा, खिपौना एवं मघेरा ग्राम में भी जनसंवाद किया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं और ग्रामों में हुए विकास कार्यों की जानकारी भी दी।

# विकास यात्रा से जनोन्मुखी प्रशासन और जनकल्याण सुनिश्चित करें



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान विकास यात्राओं के संबंध में सीएम फैलोज से फीडबैक प्राप्त करते हुये।

**भोपाल,** विकास यात्राओं के माध्यम से जनोन्मुखी प्रशासन के साथ अधिक से अधिक जनकल्याण के कार्य सुनिश्चित करें। सेवा हमारा धर्म है। नागरिकों से संवाद हो और विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हें मिले, हम इसके लिए ही हैं। पूरी गंभीरता के साथ जनता की बेहतर सेवा होना चाहिए। सीएम जनसेवा मित्रों और योजनाओं का क्रियान्वयन जानने के लिए जिन सीएम फैलोज को जिलों में दायित्व दिया गया है, उन्हें भी विकास यात्रा से सक्रिय रूप से जुड़ना है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में 12 फरवरी को सीएम फैलोज से चर्चा कर विकास यात्राओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास यात्रा महायज्ञ के रूप में परिवर्तित हो गई है। यह सिर्फ कर्मकाण्ड न होकर जनता की जिंदगी बदलने की कोशिश है। बैठक में बताया गया कि विकास यात्राओं में अनेक नवाचार हुए हैं। सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया है।

इंदौर में जनभागीदारी से आंगनवाड़ियों को समृद्ध किया जा रहा है। रीवा में नि:शक्त जनकल्याण, दिव्यांग व्यक्तियों को मोटराइज्ड ट्रायसिकल, रायसेन में अंकुर अभियान, देवास में विकास की दीवार, हरदा में जल संरक्षण, मुरैना में स्व-सहायता समूहों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने, दतिया में नल जल योजनाओं के संचालन, प्रत्येक ग्राम में विकास प्रवक्ता बनाने, सीधी जिले में अच्छा सामाजिक कार्य करने वालों को ग्राम रत्न सम्मान, उज्जैन में सैनिकों और उनके परिजनों का सम्मान, नरसिंहपुर में आयुष्मान कार्ड बनाने और एनीमिया मुक्ति के अभियान, मंडला में विकास उपवन, राजगढ़ जिले में हितग्राहियों को जन-अधिकार पत्र देने, श्योपुर जिले में ग्रामों में चीता स्वागत रैली और वनों की रक्षा के लिए कुल्हाड़ी त्यागो अभियान, सीहोर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और जीवन ज्योति योजना के बेहतर क्रियान्वयन, झाबुआ में कुपोषित बच्चों को स्वास्थ्य परीक्षण और पोषण का लाभ देने, अशोकनगर में बस में लाइब्रेरी प्रारंभ करने और निवाड़ी में पशुपालन के लिए अनुदान और उपचार सहायता के नवाचार किए हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# लोक कल्याण हमारी सरकार की प्राथमिकता - मुख्यमंत्री

**इंदौर,** लोक कल्याण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। वर्तमान में प्रदेश में विकास यात्रा का महायज्ञ चल रहा है, जिसमें विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जा रहा है। साथ ही जनता की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। दिव्यांग, अनाथ बच्चों, मरीजों, बुजुर्गों, दरिद्र नारायण की सेवा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में इंदौर आई हॉस्पिटल एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का शुभारंभ करते हुये कहीं। कार्यक्रम में उन्होंने कुल 500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर पूरे मध्यभारत का मेडिकल हब बन गया है। अभी जिस अस्पताल का शुभारंभ किया गया है वह आंखों के लिए सेंटर फॉर एक्सीलेंस है। मैंने भी यहां अपनी आंखों की जांच करवाई है, मेरी आंखें बिल्कुल ठीक हैं। यहां बोन मेरो ट्रांसप्लांट की निःशुल्क सुविधा होगी, जो गरीब मरीजों के लिए बड़ा वरदान है।

श्री चौहान ने कहा कि इंदौर एक बॉण्ड बन गया है। हाल ही में इंदौर नगर निगम द्वारा 244 करोड़ रुपये के ग्रीन बॉण्ड जारी किए गए तो पहले ही दिन 661 करोड़ रुपये आ गए। यह इंदौर ब्राण्ड में जनता के विश्वास का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोई भी बच्चा अनाथ नहीं है। जिनके मां-बाप नहीं हैं, उनका भरण-पोषण सरकार कर रही है। सरकार द्वारा उन्हें 5 हजार रुपये मासिक, भोजन, शिक्षा की फीस आदि सहायता दी जा रही है।

# सीएम राइज स्कूल जावद में एआई बेस्ड पाठ्यक्रम के अध्यापन कार्य का शुभारंभ

**नीमच,** विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने नीमच जिले के जावद में सीएम राइज स्कूल में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के छात्र छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित पाठ्यक्रम अध्यापन कार्य का डिजिटल बोर्ड पर क्लिक कर शुभारंभ किया।

श्री सखलेचा ने कहा कि नवीनतम टेक्नोलॉजी की वजह से दुनिया सिमट कर काफी छोटी हो गई है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्दी ही मध्यप्रदेश का अपना सेटेलाइट लगाने पर विचार किया जा रहा है। इसके लग जाने से प्रदेश के सभी गांव में इंटरनेट की बेहतर स्पीड मिलेगी।

श्री सखलेचा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जावद प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में नंबर वन विधानसभा क्षेत्र बनने जा रहा है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि प्रयास यह है कि जावद क्षेत्र का कोई भी बच्चा देश के किसी भी क्षेत्र के बच्चे से शिक्षा के मामले में किसी भी तरह से पीछे न रहे। इसके लिए संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

श्री सखलेचा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों से डिजिटल शिक्षा पर संवाद करते हुए कहा कि हमें हमारी भावी पीढ़ी को भविष्य की टेक्नोलॉजी के लिए तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि गुरु का धर्म बच्चों को बेहतर शिक्षा का है। सभी शिक्षक अपने गुरु धर्म का पालन करें और बच्चों का भविष्य संवारने के लिए अपने आपको समर्पित करें।

# पेसा नियमों को अच्छे से पढ़कर गांव-गांव में लोगों को समझायें - मुख्यमंत्री




मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में पेसा नियम के संबंध में जिला एवं ब्लॉक समन्वयकों की प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुये।

**भोपाल,** पेसा नियम कोई कर्म-काण्ड नहीं है, यह जनजातीय भाई-बहनों की जिंदगी बदलने का अभियान है। जनजातीय समाज भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। विकास की दौड़ में उन्हें पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। मेरे मन में विकास की बुनियादी जरूरतें सड़क, बिजली, पानी की सुविधाएं देने और जीवन की स्थिति को बेहतर बनाने की तड़प थी। जनजाति वर्ग के विकास के लिए विभिन्न पहलुओं का ध्यान रखा जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के बरखेड़ीकलां स्थित क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र में पेसा नियम संबंधी जिला एवं ब्लॉक समन्वयक प्रशिक्षण एवं कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि आपने बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के बाद पेसा को-ऑर्डिनेटर बनने का मन बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति हो रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री भू-अधिकार और लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में लाड़ली बहना योजना बनाई गई है। कुपोषण का स्तर घटाने और

- **जनजातीय वर्ग के लोगों के जीवन को बदलने के लिये लागू किया गया पेसा अधिनियम।**
- **पेसा अधिनियम प्रशिक्षण कार्यशाला में 14 जिलों और 70 विकासखंड के समन्वयक हुये शामिल।**

बहनों को सशक्त बनाने में यह योजना कारगर सिद्ध होगी। इस योजना में गरीब परिवार की बहनों के खाते में एक हजार रुपये महीना देंगे। बहनें सशक्त होंगी तो परिवार, प्रदेश और देश सशक्त होगा। लोगों की जिंदगी बदलने के लिए ही पेसा नियम बनाया गया है। जनजातीय भाई-बहनों की जमीन अब छल-कपट से कोई हड़प नहीं सकेगा। बाहर से आने वाले लोगों को ग्रामसभा में जानकारी देना होगी। जनजातीय वर्ग का वनोपज पर हक होगा तो उनका आर्थिक सशक्तिकरण भी होगा।

श्री चौहान ने कहा कि कार्यशाला के प्रतिभागी अन्य लोगों को प्रशिक्षित और प्रोत्साहित करें। पेसा नियमों को ढंग से पढ़ कर गांव में लोगों को समझायें। उन्होंने कहा कि यह अपने हक और समाज को जोड़ने का अभियान है। युवाओं की ताकत खड़ी करनी है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आपको मौका मिला है तो मन में तड़प और ललक के साथ कार्य करें। इससे बड़ा पुण्य का कार्य कोई नहीं है। पेसा के साथ अन्य योजनाओं को भी आप समझ लें, जिससे लोगों को समझा सकें। हमने तय किया है कि बैगा, भारिया, सहरिया जनजाति के लोगों को गाय और भैंस दी जाएंगी, योजना में 90 प्रतिशत राशि सरकार देगी।

# विकास की योजनाएं लेकर गांव-गांव पहुंच रही है विकास यात्रा - मुख्यमंत्री

भोपाल, 'लाड़ली बहना योजना' से घर परिवार के साथ ही देश और प्रदेश भी सशक्त बनेगा। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के बैरसिया के नजदीक पातलपुर में औद्योगिक पार्क और समूह जल प्रदाय योजना का भूमि-पूजन करने के बाद विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुये कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अपने परिवार के बीच आया हूं। मैं मुख्यमंत्री बाद में हूं और भांजे-भांजियों का मामा, बहिनों का भाई और बड़े-बुजुर्गों का बेटा पहले हूं। उन्होंने कहा कि विकास यात्राओं से परिवार के विकास और कल्याण की योजनाएं लेकर वे बैरसिया आए हैं। उन्होंने सबसे पहले बहनों से संवाद किया और कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में यह भाई रक्षाबंधन तो ठीक अब हर माह एक हजार रुपये की राशि अपनी गरीब और 5 एकड़ से कम के किसान परिवारों की बहनों को भेजेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि 5 मार्च से गांव-गांव शिविर लगाकर लाड़ली बहनों के अप्रैल तक फार्म भरवाए जायेंगे और जून माह से एक हजार रुपये की राशि जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग पात्र महिलाओं को भी 600 रुपये की पेंशन में 400 रुपये और जोड़कर एक हजार रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि आर्थिक स्वावलंबन से परिवार सशक्त हो और प्रेम भाव में भी वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी और कन्या विवाह योजनाएं सरकार की महिलाओं को सशक्त बनाने की योजनाएं हैं।

- **जून माह से महिलाओं के खाते में लाड़ली बहना योजना के तहत जमा किये जायेंगे प्रतिमाह एक हजार रुपये।**
- **बैरसिया में सर्वे करवा कर किया जायेगा सिंचाई संरचनाओं का निर्माण।**

मुख्यमंत्री ने पूर्व की जन-हितैषी योजनाओं को पिछली सरकार द्वारा बंद करने की आलोचना करते हुए कहा कि किसानों पर ब्याज की गठरी को उनकी सरकार उतार देगी और किसानों को डिफाल्टर होने से बचाएगी।

श्री चौहान ने मुख्यमंत्री भू-अधिकार आवास योजना से गरीब को घर की जमीन देने का उल्लेख करते हुए कहा कि विकास यात्रा के दौरान अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि कोई बिना राशन के भी नहीं रहे। मुख्यमंत्री ने बैरसिया के 42 गांवों में हर घर में नल से जल पहुंचाने के लिए नहरयाऊ समूह जल प्रदाय योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र के हर गांव को यह सौगात मिलेगी। उन्होंने गुंडे और माफिया के विरुद्ध अभियान जारी रहने का जिक्र करते हुए कहा कि बहन-बेटियों को गलत नजर से देखने वालों को फांसी की सजा दिलाई जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने बैरसिया औद्योगिक पार्क और नहरयाऊ समूह जल प्रदाय योजना सहित 212 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का भूमि-पूजन और शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने बैरसिया में संजय सागर बांध पर बनने वाले 164 ग्रामों की नहरयाऊ समूह जल प्रदाय योजना का शिलान्यास किया। योजना की अनुमानित लागत 177 करोड़ 39 लाख रुपये है। योजना पूरी होने पर 12 हजार 737 घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से बैरसिया, शमशाबाद एवं विदिशा विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत 2 लाख 94 हजार 970 नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए 28 माह की अवधि निर्धारित की गई है। योजना में शामिल 164 ग्रामों को शामिल किया गया है, जिसमें विकासखण्ड बैरसिया के 42, नटेरन के 43 ग्राम एवं विकासखण्ड विदिशा के 79 ग्रामों को शामिल किया गया है। योजना में 283 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता का जल शोधन संयंत्र निर्मित किया जाना प्रस्तावित है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

## एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर, छिन्दवाड़ा, बीना, धार एवं अशोकनगर जिलों में एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006, 9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध




मीनाक्षी नेवतिया

## फाइजर की प्रबंध निदेशक नियुक्त

दवा निर्माता कंपनी फाइजर लिमिटेड ने मीनाक्षी नेवतिया को अतिरिक्त निदेशक और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। वह भारत में कंपनी के व्यापार को लीड करेंगी। मीनाक्षी को 3 अप्रैल 2023 से अगले 5 साल के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है। वह एस श्रीधर का स्थान लेंगी। मीनाक्षी के पास मैकिन्से एंड कंपनी, नोवार्टिस फार्मास्युटिकल्स और स्ट्राइकर कॉर्पोरेशन सहित कई कंपनियों में 30 साल से अधिक का अनुभव है। उन्होंने कोलकाता के प्रेसीडेंसी कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है।



राउल रेबेलो

## महिंद्रा फाइनेंस के एमडी और सीईओ होंगे

महिंद्रा फाइनेंस ने राउल रेबेलो को प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। राउल वर्तमान में कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी हैं। वे 29 अप्रैल 2024 को रमेश अय्यर के सेवानिवृत्त होने के बाद एमडी और सीईओ के रूप में कार्यभार संभालेंगे। राउल 1 सितंबर 2021 को सीओओ के रूप में महिंद्रा फाइनेंस से जुड़े थे। इससे पहले वह एक्सिस बैंक में ग्रामीण ऋण और वित्तीय समावेशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष और प्रमुख थे।



शमिका रवि

## प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य बनीं

अर्थशास्त्र की प्रोफेसर और शोधकर्ता शमिका रवि को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान में ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन वॉशिंगटन डीसी में गवर्नेंस स्टडीज प्रोग्राम की सीनियर फेलो हैं। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद में वर्तमान में एक सदस्य और छह अंशकालिक सदस्य हैं। अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय इस परिषद के अध्यक्ष हैं। सलाहकार परिषद के अंशकालिक सदस्यों में अर्थशास्त्री राकेश मोहन और जेपी मॉर्गन में प्रबंध निदेशक और मुख्य भारत अर्थशास्त्री साजिद जेड चिनॉय शामिल हैं।



हरमनप्रीत कौर

## प्यूमा इंडिया की ब्रांड एंबेसडर बनीं

स्पोर्ट्स ब्रांड प्यूमा इंडिया ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। इस पर हरमनप्रीत ने कहा कि कम ही लोगों को पता है कि मैंने अपना पहला वनडे शतक प्यूमा के जूते पहनकर लगाया था। उन्होंने कहा प्यूमा जैसे ब्रांड को भारतीय महिला क्रिकेट के विकास का समर्थन करते हुए देखना खुशी की बात है। उन्होंने कहा यह करार ऐसी कई महिलाओं को प्रोत्साहित करेगा, जो क्रिकेट में कॅरियर बनाने का सपना देख रही हैं।



एयर इंडिया

## बोइंग से खरीदेगी 500 विमान

एयर इंडिया ने एविएशन सेक्टर की सबसे बड़ी डील की है। अपनी सेवाओं को विस्तार देने के लिए एयर इंडिया ने फ्रांस की कंपनी एयरबस और अमेरिकी कंपनी बोइंग से 500 विमानों की खरीद के लिए डील की है। करीब 100 बिलियन डॉलर में यह करार हुआ है। इस डील में एयर इंडिया ने 430 नैरो बॉडी और 70 वाइड बॉडी प्लेन का ऑर्डर दिया है। इसमें 280 विमान एयरबस से और बोइंग से 220 विमान खरीदे जाएंगे। इस सौदे के तहत एयर इंडिया खुद को वर्ल्ड क्लास एयरलाइंस बनाने की दिशा में काम करेगी। वहीं एयर इंडिया की सस्ती विमान सेवा एयर इंडिया एक्सप्रेस की सर्विस और विस्तृत किए जाने पर फोकस होगा।




एनटीपीसी ने

## एटीडी बेस्ट अवॉर्ड्स-2023 जीता

देश की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादन कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड को अमेरिका स्थित एसोसिएशन फॉर टैलेंट डेवलपमेंट (एटीडी) ने 'एटीडी बेस्ट अवॉर्ड्स- 2023' से सम्मानित किया है। यह छठा अवसर है, जब एनटीपीसी लिमिटेड ने प्रतिभा विकास के क्षेत्र में यह पुरस्कार जीता है। यह पुरस्कार पूरे विश्व के छोटे व बड़े निजी, सार्वजनिक और गैर-लाभकारी संगठनों को प्रदान किया जाता है। अमेरिका स्थित एसोसिएशन फॉर टैलेंट डेवलपमेंट प्रतिभा विकास के क्षेत्र में विश्व का सबसे बड़ा संगठन है और एटीडी बेस्ट अवार्ड्स शिक्षण व विकास के क्षेत्र में सबसे प्रतिष्ठित है।

याया त्सो झील

## लद्दाख का पहला जैवविविधता विरासत स्थल घोषित

लद्दाख में स्थित याया त्सो झील को लद्दाख का पहला जैव विविधता विरासत स्थल घोषित किया गया है। 4820 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस झील को पक्षियों का स्वर्ग कहा जाता है। यह झील काली गर्दन वाले सारस के लिए एक लोकप्रिय प्रजनन स्थल है। याया त्सो झील को चुमाथांग गांव की पंचायत, जैवविविधता प्रबंधन समिति ने सिक्योर हिमालय परियोजना के साथ मिलकर जैवविविधता अधिनियम के तहत लद्दाख का पहला जैवविविधता विरासत स्थल घोषित किया है।



जम्मू-कश्मीर में

## लीथियम का भंडार मिला

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के सलाल कोटली गांव में लीथियम के भंडार का पता चला है। गांव में छह हेक्टेयर (करीब 120 कनाल) जमीन में सबसे हल्के खनिज लीथियम का 59 लाख टन भंडार पाया गया है। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के विशेषज्ञ इस गांव में पिछले तीन साल से सर्वे कर रहे थे। यहां लीथियम खनिज भंडार का घनत्व भी बहुत अधिक है। यानी जिस क्षेत्र में यह खनिज पाया गया है, उसमें लीथियम को ज्यादा मात्रा में निकाला जा सकेगा। जीएसआई की टीम ने सर्वे किए गए स्थान पर निशानदेही कर दी है।



IRCTC ने

## व्हाट्सएप फूड डिलीवरी सर्विस शुरू की

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IRCTC) ने ट्रेन में गरमा-गर्म खाना मंगवाने के लिए व्हाट्सएप नंबर जारी किया है। ट्रेन में यात्रा के दौरान आप इस व्हाट्सएप नंबर +91-8750001323 पर खाना बुक कर सकते हैं। यह सुविधा अभी कुछ ही ट्रेनों में मिलेगी। आने वाले दिनों में अन्य ट्रेनों में भी इस सुविधा का लाभ लिया जा सकेगा। इसके लिए यात्रियों से इस प्रक्रिया के बारे में सुझाव भी लिए जाएंगे, जिससे सर्विसेस में सुधार हो सके।

ए.बी.के. प्रसाद

## राजा राममोहन राय राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होंगे

पत्रकार ए.बी.के. प्रसाद को राजा राममोहन राय राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। पत्रकारिता में ए.बी.के. प्रसाद के योगदान को देखते हुए उन्हें इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया ने इसकी घोषणा की। ए.बी.के. प्रसाद ने अपने जीवन के 75 वर्ष पत्रकारिता को समर्पित कर दिए हैं। उन्होंने कई पत्रिकाओं के संपादक के रूप में काम किया है। इसके अलावा, उन्होंने 2004 और 2009 के बीच आधिकारिक भाषा आयोग के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया है।



के. एम. मैमन

## लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

एमआरएफ लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के.एम. मैमन को ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएमए) लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित एटीएमए के वार्षिक सम्मेलन में मारुति सुजुकी इंडिया के एमडी और सीईओ ने मैमन को यह पुरस्कार दिया। उल्लेखनीय है कि मैमन ने एमआरएफ को 19,000 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार तक पहुंचाया है। यह दुनिया की शीर्ष टायर कंपनियों में से एक है।



डॉ. पैगी मोहन

## मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता

डॉ. पैगी मोहन ने मातृभूमि इंटरनेशनल फेस्टिवल ऑफ लेटर्स के चौथे संस्करण में 'मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर' पुरस्कार जीता। प्रवासन के परिणाम के रूप में भाषा के विकास को चित्रित करने वाली उनकी पुस्तक 'वांडर्स, किंग्स एंड मर्चेंट्स' के लिए उन्हें यह पुरस्कार मिला है। त्रिनिदाद में जन्मी डॉ. पैगी एक भाषाविद् भी हैं, जिन्होंने अमेरिका के मिशिगन विश्वविद्यालय से भाषा विज्ञान में पीएच.डी. की है। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और जामिया मिलिया विश्वविद्यालय में भाषा अध्ययन के प्रोफेसर के रूप में काम किया।



अप्सरा अय्यर

## हार्वर्ड लॉ रिव्यू की अध्यक्ष बनीं

हार्वर्ड लॉ स्कूल में द्वितीय वर्ष की छात्रा अप्सरा अय्यर को हार्वर्ड लॉ रिव्यू का 137वां अध्यक्ष चुना गया है। इसकी स्थापना वर्ष 1887 में हुई थी। अय्यर इस प्रतिष्ठित प्रकाशन की प्रमुख बनने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी महिला हैं। अप्सरा अय्यर ने कहा कि लॉ रिव्यू अध्यक्ष के रूप में उनका उद्देश्य लेखों की समीक्षा और चयन की प्रक्रिया में और अधिक संपादकों को शामिल करने का रहेगा। अप्सरा ने 2016 में येल से ग्रेजुएशन किया था, उन्हें अर्थशास्त्र, गणित और स्पेनिश में स्नातक की डिग्री प्राप्त है।



के. सत्यनारायण राजू

## केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ नियुक्त

केंद्र सरकार ने के. सत्यनारायण राजू को तत्काल प्रभाव से केनरा बैंक का प्रबंध निदेशक और सीईओ नियुक्त किया है। वह एल.वी. प्रभाकर की जगह लेंगे, जिन्होंने 31 दिसंबर, 2022 को पद छोड़ दिया था। राजू अभी केनरा बैंक में कार्यकारी निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। राजू के पास बैंकिंग क्षेत्र के सभी खंडों का व्यापक अनुभव है। राजू ने फिजिक्स में ग्रेजुएट और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बैंकिंग एंड फाइनेंस) विषय में पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री ली है। वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो ने नवंबर, 2022 में राजू को इस पद पर नियुक्त करने का सुझाव सरकार को दिया था।



कटक में

## दूसरी भारतीय चावल कांग्रेस आयोजित

राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में दूसरी भारतीय चावल कांग्रेस का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने इसका उद्घाटन किया। इस दौरान समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चावल भारत में खाद्य सुरक्षा की नींव है और हमारी अर्थव्यवस्था के लिए भी एक महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत चावल का अग्रणी उपभोक्ता और निर्यातक राष्ट्र है। इसका बहुत सारा श्रेय राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान को जाता है।



## स्मृति शेष

### सिने इतिहासकार एवं दूरदर्शन उद्घोषक शरद दत्त का निधन

सिने इतिहासकार एवं दूरदर्शन उद्घोषक शरद दत्त का 77 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह दिल्ली दूरदर्शन में उपनिदेशक पद से अवकाश ग्रहण करने के बाद एक टी.वी. चैनल में शीर्ष पद पर थे। पुराने जमाने के पार्श्व गायक एवं अभिनेता कुंदन लाल सहगल, मशहूर संगीतकार अनिल विश्वास और गीतकार साहिर लुधियानवी की उन्होंने जीवनियां लिखी थीं। वह हिंदी सिनेमा के चलते फिरते कोश थे और नेशनल फिल्म ज्यूरी के सदस्य भी थे।



### पॉप संगीतकार बर्ट बछराच का निधन

मशहूर अमेरिकी पॉप संगीतकार बर्ट बछराच का 94 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने अपने म्यूजिक से एक अलग मुकाम हासिल किया था। बर्ट ने आठ बार ग्रैमी और तीन बार ऑस्कर अवॉर्ड जीता था। इनमें से दो ऑस्कर उन्होंने 1970 और एक 1982 में जीते थे। उनकी रचनाओं में 'डू यू नो द वे टू सैन जोस' और 'रेनड्रॉप्स कीप फॉलिंग' ऑन माई हेड' जैसे रॉक क्लासिक्स शामिल थे। उन्होंने अपने कॅरियर के दौरान डायोन वारविक और ऐरेथा फ्रैंकलिन से लेकर डस्टी स्प्रिंगफील्ड और टॉम जोन्स तक कई अभिनेताओं के साथ काम किया।



*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

# प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

## आर्थिक सर्वेक्षण पर आधारित प्रश्न

**प्र. 1 भारत का पहला आर्थिक सर्वेक्षण किस वर्ष प्रस्तुत किया गया था?**
अ. 1947-48 ब. 1948-49
स. 1949-50 द. 1950-51
**उत्तर- द. 1950-51**

**प्र. 2 प्रारंभ में आर्थिक सर्वेक्षण बजट के साथ ही प्रस्तुत किया जाता था। किस वर्ष से इसे बजट से अलग प्रस्तुत किया जा रहा है?**
अ. 1960 ब. 1961
स. 1963 द. 1964
**उत्तर- द. 1964**

**प्र. 3 आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार आने वाले वित्तीय वर्ष में जीडीपी (GDP) की विकास दर रहेगी?**
अ. 6 से 6.8 प्रतिशत
ब. 5 से 6 प्रतिशत
स. 7 से 7.6 प्रशित
द. उपरोक्त मे से कोई नहीं
**उत्तर- अ. 6 से 6.8 प्रतिशत**

**प्र. 4 आर्थिक सर्वेक्षण अनुसार भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाने वाला देश है, जिसने कितने बिलियन वैक्सीन की खुराक का उपयोग किया है?**
अ. 1 बिलियन से अधिक
ब. 2 बिलियन से अधिक
स. 3 बिलियन से अधिक
द. उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर- ब. 2 बिलियन से अधिक**

**प्र. 5 आपातकालीन क्रेडिट लिंक्ड गारंटी योजना (ECGS) द्वारा किन उद्योगों को आय संबंधी समस्याओं में कमी आई है?**
अ. सूक्ष्म उद्योग
ब. लघु उद्योग
स. मध्यम उद्योग
द. उपरोक्त सभी
**उत्तर- द. उपरोक्त सभी**

**प्र. 6 वित्त वर्ष 2023 में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार का बजट सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का कितने प्रतिशत रहा?**
अ. 1.6 प्रतिशत ब. 2.1 प्रतिशत
स. 1.9 प्रतिशत द. 2.5 प्रतिशत
**उत्तर- ब. 2.1 प्रतिशत**

**प्र. 7 आर्थिक सर्वेक्षण 2022-2023 के अनुसार वर्ष 2022-23 में कितने करोड़ लोग आयुष्मान भारत योजना से लाभान्वित हुये हैं?**
अ. 22 करोड़ ब. 26 करोड़
स. 28 करोड़ द. 30 करोड़
**उत्तर- अ. 22 करोड़**

**प्र. 8 संयुक्त राष्ट्र बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार वर्ष 2005-06 और 2019-21 के बीच भारत में कितने करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं?**
अ. 35 करोड़ ब. 41 करोड़
स. 45 करोड़ द. 50 करोड
**उत्तर- ब. 41 करोड़**

**प्र. 9 आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2020-21 बेरोजगारी दर कितने प्रतिशत हो गई है?**
अ. 4.9 प्रतिशत ब. 5 प्रतिशत
स. 4.2 प्रतिशत द. 5.2 प्रतिशत
**उत्तर- स. 4.2 प्रतिशत**

**प्र. 10 आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2020-21 में ग्रामीण महिला श्रमबल भागीदारी कितने प्रतिशत हो गई?**
अ. 19.7 प्रतिशत
ब. 27.7 प्रतिशत
स. 30 प्रतिशत
द. 25 प्रतिशत
**उत्तर- ब. 27.7 प्रतिशत**
**व्याख्या-** वर्ष 2018-19 में यह भागीदारी 19.7 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2020-21 में 27.7 प्रतिशत हो गई है। जो कि एक सकारात्मक विकास है।

**प्र. 11 आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2023 से 2027 तक कितने पीएम श्री स्कूलों का निर्माण किया जायेगा?**
अ. 11000 ब. 12000
स. 13000 द. 14500
**उत्तर- द. 14500**

**प्र. 12 राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के माध्यम से हरित हाइड्रोजन पर निर्भर होकर किस वर्ष तक भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो सकेगा?**
अ. 2047 ब. 2045
स. 2050 द. 2060
**उत्तर- अ. 2047**

**प्र. 13 भारत के पहले सॉवरेन ग्रीन बॉण्ड फ्रेमवर्क की रूपरेखा को कब मंजूरी दी गई?**
अ. अप्रैल, 2022
ब. मई, 2022
स. नवम्बर, 2022
द. दिसम्बर, 2022
**उत्तर- स. नवम्बर, 2022**

**प्र. 14 सर्वेक्षण के अनुसार अक्टूबर 2022 तक राष्ट्रीय सौर मिशन के तहत एक प्रमुख मीट्रिक, स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता कितनी थी?**
अ. 61.6 GW ब. 58.8 GW
स. 65.8 GW द. 70.6 GW
**उत्तर- अ. 61.6 GW**

**प्र. 15 आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में पिछले 6 वर्षों में कृषि की औसत वार्षिक वृद्धि दर कितने प्रतिशत रही है?**
अ. 2.3 प्रतिशत
ब. 3.6 प्रतिशत
स. 4.6 प्रतिशत
द. 5 प्रतिशत
**उत्तर- स. 4.6 प्रतिशत**

**प्र. 16 भारत कृषि उत्पादों के सकल निर्यातक के रूप में उभरा है। वर्ष 2021-22 में कृषि निर्यात कितने बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा है?**
अ. 50.2 ब. 58.2
स. 60 द. 68.2
**उत्तर- अ. 50.2**

**प्र. 17 सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2020-21 में कृषि में निजी निवेश कितने प्रतिशत हो गया है?**
अ. 7.8 प्रतिशत ब. 9.3 प्रतिशत
स. 8.8 प्रतिशत द. 10 प्रतिशत
**उत्तर- ब. 9.3 प्रतिशत**

**प्र. 18 वर्तमान में न्यूनतम आधार कीमतें (MSP) जो कि सभी अनिवार्य फसलों के लिये घोषित की जाती हैं, अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत का कितने गुना होती हैं?**
अ.1.5 गुना
ब. 2 गुना
स. 3 गुना
द. उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर- अ. 1.5 गुना**

**प्र. 19 आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र (वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही के लिये) द्वारा सकल मूल्यवर्धन (GVA) में कितने प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित की गई है?**
अ. 3.7 प्रतिशत ब. 4.8 प्रतिशत
स. 5 प्रतिशत द. 6 प्रतिशत
**उत्तर- अ. 3.7 प्रतिशत**

**प्र. 20 आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार मोबाइल फोन निर्माण में भारत का विश्व में कौनसा स्थान है?**
अ. प्रथम ब. द्वितीय
स. तृतीय द. चतुर्थ
**उत्तर- ब. द्वितीय**

**प्र. 21 आर्थिक समीक्षा के अनुसार वर्ष 2022 में सेवा क्षेत्र में कितने प्रतिशत वृद्धि रही है?**
अ. 9.1 प्रतिशत ब. 8.4 प्रतिशत
स. 7.5 प्रतिशत द. 8 प्रतिशत
**उत्तर- ब. 8.4 प्रतिशत**

**प्र. 22 विश्व वाणिज्यिक सेवाओं के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी कितने प्रतिशत है?**
अ. 2 प्रतिशत ब. 4 प्रतिशत
स. 5 प्रतिशत स. 6 प्रतिशत
**उत्तर- ब. 4 प्रतिशत**
**व्याख्या-** निर्यात में 4 प्रतिशत भागीदारी के साथ भारत वर्ष 2021 में सीधे दस सेवा निर्यात देशों में सम्मिलित हो गया है?

**प्र. 23 भारत का ई-कॉमर्स बाजार वर्ष 2025 तक सालाना कितने प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है?**
अ. 18 प्रतिशत
ब. 20 प्रतिशत
स. 22 प्रतिशत
द. उपरोक्त में से काई नहीं
**उत्तर- अ. 18 प्रतिशत**

**प्र. 24 सर्वेक्षण के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार में विश्व में भारत का कौनसा स्थान है?**
अ. प्रथम ब. तृतीय
स. पांचवां द. छठा
**उत्तर- द. छठा**

**प्र. 25 प्रसार भारती, जो कि स्वायत्त सार्वजनिक सेवा प्रसारक है, कितनी भाषाओं में अपने कार्यक्रम संचालित करता है?**
अ. 20 ब. 21
स. 22 द. 23
**उत्तर- द. 23**

- डॉ.माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय, भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं।)

# विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

**1. फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप-2022 में किस खिलाड़ी ने गोल्डन बॉल अवॉर्ड जीता है?**
(अ) किलियन एम्बापे
(ब) लुका मोड्रिच
(स) लियोनेल मेसी
(द) एंटोनिए ग्रिजमैन

**2. वर्ष 2022 में किस देश ने बिली जीन किंग कप जीता है?**
(अ) अमेरिका (ब) स्विट्जरलैंड
(स) सर्बिया (द) कनाडा

**3. आईसीसी ने दिसम्बर, 2022 में किस खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है?**
(अ) विराट कोहली
(ब) जोस बटलर
(स) हैरी ब्रूक
(द) उस्मान ख्वाजा

**4. भारत ने कितनी बार आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्डकप जीता है?**
(अ) एक बार (ब) तीन बार
(स) चार बार (द) पांच बार

**5. वर्ष 2016 में किस खिलाड़ी ने फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप जीती है?**
(अ) निको रोसबर्ग
(ब) लुईस हैमिल्टन
(स) मैक्स वर्स्टपिन
(द) इनमें से कोई नहीं

**6. वर्ष 2022 में किस देश ने एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग का खिताब जीता है?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) जर्मनी
(स) बेल्जियम (द) नीदरलैंड

**7. इनमें से कौन-सा खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट का सबसे सफल कप्तान माना जाता है?**
(अ) ग्रीम स्मिथ
(ब) ब्रायन लारा
(स) रिकी पोंटिंग
(द) महेंद्र सिंह धोनी

**8. वर्ष 2022 में किस एथलीट ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) नीरज चोपड़ा
(ब) एंडरसन पीटर्स
(स) जोहानस वेटर
(द) अरशद नदीम

**9. किस देश ने सबसे ज्यादा 32 बार डेविस कप जीता है?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) क्रोएशिया
(स) अमेरिका (द) स्विट्जरलैंड

**10. एमसी मैरीकॉम ने किस ओलिंपिक में मुक्केबाजी में कांस्य पदक जीता था?**
(अ) बीजिंग 2008
(ब) लंदन 2012
(स) रियो 2016
(द) इनमें से कोई नहीं

**11. विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में किस देश के खिलाफ पदार्पण किया था?**
(अ) द. अफ्रीका (ब) बांग्लादेश
(स) वेस्टइंडीज (द) इंग्लैंड

**12. बरमूडा चैम्पियनशिप किस खेल से संबंधित एक प्रतियोगिता है?**
(अ) एथेलेटिक्स (ब) मुक्केबाजी
(स) फुटबॉल (द) गोल्फ

**13. लियोनेल मेसी वर्तमान में किस क्लब के लिए प्रोफेशनल फुटबॉल खेल रहे हैं?**
(अ) पेरिस सेंट जर्मेन
(ब) बार्सिलोना
(स) जुवेंट्स
(द) मेनचेस्टर सिटी

**14. हॉकी के प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अजलान शाह कप की शुरुआत किस वर्ष हुई थी?**
(अ) वर्ष 1980 (ब) वर्ष 1983
(स) वर्ष 1985 (द) वर्ष 1987

**15. तेजस्विन शंकर किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) लंबी कूद (ब) भाला फेंक
(स) ऊंची कूद (द) चक्का फेंक

**16. वर्ष 2021 में किस देश ने एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी जीती है?**
(अ) भारत (ब) द. कोरिया
(स) पाकिस्तान (द) मलेशिया

**17. भारत ने किस देश के खिलाफ अपना पहला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था?**
(अ) द. अफ्रीका (ब) इंग्लैंड
(स) पाकिस्तान (द) जिम्बाब्वे

**18. वर्ष 2021 में किस देश ने यूरो अंडर-21 फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया था?**
(अ) पुर्तगाल (ब) स्पेन
(स) स्वीडन (द) जर्मनी

**19. ब्रेबॉन स्टेडियम भारत के किस शहर में स्थित है?**
(अ) मुंबई (ब) चेन्नई
(स) कोच्चि (द) विशाखापट्नम

**20. जोनाथन क्रिस्टी बैडमिंटन में किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) डेनमार्क (ब) इंडोनेशिया
(स) अर्जेंटीना (द) न्यूजीलैंड

**21. इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट किस खेल से संबंधित एक प्रतियोगिता है?**
(अ) फुटबॉल (ब) एथेलेटिक्स
(स) टेनिस (द) बैडमिंटन

**22. आइस हॉकी किस देश का राष्ट्रीय खेल है?**
(अ) अमेरिका (ब) डेनमार्क
(स) कनाडा (द) जापान

**23. इनमें से कौन भारतीय क्रिकेट टीम का कोच नहीं रहा है?**
(अ) जॉन राइट
(ब) मिकी ऑर्थर
(स) गैरी कर्स्टन
(द) ग्रेग चैपल

**24. विराट कोहली को किस वर्ष खेल रत्न पुरस्कार से नवाजा गया है?**
(अ) वर्ष 2016 (ब) वर्ष 2017
(स) वर्ष 2018 (द) वर्ष 2020

**25. ज्वाला गुट्टा किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं?**
(अ) एथेलेटिक्स (ब) तीरंदाजी
(स) कुश्ती (द) बैडमिंटन

## उत्तर

**1. (स), 2. (ब), 3. (स), 4. (द), 5. (अ), 6. (द), 7. (अ), 8. (ब), 9. (स), 10. (ब), 11. (स), 12. (द), 13. (अ), 14. (ब), 15. (स), 16. (ब), 17. (अ), 18. (द), 19. (अ), 20. (ब), 21. (स), 22. (स), 23. (ब), 24. (स), 25. (द)।**

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी

# पटवारी परीक्षा 2023 की तैयारी के विशेष संदर्भ में

**निर्देश (प्र. 01 से 03 तक दी गई संख्या श्रृंखला को पूरा कीजिए) -**

**1) 2, 6, 14, 30, 62, 126, ?**

(A) 274 (B) 270
(C) 258 (D) 254

उत्तर - (D)

हल -
2 → +4 → 6 → +8 → 14 → +16 → 30 → +32 → 62 → +64 → 126 → +128 → **254**

नोट :- श्रृंखला के क्रमिक पदों के अंतर 4, 8, 16, 32, 64, 128 हैं।

**2) 445, 221, 109, 53, 25, ?**

(A) 7 (B) 9
(C) 10 (D) 11

उत्तर - (D)

हल -
445 → - 3÷2 → 221 → - 3÷2 → 109 → - 3÷2 → 53 → - 3÷2 → 25 → - 3÷2 → **11**

नोट :- दी गई संख्या में प्रत्येक पद पूर्ववर्ती पद में से 3 घटाने तथा प्राप्त संख्या में 2 से भाग देने पर प्राप्त होता है।

**3) 133, 119, 105, 91, ?**

(A) 70 (B) 74
(C) 76 (D) 77

उत्तर - (D)

हल -
133 → - 14 → 119 → - 14 → 105 → - 14 → 91 → - 14 → **77**

नोट :- क्रमागत पदों के बीच अंतर 14 का है।

**4) नीचे दी गई तालिका के स्तंभों के अंकों में एक निश्चित संबंध पर विचार कीजिए -**

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 6 | 18 |
| 5 | 4 | $x$ |
| 3 | 3 | 2 |
| 10 | 8 | 27 |

**कौन-सा अंक $x$ के स्थान पर लुप्त है।**

(A) 6 (B) 5
(C) 4 (D) 3

उत्तर - (D)

हल -

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 6 | 18 |
| 5 | 4 | $x=3$ |
| 3 | 3 | 2 |
| 10 | 8 | 27 |

$\because \frac{6\times5}{3}=\frac{30}{3}=10$

$\frac{6\times4}{3}=\frac{24}{3}=8$

उसी प्रकार $\frac{18\times x}{2}=27$

$18x = 27 \times 2$

$x=\frac{54}{18}$

$x=$ **3**

**5) मैं पंक्ति में दोनों तरफ से सातवां हूं। बताइए पंक्ति में कितने व्यक्ति हैं -**

(A) 10 (B) 11
(C) 12 (D) 13

उत्तर - (D)

हल - पंक्ति में व्यक्तियों की संख्या $7 + 7 - 1 =$ **13**

**6) पांच विद्यार्थी एक खेल प्रतियोगिता में भाग लेते हैं प्रत्येक विद्यार्थी को हरेक दूसरे विद्यार्थी से खेलना है। उन्हें कुल कितने खेल खेलने पड़ेंगे -**

(A) 7 (B) 8
(C) 9 (D) 10

उत्तर - (D)

हल - चूंकि 5 विद्यार्थियों में से प्रत्येक विद्यार्थी को एक-दूसरे के साथ खेलना है इसलिए संभावित खेलों की कुल संख्या = 4 + 3 + 2 + 1 = 10 होगी।

**7) किसी सप्ताह विशेष में सोमवार से बुधवार के तापमान का औसत लेने पर 36°C आता है। इस गणना में गुरूवार के तापमान को भी शामिल करने पर औसत 1°C बढ़ जाता है। गुरूवार का तापमान क्या था -**

(A) 37°C (B) 38°C
(C) 39°C (D) 40°C

उत्तर - (D)

हल - सोमवार से बुधवार तक का कुल तापमान = 36 x 3 = 108°C

प्रश्नानुसार गुरूवार के तापमान को मिलाने पर कुल औसत तापमान 1°C बढ़ जाता है अर्थात् 36 + 1 = 37°C

अब सोमवार से गुरूवार तक का कुल तापमान 37 x 4 = 148°C

अतः गुरूवार का तापमान 148 - 108 = **40°C**

**8) दो संख्याओं का योग 50 है तथा उनका अंतर 10 है तो दोनों संख्याओं का अनुपात होगा -**

(A) 2 : 1 (B) 2 : 3
(C) 3 : 1 (D) 3 : 2

उत्तर - (D)

हल - माना कि संख्याएं क्रमशः $x$ तथा $y$ है

$\therefore x + y = 50$ (समीकरण I)

$x - y = 10$ (समीकरण II)

$2x = 60$

$x=\frac{60}{2}=30$

पहली (I) समीकरण में $x$ का मान रखने पर

$x + y = 50$

$30 + y = 50$

$y = 50 - 30$

$y = 20$

दोनों संख्याओं का अनुपात 30 : 20 अर्थात् **3 : 2**

**9) मनीष शर्मा एक कंपनी में प्रबंधक हैं उन्हें 10,000 रु. मासिक वेतन मिलता है तथा विक्रय पर 6.25% कमीशन भी मिलता है। वर्ष 2022 के अंत तक कुल विक्रय 19,20000 रु. है तो श्री शर्मा के कुल वार्षिक पारिश्रमिक की राशि होगी -**

(A) 178000
(B) 182000
(C) 200000
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (D)

हल - वर्ष में कुल प्राप्त वेतन 10000 x 12 = 120000

विक्रय पर प्राप्त कमीशन =

$\frac{1920000\times6.25}{100}=120000$

$= 120000 + 120000 =$ **240000**

**10) श्री राजकुमार गुर्जर एक सुव्यवस्थित निवेश योजना में रु. 10000 प्रति वर्ष तीन वर्ष के लिए निवेश करते हैं। साधारण ब्याज की दर 11% है। तीन वर्ष बाद श्री गुर्जर को कितना ब्याज मिलेगा -**

(A) रु. 6400 (B) रु. 6500
(C) रु. 6550 (D) रु. 6600

उत्तर - (D)

हल - मूल धन 10000 वार्षिक दर 11%

समय = 3 वर्ष

साधारण ब्याज $= \frac{\text{मूलधन x दर x समय}}{100}$

साधारण ब्याज प्रथम वर्ष के लिए

$=\frac{10000\times11\times1}{100}=1100$ रु.

साधारण ब्याज द्वितीय वर्ष के लिए

$=\frac{10000\times11\times2}{100}=2200$ रु.

साधारण ब्याज तृतीय वर्ष के लिए

$=\frac{10000\times11\times3}{100}=3300$ रु.

अतः तीन वर्ष बाद प्राप्त ब्याज = 1100+2200+3300 = रु. 6600

**11) एक मकान मालिक किराये में 20% की वृद्धि करता है। कुछ समय पश्चात वह 10% की किराये में कमी कर देता है। मूल किराये में प्रतिशत वृद्धि क्या है -**

(A) 5% (B) 6%
(C) 7.5% (D) 8.00%

उत्तर - (D)

हल - माना कि मूल किराया 100 रु. है

(+) 20% वृद्धि 20 / 120

(-) 10% कमी 12 / 108

(-) मूल किराया 100 / 08

मूल किराये में वृद्धि 8.00%

**12) किसी संख्या का 60% क्या होगा जबकि केवल यह दिया हुआ है कि उस संख्या का 200% = 100 है -**

(A) 20 (B) 25
(C) 28 (D) 30

उत्तर - (D)

हल - दिया हुआ है कि उस संख्या का 200% = 100 है

तब 100% = 50 होगा

अब 50 का 60% ज्ञात करता है

जो कि $\frac{50\times60}{100}=$ **30** है।

**13) यदि किसी संख्या में उसी संख्या को 13 बार योग करने पर 224 आता है, तो वह संख्या होगी -**

(A) 12 (B) 13
(C) 15 (D) 16

उत्तर - (D)

हल - माना वह संख्या $x$ है

प्रश्नानुसार $x + 13x = 224$

अतः $14x = 224$

$x=\frac{224}{14}=$ **16**

**14) एक वस्तु का अंकित मूल्य 400 रु. है। उसके विक्रय पर 15% व्यापारिक बट्टा तथा 5% नकद बट्टा दिया जाता है। वस्तु का शुद्ध मूल्य होगा -**

(A) रु. 305 (B) रु. 310
(C) रु. 320 (D) रु. 323

उत्तर - (D)

हल - वस्तु का अंकित मूल्य = 400

(-) व्यापारिक बट्टा 15%

$(\frac{400\times15}{100}) = 60$

बीज का मूल्य 340

(-) नकद बट्टा 5%

$(\frac{340\times5}{100}) = 17$

शुद्ध मूल्य = **रु. 323**

**15) किसी कूटभाषा में BAT को 23 लिखा जाता है तो उसी कूटभाषा में CAT को क्या लिखा जाएगा -**

(A) 20 (B) 21
(C) 22 (D) 24

उत्तर - (D)

हल - अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला का क्रमांक देने पर

| | | | |
|---|---|---|---|
| B → 2 | | इसीप्रकार | C → 3 |
| A → 1 | | | A → 1 |
| T → 20 | | | T → 20 |
| योग 23 | | | योग 24 |

**16) यदि H = 24, HE = 39 हो तो HEN = होगा -**

(A) 71 (B) 76
(C) 79 (D) 81

उत्तर - (D)

हल - चूंकि H वर्णमाला में आठवां अक्षर है

$\therefore$ H = 8 x 3 = 24 लिखा गया है

इसी तरह E वर्णमाला का पांचवा अक्षर है

$\therefore$ E = 5 x 3 = 15 लिखा गया है

इसीलिए HE = 24 + 15 = 39

पुनः N वर्णमाला का 14वां अक्षर है

$\therefore$ N = 14 x 3 = 42

इसीलिए HEN = 24 + 15 + 42 = **81** होगा

**17) लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए -**




(A) 400
(B) 409
(C) 439
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (D)

हल - यदि हम ऊपर के अंकों से बनी संख्या में से नीचे के अंकों से बनी संख्या को घटाते हैं तो हमें वृत्त की संख्या प्राप्त होती है -

पहली आकृति में 970 - 256 = 714

दूसरी आकृति में 458 - 221 = 237

इसी प्रकार

तीसरी आकृति में 666 - 222 = **444**

**18) दिए गए विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए जिसे नीचे दिए गए शब्द के अक्षरों द्वारा नहीं बनाया जा सकता -**

**PROFESSIONAL**

(A) FEAR (B) NEAR
(C) FAIR (D) DEAR

उत्तर - (D)

हल - PROFESSIONAL शब्द में D नहीं है अतः इससे DEAR शब्द नहीं बन सकता है।

**19) दिए गए समूह से संबंधित विकल्प को चुनिए -**

**23, 40, 57**

(A) 10, 27, 40
(B) 20, 40, 59
(C) 22, 39, 50
(D) 21, 38, 55

उत्तर - (D)

नोट - संख्याओं को दिया हुआ समूह उस गुण को संतुष्ट करता है जिसकी क्रमागत संख्याओं के मध्य अंतर 17 है। यह केवल समूह 21, 38, 55 में है।

**20) श्रृंखला में गलत संख्या ज्ञात कीजिए -**

**1, 3, 7, 15, 30, 63**

(A) 3 (B) 7
(C) 15 (D) 30

उत्तर - (D)

हल -
1 → +2 → 3 → +4 → 7 → +8 → 15 → 16 → (31) 30 → 32 → 63

नोट - श्रृंखला के क्रमागत पदों के बीच का अंतर 2, 4, 8, 16, 32 है अतः 5वां पद 31 होगा न कि 30

**21) आकृति III में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर कौनसी संख्या रखी जाएगी जो आकृति I एवं II की संख्या के आधार पर है -**

| I | | II | | III | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 15 | 17 | 5 | 21 |
| 7 | | 16 | | ? | |

(A) 10 (B) 11
(C) 12 (D) 13

उत्तर - (D)

हल - प्रत्येक आकृति में → नीचे की संख्या

$= \frac{\text{ऊपर की संख्याओं का योग}}{2}$

अतः $? = \frac{5+21}{2} = \frac{26}{2} = 13$

डॉ. डी.सी. राठी

(लेखक, शासकीय महाविद्यालय राऊ में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।)

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, डी-16, कचनार सिटी विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002

E-mail : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 24/2022-23 निर्माण कार्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 2G, 2H, 2F आवासगृह मानपुर जिला उमरिया में बाह्य विद्युतीकरण का कार्य। (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC_ 253623) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 10.03.2023 सायं 6:00 बजे तक** सबमिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/108620/आर-48206/2023 परियोजना यंत्री

# विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

## सामान्य ज्ञान

**1. पृथ्वी पर दिन और रात किसके कारण होते हैं?**
(अ) दैनिक गति के कारण
(ब) वार्षिक गति के कारण
(स) तिमाही गति के कारण
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- (अ) दैनिक गति के कारण**

**2. महाभारत के लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं?**
(अ) महर्षि वाल्मीकी
(ब) वेदव्यास
(स) विष्णु शर्मा
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- (ब) वेदव्यास**

**3. 'द गुड अर्थ' किसकी रचना है?**
(अ) हेमिंग्वे
(ब) ओ. नील
(स) पर्ल एस. बक
(द) चार्ल्स डिकिन
**उत्तर- (स) पर्ल एस. बक**

**4. भारत का प्रथम महिला विश्वविद्यालय कौनसा है?**
(अ) श्री पद्मावती महिला विश्व-विद्यालय
(ब) एस.एन.डी.टी. विश्वविद्यालय
(स) वनस्पती विद्यापीठ
(द) LSR महिला विश्वविद्यालय
**उत्तर- (ब) एस.एन.डी.टी. विश्वविद्यालय**

**5. निम्नलिखित में से कौनसी कमेटी विनिवेश से संबंधित थी?**
(अ) एन.के. सिंह कमेटी
(ब) एस. श्री निवासन कमेटी
(स) जी.वी. रामकृष्ण कमेटी
(द) रंगराजन कमेटी
**उत्तर- (स) जी.वी. रामकृष्ण कमेटी**

**6. ताप उपक्रम होता है?**
(अ) ऋणात्मक हास पर
(ब) धनात्मक हास पर
(स) तटस्थ अवस्था
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- (ब) धनात्मक हास पर**

**7. एक सामान्य नेत्र के लिए सुस्पष्ट दृष्टि की न्यूनतम दूरी क्या है?**
(अ) 25 मिमी.
(ब) 25 से.मी.
(स) 25 मी.
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- (ब) 25 से.मी.**

**8. निम्नलिखित में से किसका उपयोग बन्द चूल्हे में किया जाता है?**
(अ) एक्स किरणें
(ब) पराबैंगनी किरणें
(स) सूक्ष्म तरंगें
(द) रेडियो तरंगें
**उत्तर- (स) सूक्ष्म तरंगें**

**9. अमलगम निम्नलिखित में से किसकी मिश्रधातु है?**
(अ) मर्करी (ब) लोहा
(स) सोडियम (द) पोटेशियम
**उत्तर- (अ) मर्करी**

**10. मैलाथियान निम्नलिखित में से क्या है?**
(अ) रंजक (ब) विटामिन
(स) वसा (द) कीटनाशक
**उत्तर- (द) कीटनाशक**

**11. साबुन तैयार करने के लिए कास्टिक सोडा को किसके साथ उबाला जाता है?**
(अ) वसा
(ब) एल्कोहल
(स) ग्लिसरीन
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- (अ) वसा**

**12. निम्नलिखित में से कौन सी नदी का उद्‌गम स्थल मध्यप्रदेश में नहीं है?**
(अ) चंबल (ब) बनास
(स) वैनगंगा (द) क्षिप्रा
**उत्तर- (ब) बनास**
**व्याख्या-** बनास नदी राजस्थान के अरावली पहाड़ों से निकलती है।

**13. कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?**
1. रानेह जलप्रपात - केन नदी
2. कपिलधारा जलप्रपात - नर्मदा नदी
3. चचाई जलप्रपात - बीहर नदी
4. पाताल पानी जलप्रपात - क्षिप्रा नदी
(अ) 1 (ब) 2
(स) 3 (द) 4
**उत्तर- (द) 4**

**14. वायु के क्षैतिज गति से होने वाले ऊष्मा के अंतरण को क्या कहते हैं?**
(अ) अभिवहन (ब) संवहन
(स) चालन (द) विकिरण
**उत्तर- (अ) अभिवहन**

**15. एकाधिकारवाद और प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार (MRTP) अधिनियम कब लागू हुआ?**
(अ) 1969 (ब) 1968
(स) 1971 (द) 1980
**उत्तर- (अ) 1969**

**16. हैंग-सेंग किस देश का शेयर बाजार है?**
(अ) चीन
(ब) जापान
(स) दक्षिण कोरिया
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- (द) इनमें से कोई नहीं**
**व्याख्या-** यह हांगकांग का शेयर बाजार है।

**17. 'संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन 'COP15' का मेजबान देश निम्नलिखित में से कौन है?**
(अ) कनाडा
(ब) जापान
(स) संयुक्त राज्य अमेरिका
(द) भारत
**उत्तर- (अ) कनाडा**

**18. अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस कब मनाया जाता है?**
(अ) 29 दिसंबर (ब) 20 दिसंबर
(स) 20 सितंबर (द) 20 नवंबर
**उत्तर- (ब) 20 दिसंबर**

**19. सूर्य किरण अभ्यास निम्नलिखित में से किन देशों के बीच होता है?**
(अ) भारत व जापान
(ब) भारत व चीन
(स) चीन व नेपाल
(द) भारत व नेपाल
**उत्तर- (द) भारत व नेपाल**

**20. आंसुओं में निम्नलिखित में से कौन सा पदार्थ घुला रहता है?**
(अ) सामान्य नमक
(ब) समुद्र
(स) स्टार्च
(द) ग्लूकोस
**उत्तर- (अ) सामान्य नमक**

**21. निम्नलिखित में से कौनसी एक मिश्र धातु है?**
(अ) जस्ता (ब) स्टील
(स) सीसा (द) एल्युमीनियम
**उत्तर- (ब) स्टील**

**22. विश्व का सबसे बड़ा द्वीप समूह निम्नलिखित में से कौन सा है?**
(अ) इंडोनेशिया (ब) अण्डमान
(स) ग्रीनलैंड (द) स्कॉटलैण्ड
**उत्तर- (अ) इंडोनेशिया**

**23. कम्प्यूटर के आविष्कारक निम्नलिखित में से कौन हैं?**
(अ) वॉन न्यूमेन
(ब) चार्ल्स बैबेज
(स) जे.एस. किल्वी
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- (ब) चार्ल्स बैबेज**

**24. कम्प्यूटर साक्षरता दिवस मनाया जाता है?**
(अ) 5 दिसम्बर (ब) 2 दिसम्बर
(स) 22 दिसम्बर (द) 14 दिसम्बर
**उत्तर- (ब) 2 दिसम्बर**

**25. निम्नलिखित में से कौनसा सर्च इंजन नहीं है?**
(अ) Google (गूगल)
(ब) yahoo (याहू)
(स) (बीइड) Baidu
(द) Dos (डॉस)
**उत्तर- (द) Dos (डॉस)**

**26. प्रोसेसर के तीन भाग निम्नलिखित में से कौन हैं?**
(अ) कंट्रोल यूनिट, ALU और RAM
(ब) ALU, कंट्रोल यूनिट व रजिस्टर
(स) कैश, रजिस्टर व RAM
(द) कैश, कंट्रोल यूनिट व ALU
**उत्तर- (ब) ALU, कंट्रोल यूनिट व रजिस्टर**

**27. 2022 का साहित्य में नोबेल पुरस्कार निम्नलिखित में से किसको दिया गया?**
(अ) बैरी शार्पलेस
(ब) एनी एरनॉक्स
(स) मोर्टन मेल्डल
(द) कैरोलिन बर्टोजी
**उत्तर- (ब) एनी एरनॉक्स**

**28. फीफा विश्व कप 2022 का विजेता कौन रहा?**
(अ) फ्रांस (ब) ब्राजील
(स) अर्जेंटीना (द) उरूग्वे
**उत्तर- (स) अर्जेंटीना**

**29. सुल्तान अजलान शाह कप किस खेल से संबंधित है?**
(अ) बैडमिंटन (ब) हॉकी
(स) टेबल टेनिस (द) गोल्फ
**उत्तर- (ब) हॉकी**

**30. एग्रीकल्चर शॉट किस खेल से संबंधित है?**
(अ) पोलो (ब) गोल्फ
(स) क्रिकेट (द) हॉकी
**उत्तर- (स) क्रिकेट**

**31. स्वतंत्र भारत के लिए व्यक्तिगत रूप से पहला ओलिंपिक पदक निम्नलिखित में से किसने जीता?**
(अ) ध्यानचंद
(ब) के.डी. जाधव
(स) मिल्खा सिंह
(द) हरिश्चंद बिजदार
**उत्तर- (ब) के.डी. जाधव**
**व्याख्या-** के.डी. जाधव ने 1952 के ओलिंपिक में रेसलिंग में पदक जीता।

**32. प्रसिद्ध ध्रुपद गायक कुमार गंधर्व किस स्थान से संबंधित थे?**
(अ) खण्डवा (ब) देवास
(स) इन्दौर (द) ग्वालियर
**उत्तर- (ब) देवास**

**33. मध्यप्रदेश का पिन कोड निम्नलिखित में से किस अंक से प्रारंभ होता है?**
(अ) 2 (ब) 3
(स) 1 (द) 4
**उत्तर- (द) 4**

**34. युकी भांवरी किस खेल से संबंधित हैं?**
(अ) टेनिस (ब) तैराकी
(स) बैडमिंटन (द) क्रिकेट
**उत्तर- (अ) टेनिस**

**35. अर्जुन पुरस्कार कब प्रारंभ हुआ?**
(अ) 1989 (ब) 1971
(स) 1997 (द) 1961
**उत्तर- (द) 1961**

**36. भारत का पहला विधि और न्यायमंत्री निम्नलिखित में से कौन है?**
(अ) अशोक कुमार सेन
(ब) हंस राज खन्ना
(स) बी.आर. आंबेडकर
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- (स) बी.आर. आंबेडकर**

**37. गदर पार्टी का मुख्यालय निम्नलिखित में से कहा था?**
(अ) मॉस्को में
(ब) बर्लिन में
(स) कराची में
(द) सैन फ्रांसिस्को में
**उत्तर- (द) सैन फ्रांसिस्को में**

**38. भारतीय रिजर्व बैंक का मुख्यालय निम्नलिखित में से कहां है?**
(अ) नागपुर (ब) दिल्ली
(स) मुंबई (द) इंदौर
**उत्तर- (स) मुंबई**

**39. 'वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट' निम्नलिखित में से किस संस्था का प्रकाशन है?**
(अ) अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष
(ब) विश्व व्यापार संगठन
(स) यूनेस्को
(द) विश्व बैंक
**उत्तर- (द) विश्व बैंक**

**40. मध्यप्रदेश में कितने संभाग हैं?**
(अ) 12 (ब) 11
(स) 10 (द) 14
**उत्तर- (स) 10**

**41. डायनामाइट के आविष्कारक निम्नलिखित में से कौन हैं?**
(अ) आइन्सटाइन
(ब) न्यूटन
(स) अल्फ्रेड नोबल
(द) मेडम क्यूरी
**उत्तर- (स) अल्फ्रेड नोबल**

**42. वास्तविक वस्तु का आभासी प्रतिबिंब निम्नलिखित में से कौन बनाता है?**
(अ) उत्तल दर्पण
(ब) समतल दर्पण
(स) अवलत दर्पण
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर- (ब) समतल दर्पण**

**43. डायनेमो से किस प्रकार की धारा प्राप्त होती है?**
(अ) दिष्ट धारा
(ब) प्रत्यावर्ती धारा
(स) दोनों धारा
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- (अ) दिष्ट धारा**

**44. जल में तैरना न्यूटन की किस शक्ति के कारण संभव है?**
(अ) प्रथम नियम
(ब) द्वितीय नियम
(स) तृतीय नियम
(द) ये सभी
**उत्तर- (स) तृतीय नियम**

**45. ऊष्मा का सबसे अच्छा चालक निम्नलिखित में से कौन है?**
(अ) चांदी
(ब) सीसा
(स) लोहा
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- (अ) चांदी**

**46. ठोस से द्रव में पदार्थ की अवस्था परिवर्तन को क्या कहते हैं?**
(अ) वाष्पन (ब) क्वथन
(स) संघनन (द) गलन
**उत्तर- (द) गलन**

**- सुजय जैन**
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

# जगदीशपुर के नाम से जाना जाएगा इस्लामनगर

**भोपाल,** मध्यप्रदेश में 308 वर्ष बाद जगदीशपुर को खोई हुई पहचान मिल रही है। इस्लामनगर अब जगदीशपुर के नाम से जाना जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जगदीशपुर के चमन महल में गौरव दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कही। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 26 करोड़ 71 लाख 86 हजार रुपये के कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने जगदीशपुर नामकरण शिला का अनावरण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक दृष्टि से जगदीशपुर देवड़ा राजपूतों का गढ़ था। दोस्त मोहम्मद खान ने जगदीशपुर पर अधिकार कर इसका नाम इस्लामनगर रख दिया। पर्यटन स्थल जगदीशपुर में गोंड महल, रानी महल एवं चमन महल प्रमुख हैं।

श्री चौहान ने कहा कि हम सबका मन आनंद और प्रसन्नता से भरा हुआ है। अफगानी ने 308 साल पहले अन्याय और बर्बरता की थी। उसने धोखा दिया था। जगदीशपुर राजपूतों ने बसाया था। यहां के शासक नरसिंह देवड़ा थे। जगदीशपुर का किला अपनी वास्तु-कला के लिए जाना जाता है। दोस्त मोहम्मद खान ने राजा नरसिंह देवड़ा को निमंत्रण दिया था और भोजन करते समय हत्या कर दी गई। रानियों ने जल जौहर कर लिया था। आजादी के 75 साल बाद हम फिर से जगदीशपुर नाम कर पाए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि असंभव को संभव करने का कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और वर्तमान सरकार कर रही है। इतिहास की घटनाओं को ध्यान में रखकर नाम बदलने का क्रम चल रहा है। हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर रानी कमलापति किया गया है। ऐसे कई नामों को बदला जाएगा। जगदीशपुर का वैभव पुनः स्थापित किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि गांवों का मास्टर प्लान बनाया जाए। जगदीशपुर ऐसा गांव बने कि लोग देखते रह जायें। उन्होंने कहा कि यहां राजाओं का स्मारक बनाया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि विकास यात्रा से विकास की नई गंगा बह रही है। उन्होंने कहा कि बेटी को वरदान बनाने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई गई। अब तक प्रदेश में 44 लाख लाड़ली लक्ष्मी हो चुकी हैं।

इसी तरह मेधावी विद्यार्थी योजना बनाई गई। अब बहनों को सशक्त बनाने के लिए लाड़ली बहना योजना बनाई गई है। इस योजना में गरीब बहनों के खातों में एक-एक हजार रुपये की राशि हर माह दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की ओर से सम्मान निधि दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक के बाद एक योजना बन रही है। जनता की जिंदगी बदलने की कोशिश है। वृद्धावस्था पेंशन राशि 600 से बढ़ा कर 1000 रुपये कर दी जाएगी। आगामी 5 मार्च से मुख्यमंत्री बहना योजना के गांव-गांव में शिविर लगा कर कार्य कराए जाएंगे। जून माह से पैसा आना शुरु हो जाएगा। जनता की जिंदगी बदलने का अभियान है। उन्होंने कहा कि हम परिवार की भांति ध्यान रखने की कोशिश कर रहे हैं। सबका मंगल और कल्याण हो। सब सुखी हों। मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों में जनता का सहयोग भी मांगा।

## यूजीसी नेट/जेआरएफ एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा वर्ग-1 के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

# राजनीति विज्ञान

### भाग-1
### राजनीतिक सिद्धांत एवं विचार

**1. "राष्ट्र-राज्यों का आविर्भाव आदिवासियों की भूमि एवं सामंती यूरोप की तत्कालीन परिस्थितियों और आवश्यकताओं के चलते हैं।"- यह किसने कहा है?**
अ. डनिंग ने
ब. जेम्स शॉटवेल ने
स. रूसो ने
द. बार्कर ने।

**2. इनमें से गलत जोड़ी को चिन्हित कीजिए -**

| पुस्तक | लेखक |
|---|---|
| अ. द रिपब्लिक | - प्लेटो |
| ब. कन्फेशन्स | - रूसो |
| स. लेवियाथन | - हॉब्स |
| द. फ्रेगमेंट्स ऑन गवर्नमेंट | - मिल |

**3. ग्रीक शब्द 'थ्योरिया' का अर्थ है?**
अ. व्यवस्थित ज्ञान
ब. समझने का नजरिया/दृष्टि
स. तर्कपूर्णता
द. विनयशीलता।

**4. राजा राममोहन राय के घनिष्ट मित्र थे?**
अ. ग्रीन
ब. हीगल
स. मिल
द. बैंथम ।

**5. इनमें से कौन-सा कथन सुमेलित नहीं है?**
अ. "राज्य का आधार इच्छा है, शक्ति नहीं।" - ग्रीन
ब. "बुद्धिपूर्वक चिन्तन करने वाला मनुष्य दुष्ट पशु मात्र है।" - रूसो
स. "भक्ति को ही शक्ति का नियंत्रक होना चाहिए।" - ब्राइस
द. प्रकृति ने मानव को दो सार्वभौम शक्तिसम्पन्न स्वामियों के अन्तर्गत रखा है। - बैंथम

**6. "राज्य तो धरती पर ईश्वर की यात्रा है।" यह किस आदर्शवादी विचारक ने कहा है?**
अ. ग्रीन ने
ब. हीगल ने
स. हेनरीमेन ने
द. महात्मा गांधी ने।

**7. लॉक के अनुसार इनमें से कौन प्राकृतिक अधिकार नहीं है?**
अ. जीवन का अधिकार
ब. सम्पत्ति का अधिकार
स. काम का अधिकार
द. स्वतंत्रता का अधिकार।

**8. नवमानववाद से संबंधित है?**
अ. पं. जवाहरलाल नेहरू
ब. अरविंद घोष
स. महात्मा गांधी
द. एम. एन. राय।

**9. ईस्ट इंडिया कंपनी के किस विभाग में जे.एस. मिल ने कार्य किया था?**
अ. पीडब्लूडी
ब. स्वास्थ्य विभाग
स. पत्र-व्यवहार विभाग
द. खाद्यान्न आपूर्ति विभाग।

**10. प्रथम गोलमेज सम्मेलन का आयोजन लंदन के किस महल/भवन में हुआ था?**
अ. कर्जन हाऊस
ब. नेपोलियन पैलेस
स. विक्टोरिया हाऊस
द. सेंट जेम्स पैलेस में।

### भाग-2
### तुलनात्मक राजनीति

**11. बहुल कार्यपालिका का अस्तित्व है?**
अ. कनाडा में
ब. स्विट्जरलैंड में
स. ब्रिटेन में
द. भारत में।

**12. राजनीतिक आधुनिकीकरण पर बल दिया है?**
अ. डेविड एप्टर ने
ब. डेविड ईस्टन ने
स. राबर्ट डहल ने
द. सिडनी वर्बा ने।

**13. जापान की संसद को कहा जाता है?**
अ. कांग्रेस
ब. डाइट
स. नेसेट
द. पार्लियामेंट।

**14. लूसियन पाई ने राजनीतिक विकास से संबंधित कौन-सा लक्षण नहीं बताया है?**
अ. समानता
ब. स्वतंत्रता
स. क्षमता
द. विभिन्नता।

**15. ज्यां पॉल सार्त्र द्वारा रचित राजनीतिक नाटक है?**
अ. यूनिक डेमोक्रेसी
ब. माई ड्रीम स्टेट
स. बैरियोना
द. गेरी मेंडरिंग।

**16. "पूंजीवाद की समाप्ति के बाद राज्य का विलोप (अंत) हो जायेगा।" ऐसा मानना था?**
अ. लार्ड कर्जन का
ब. जेफरसन का
स. जॉन आस्टिन का
द. कार्ल मार्क्स का ।

**17. अमेरिकी संविधान के किस अनुच्छेद में संविधान संशोधन की प्रक्रिया का उल्लेख है?**
अ. 5
ब. 6
स. 7
द. 11

**18. फेबियनवादी विचारधारा विकसित हुई है?**
अ. अमेरिका में
ब. नीदरलैंड में
स. ब्रिटेन में
द. जर्मनी में।

**19. विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है?**
अ. 20 जनवरी
ब. 20 फरवरी
स. 20 मार्च
द. 20 मई को।

**20. किस देश के अध्ययन के आधार पर लूसियन पाई ने राजनीतिक विकास में संकट की पहचान की है?**
अ. ऑस्ट्रेलिया
ब. कनाडा
स. इंग्लैंड
द. जर्मनी।

### भाग-3
### भारतीय शासन और राजनीति

**21. किस मामले में उच्चतम न्यायालय ने संविधान की प्रस्तावना को संविधान का अंग माना है?**
अ. मिनर्वा मिल वाद
ब. गोलकनाथ प्रकरण
स. केशवानंद भारती वाद
द. मिल्खा सिंह वाद।

**22. इनमें से कौन कैबिनेट मिशन में शामिल नहीं था?**
अ. पैथिक लारेंस
ब. माउंटबेटन
स. अलेक्जेन्डर
द. स्टेफर्ड क्रिप्स।

**23. संविधान सभा में संविधानिक सलाहकार के रूप में नियुक्त हुए थे?**
अ. डॉ. हरीसिंह गौर
ब. नरेन्द्र देव
स. बी.एन. राव
द. डी.पी. खेतान।

**24. संविधान-संशोधन से संबंधित अनुच्छेद हैं?**
अ. अनु. 224
ब. अनु. 268
स. अनु. 324
द. अनु. 368

**25. भारत के किस राज्य में सर्वप्रथम राष्ट्रपति शासन लगाया गया था?**
अ. पंजाब में
ब. जम्मू-कश्मीर में
स. केरल में
द. उत्तर प्रदेश में।

**26. मध्यप्रदेश में पहली साझा सरकार बनी थी?**
अ. 1965 में
ब. 1967 में
स. 1971 में
द. 1992 में।

**27. वित्त विधेयक प्रस्तुत किया जाता है?**
अ. निम्न सदन में
ब. उच्च सदन में
स. किसी भी सदन में
द. संयुक्त रूप से दोनों सदनों में।

**28. हाल ही में दिल्ली में कितने नगर निगमों का एकीकरण किया गया है?**
अ. 2 ब. 3
स. 4 द. 5

**29. क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करता है?**
अ. प्रधानमंत्री
अ. राष्ट्रपति
स. गृह मंत्री
द. रक्षा मंत्री।

### भाग - 4
### लोक प्रशासन

**30. पद सोपान का व्यापक अध्ययन किया है?**
अ. आइजनहावर ने
ब. जे.डी. मूने ने
स. मैक्स बेवर ने
द. विलोबी ने।

**31. मंत्रिपरिषद के प्रधान के रूप में प्रधानमंत्री के कार्य करने का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद में है?**
अ. 74 (1) में
ब. 75 (2) में
स. 76 में
द. 77 (3) में।

**32. पहला मिनोब्रुक सम्मेलन आयोजित हुआ था?**
अ. 1965 में
ब. 1966 में
स. 1968 में
द. 1972 में।

**33. 'प्रशासनिक व्यवहार' के लेखक हैं?**
अ. एल. डी . व्हाइट
ब. गुडनॉव
स. लूथर गुलिक
द. हर्बट साइमन।

**34. भारत में सिविल सर्विस डे मनाया जाता है?**
अ. 14 अप्रैल को
ब. 21 अप्रैल को
स. 23 अप्रैल को
द. 30 अप्रैल को।

**35. लोक प्रशासन एवं निजी प्रशासन में स्पष्टतः अंतर किया है?**
अ. एपलबी ने
ब. उर्विक ने
स. गुलिक ने
द. साइमन।

**36. भारत में सूचना का अधिकार लागू हुआ है?**
अ. 2003 में
ब. 2005 में
स. 2007 में
द. 2009 में।

**37. प्रशासन में नवाचार के लिए 'हार्थोन प्रयोग' किए हैं?**
अ. पिफनर ने
ब. ग्लैडन ने
स. मेयो ने
द. वाल्डो ने।

**38. राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु किस राज्य की राज्यपाल रह चुकीं हैं?**
अ. ओडिशा
ब. बिहार
स. पश्चिम बंगाल
द. झारखंड।

### भाग - 5
### अंतर्राष्ट्रीय संबंध

**39. भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सदस्यता ग्रहण की थी?**
अ. 1945 में
ब. 1946 में
स. 1947 में
द. 1948 में।

**40. किस देश की अध्यक्षता में जून, 2022 में ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों एवं केन्द्रीय बैंक के गवर्नर्स का वर्चुअल सम्मेलन हुआ था?**
अ. पाकिस्तान
ब. चीन
स. ब्राजील
द. इंडिया।

**41. इनमें से गलत जोड़ी को चिन्हित कीजिए?**

| अंतर्राष्ट्रीय घटना | - | घटित वर्ष |
|---|---|---|
| अ. चर्चिल का फुल्टन भाषण | - | 1946 |
| ब. स्वेज नहर का राष्ट्रीयकरण | - | 1956 |
| स. कैम्प डेविड समझौता | - | 1978 |
| द. क्यूबा का मिसाइल संकट | - | 1970 |

**42. निःशस्त्रीकरण से संबंधित 'साल्ट संधि' 1972 में हुई थी?**
अ. भारत-श्रीलंका के मध्य
ब. अमेरिका-सोवियत संघ के मध्य
स. अरब-इज़राइल के मध्य
द. भारत-चीन के मध्य।

**43. "आज के विनाशकारी युग में हमारे सामने दो ही रास्ते बचे हैं- या तो हम अहिंसा को अपना लें, या फिर अपने अस्तित्व को ही मिट जाने दें।" गांधी जी के किस अनुयायी ने यह कहा है?**
अ. अन्ना हजारे
ब. नेल्सन मंडेला
स. जूनियर मार्टिन लूथर किंग
द. स्वामी अग्निवेष।

**44. रजाली इस्माइल की अध्यक्षता वाले कार्यदल ने सुरक्षा परिषद की सदस्यता 15 से बढ़ाकर कितनी करने का सुझाव दिया है?**
अ. 20
ब. 22
स. 24
द. 26

**45. 'स्टेट ऑफ टेरर' के लेखकद्वय हैं?**
अ. हिलेरी क्लिंटन - लुईस पैनी
ब. बिल क्लिंटन - रोनाल्ड रीगन
स. किरण खेर - अमित शाह
द. एस. जयशंकर - राजनाथ सिंह।

**46. राजीव-जयवर्धने समझौता हुआ था?**
अ. 1985 में
ब. 1987 में
स. 1988 में
द. 1989 में।

**47. भारत द्वारा कितने सालों में अरुणाचल प्रदेश में भारत-तिब्बत-चीन-म्यांमार सीमा के निकट नया राजमार्ग बनाया जाएगा?**
अ. 3 साल में
ब. 4 साल में
स. 5 साल में
द. 7 साल में।

### उत्तरमाला

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. ब | 2. द | 3. ब | 4. द |
| 5. स | 6. ब | 7. स | 8. द |
| 9. स | 10. द | 11. ब | 12. अ |
| 13. ब | 14. ब | 15. स | 16. द |
| 17. अ | 18. स | 19. ब | 20. स |
| 21. स | 22. ब | 23. स | 24. द |
| 25. अ | 26. ब | 27. अ | 28. ब |
| 29. स | 30. ब | 31. अ | 32. स |
| 33. द | 34. ब | 35. अ | 36. ब |
| 37. स | 38. द | 39. अ | 40. ब |
| 41. द | 42. ब | 43. स | 44. स |
| 45. अ | 46. ब | 47. स | |

### व्याख्यात्मक हल

2. द. जेरेमी बैंथम ने 'फ्रेगमेंट्स ऑन गवर्नमेंट' लिखी है।
5. स. "भक्ति को ही शक्ति का नियंत्रक होना चाहिए।" यह कथन मान्टेस्क्यू का है।
41. अ. भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के 6 दिन बाद ही 30 अक्टूबर, 1945 में संघ की सदस्यता ग्रहण कर ली थी।
43. द. क्यूबा का मिसाइल संकट 1962 में सामने आया था।

- डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(लेखक, शा. आदर्श महाविद्यालय, उमरिया में राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विषय के सहायक प्राध्यापक हैं।)

## राज्य रूपंकर कला पुरस्कार घोषित

**भोपाल,** संस्कृति विभाग की उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए प्रदेश में ललित कलाओं के क्षेत्र में राज्य रूपंकर कला पुरस्कार घोषित कर दिये हैं। राज्य रूपंकर कला पुरस्कार में 10 राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। खजुराहो नृत्य समारोह के शुभारंभ अवसर पर 20 फरवरी 2023 को खजुराहो में पुरस्कार के लिये घोषित कलाकारों को 51 हजार रुपये की सम्मान राशि और प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही पुरस्कृत और चयनित कलाकृतियों की प्रदर्शनी 20 से 26 फरवरी 2023 तक खजुराहो नृत्य समारोह स्थल में लगेगी।

**राज्य रूपंकर कला पुरस्कार :** राज्य रूपंकर कला पुरस्कारों में वर्ष 2022-23 के लिए देवकृष्ण जटाशंकर जोशी पुरस्कार जबलपुर के श्री अमित कुमार सिन्हा को कलाकृति द शाइनिंग मेकर के लिए, मुकुंद सखाराम भांड पुरस्कार भोपाल की सुश्री समीक्षा राठौर को शीर्षक वीहिन के लिए, सैयद हैदर रजा पुरस्कार भोपाल के श्री पॉपिल मन्ना को डेथ्य ऑफ फेयरनेसन के लिए, दत्तात्रेय दामोदर देवलालीकर पुरस्कार धार के श्री प्रेम कुमार सिंह को अनटाईटल-1 के लिए, जगदीश स्वामीनाथन पुरस्कार भोपाल के श्री मान सिंह व्याम को जिंदगी एक सफर के लिए, विष्णु चिंचालकर पुरस्कार इंदौर के श्री उपेन्द्र उपाध्याय को सेमल की बहार के लिए, नारायण श्रीधर बेंद्रे पुरस्कार ग्वालियर के श्री ओमप्रकाश माहौर को रंगों का बचपन के लिए, रघुनाथ कृष्णराव फड़के पुरस्कार भोपाल के श्री गिरीश उरकुड़े को अनटाईटल-2 के लिए, राममनोहर सिन्हा पुरस्कार भोपाल की सुश्री शिवानी दुबे को हिस्टोरिसिटी-6 के लिए और लक्ष्मीशंकर राजपूत पुरस्कार जबलपुर की सुश्री अंजलि राउत को प्रिंटेड क्वीन-1 के लिए प्रदान किया जाएगा।

# प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

## हिन्दी

**नोट : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - संसार में सबसे मूल्यवान वस्तु समय है, क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है पर समय को एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता। विद्यार्थी के लिए तो समय का और अधिक महत्व है। विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना। समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं, वे जीवनभर पछताते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते। मनुष्य का कर्तव्य है कि क्षण जो बीत गए हैं, उनकी चिंता करने की बजाय जो अब हमारे सामने है, उसका सदुपयोग करें।**

**प्र. 1 समय को अमूल्य वस्तु क्यों कहा गया है?**
अ. इसका एक क्षण भी घटाया-बढ़ाया नहीं जा सकता।
ब. समय व्यक्ति के बस में नहीं है।
स. समय ही व्यक्ति के जीवन को बदल सकता है।
द. मनुष्य उस समय की गति को रोक नहीं सकता है।
**उत्तर- अ. इसका एक क्षण भी घटाया-बढ़ाया नहीं जा सकता।**

**प्र. 2 विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है?**
अ. जीवन को सुखी बनाना
ब. गुरुओं का आदेश मानना
स. व्यक्ति के जीवन में समय का महत्व है
द. शिक्षा प्राप्त करना
**उत्तर- द. शिक्षा प्राप्त करना**

**प्र. 3 विद्यार्थी जीवनभर क्यों पछताते रहते हैं?**
अ. क्योंकि वे आलसी होते हैं।
ब. अपना कीमती समय मौज-मस्ती और आलस्य में खो देते हैं।
स. ज्ञान प्राप्त नहीं करते।
द. विद्यार्थी माता-पिता और गुरुओं की आज्ञा का पालन नहीं करते।
**उत्तर- ब. अपना कीमती समय मौज-मस्ती और आलस्य में खो देते हैं।**

**प्र. 4 समय के संबंध में व्यक्ति का क्या कर्तव्य बताया गया है?**
अ. परिश्रम करे
ब. मन लगाकर पढ़ाई करे
स. बीते समय के बारे में पश्चाताप न करके वर्तमान समय का सदुपयोग करे।
द. असफल होने पर निराश न हो पुनः प्रयास करे।
**उत्तर- स. बीते समय के बारे में पश्चाताप न करके वर्तमान समय का सदुपयोग करे।**

**प्र. 5 उपर्युक्त गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक सुझाइए**
अ. समय का सदुपयोग
ब. समय और मनुष्य
स. विद्यार्थी और समय
द. अमूल्य समय
**उत्तर- अ. समय का सदुपयोग**

**नोट : दिए गए काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

**बात सभी ने यह है मानी**
**हवा सुबह की बड़ी सुहानी**
**सदा ताजगी देती है यह**
**आलस को हर लेती है यह**
**यह रोगी न होने देती**
**तनिक न सेहत खोने देती**
**सुबह सैर पर जाकर देखो**
**हवा निराली पाकर देखो**
**अगर सैर-पर नित जाओगे**
**अच्छी सेहत तुम पाओगे।**

**प्र. 6 इस कविता में किसका गुणगान किया गया है?**
अ. सुबह की ताजगी भरी हवा का
ब. सुबह-सुबह योगाभ्यास करने का
स. सुबह-सवेरे कसरत करने का
द. इन सभी का
**उत्तर- अ. सुबह की ताजगी भरी हवा का**

**प्र. 7 सुबह की हवा के बारे में क्या बताया गया है?**
अ. सुबह की हवा ताजगी देती है
ब. यह स्वस्थ रखती है
स. यह अच्छी सेहत देती है
द. उपर्युक्त सभी
**उत्तर- द. उपर्युक्त सभी**

**प्र. 8 सुबह सैर पर जाने से क्या लाभ मिलेगा?**
अ. व्यक्ति धनवान बनेगा
ब. अच्छा स्वास्थ
स. अच्छे दोस्त बनेंगे
द. इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- ब. अच्छा स्वास्थ**

**प्र. 9 इस कविता का सबसे उपर्युक्त शीर्षक होगा?**
अ. सुबह की हवा
ब. सुबह की सैर
स. अच्छी सेहत एक वरदान
द. आलस्य दूर भगाने का मंत्र
**उत्तर- ब. सुबह की सैर**

**प्र.10 'गुंजित' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?**
अ. गुंज ब. जित
स. त द. इत
**उत्तर- द. इत**

**प्र. 11 'संकुचित' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?**
अ. चित ब. इत
स. त द. कुंचित
**उत्तर- ब. इत**

**प्र. 12 'भावनात्मक' शब्द कैसे बना है?**
अ. भाव+नात्मक
ब. भावना+त्मक
स. भावना+आत्मक
द. भावना+त्म+क
**उत्तर- स. भावना+आत्मक**

**प्र. 13 'उज्ज्वल' शब्द का संधि विच्छेद होगा?**
अ. उज्ज+वल ब. उत्+ज्वल
स. उज्+ज्वल द. उत्+जल
**उत्तर- ब. उत्+ज्वल**

**प्र. 14 'उल्लेखनीय' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?**
अ. लेख ब. नीय
स. अनीय द. य
**उत्तर- स. अनीय**

**प्र. 15 'वृक्षारोपण' शब्द का संधि विच्छेद होगा?**
अ. वृक्ष+आरोपण
ब. वृक्षा+रोपण
स. वृक्ष+रोपण
द. वृक्षारोप+ण
**उत्तर- अ. वृक्ष+आरोपण**

**प्र. 16 'माधुर्य' शब्द व्याकरण में क्या है?**
अ. भाव वाचक संज्ञा
ब. विशेषण
स. क्रिया-विशेषण
द. सर्वनाम
**उत्तर- अ. भाव वाचक संज्ञा**

**प्र. 17 'कल्पित' में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?**
अ. पित ब. इत
स. त द. कल्प
**उत्तर- ब. इत**

**प्र. 18 'सुखेच्छु' शब्द का संधि विच्छेद है?**
अ. सुख+इच्छु
ब. सु+खेच्छेद
स. खुख+च्छु
द. खुख+इच्छा
**उत्तर- अ. सुख+इच्छु**

**प्र. 19 'पर्यावरण' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?**
अ. पर ब. पर्या
स. परि द. वरण
**उत्तर- स.परि**

**प्र. 20 'भाग्योदय' का संधि विच्छेद होगा?**
अ. भाग+योदय ब. भाग्य+योदय
स. भाग्य+उदय द. भाग्यो+दय
**उत्तर- स. भाग्य+उदय**

**प्र. 21 'जिज्ञासु' शब्द का अर्थ है?**
अ. जो ज्ञानी हो
ब. जो जानने की इच्छा रखता हो
स. जो ज्ञान की बाते करता हो
द. वेद-शास्त्र को पढ़ने वाला
**उत्तर- ब. जो जानने की इच्छा रखता हो**

**प्र. 22 'स्वावलंबी' शब्द किस प्रकार बना है?**
अ. स्व+अवलंबी
ब. स्व+अवलंब+ई
स. स्वाव+लंबी
द. स्वा+वलंबी
**उत्तर- अ. स्व+अवलंबी**

**प्र. 23 'अग्रसर' शब्द का क्या अर्थ है?**
अ. आगे की ओर बढ़ना
ब. पीछे हटना
स. अच्छा होना
द. बढ़ते जाना
**उत्तर- अ. आगे की ओर बढ़ना**

**प्र. 24 कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है?**
अ. संपन्नता ब. जीवंतता
स. समृद्धि द. साहित्य
**उत्तर- द. साहित्य**

**प्र. 25 कौन सा शब्द 'प्रसून' का पर्यायवाची नहीं है?**
अ. कुसुम ब. सुमन
स. पुष्प द. पादप
**उत्तर- द. पादप**

**प्र. 26 'अंबुधि' शब्द का समानार्थी शब्द है?**
अ. सरिता ब. तड़ाग
स. सागर द. जलद
**उत्तर- स. सागर**

**प्र. 27 'रत्नाकार' का सही संधि विच्छेद है?**
अ. रत्ना+कर ब. रत्न+आकर
स. र+आकार द. रत्न+कर
**उत्तर- ब. रत्न+आकर**

**प्र. 28 'नीलांबर' में किस समास का प्रयोग है?**
अ. बहुब्रीहि समास
ब. कर्मधारय समास
स. तत्पुरूष समास
द. अव्ययी भाव समास
**उत्तर- ब. कर्मधारय समास**

**प्र. 29 'रसोई घर' समस्त पद का सही विग्रह होगा?**
अ. घर है रसोई के लिए जो
ब. रसोई का घर
स. रसोई के लिए घर
द. रसोई है जो घर
**उत्तर- स. रसोई के लिए घर**

**प्र. 30 द्वंद्व समास का उदाहरण कौन सा समास पद है?**
अ. दाल-रोटी ब. चतुर्भुज
स. नीलगाय द. रातभर
**उत्तर- अ. दाल-रोटी**

**प्र. 31 'जो ऋण से मुक्त हो' विग्रह का कौनसा समस्त पद है?**
अ. ऋणी ब. ऋण मुक्त
स. मुक्त ऋण द. कोई नहीं
**उत्तर- ब. ऋण मुक्त**

**प्र. 32 'आजीवन' शब्द में कौनसा समास है?**
अ. तत्पुरुष ब. अव्ययीभाव
स. द्विगु द. द्वंद्व समास
**उत्तर- ब. अव्ययीभाव**

**प्र. 33 तीन हैं रंग जिसमें (भारत का राष्ट्रीय ध्वज) समस्त पद का समास है?**
अ. बहुब्रीहि समास
ब. कर्मधारय
स. अव्ययी भाव
द. द्वंद्व समास
**उत्तर- अ. बहुब्रीहि समास**

**प्र. 34 'पुरुषोत्तम' समास का विग्रह होगा?**
अ. पुरुष उत्तम
ब. पुरुषो में उत्तम है जो
स. मर्यादा पुरुष
द. उत्तम पुरुष
**उत्तर- ब. पुरुषो में उत्तम है जो**

**प्र. 35 'पथ भ्रष्ट' शब्द में कौन सा समास है?**
अ. द्वंद्व समास
ब. द्विगु समास
स. तत्पुरुष समास
द. अव्ययी भाव समास
**उत्तर- स. तत्पुरुष समास**

**प्र. 36 निम्नलिखित युग्मों में से कौन से युग्म में सभी शब्द व्यक्ति वाचक संज्ञाएं नहीं हैं?**
अ. दिल्ली, भोपाल
ब. हिमालय, कंचनजंघा
स. नर्मदा, कावेरी
द. पुस्तक, रामचरितमानस
**उत्तर- द. पुस्तक, रामचरितमानस**

**प्र. 37 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द जाति वाचक संज्ञा नहीं है?**
अ. महल ब. लखनऊ
स. पर्वत द. पुस्तक
**उत्तर- ब. लखनऊ**

**प्र. 38 मंच पर कवि और......... उपस्थित थे। रेखांकित शब्द के स्त्रीलिंग रूप से रिक्त स्थान भरो?**
अ. कवित्री ब. कवयित्री
स. कविता द. कविनी
**उत्तर- ब. कवयित्री**

**प्र. 39 निम्नलिखित में से किस वर्ग की सभी संज्ञाएं व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं हैं?**
अ. गोदावरी, गंगा
ब. राम, सीता
स. महाभारत, लाल किला
द. पुस्तक, दवात
**उत्तर- द. पुस्तक, दवात**

**प्र. 40 वह पुस्तक पढ़ रहा है। रेखांकित सर्वनाम का भेद है?**
अ. निश्चयवाचक सर्वनाम
ब. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
स. पुरुष वाचक सर्वनाम
द. प्रश्नवाचक सर्वनाम
**उत्तर- स. पुरुष वाचक सर्वनाम**

**प्र. 41 यह मेरा घर है। रेखांकित सर्वनाम का भेद है?**
अ. निश्चवाचक सर्वनाम
ब. पुरुष वाचक सर्वनाम
स. प्रश्नवाचक सर्वनाम
द. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
**उत्तर- अ. निश्चवाचक सर्वनाम**

**प्र. 42 बाहर कौन खड़ा है?**
अ. संबंध वाचक सर्वनाम
ब. प्रश्नवाचक सर्वनाम
स. अनिश्चय वाचक सर्वनाम
द. निश्चयवाचक सर्वनाम
**उत्तर- ब. प्रश्नवाचक सर्वनाम**

**प्र. 43 मैं कल मुंबई जाऊंगा। इस वाक्य में कौन सा शब्द सर्वनाम है?**
अ. जाऊंगा ब. मुंबई
स. कल स. मैं
**उत्तर- स. मैं**

**प्र. 44 बाहर कोई चिल्ला रहा है। इस वाक्य में सर्वनाम पद चुनकर लिखिए?**
अ. बाहर ब. कोई
स. चिल्ला द. रहा
**उत्तर- ब. कोई**

**प्र. 45 आप बाहर चले जाएं। रेखांकित सर्वनाम का भेद है?**
अ. पुरुष वाचक सर्वनाम
ब. मध्यम पुरुष वाचक सर्वनाम
स. निश्चय वाचक सर्वनाम
द. संबंध वाचक सर्वनाम
**उत्तर- ब. मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम**

**प्र. 46 यह काम मैं स्वयं कर लूंगा। रेखांकित सर्वनाम का भेद बताइए?**
अ. निज वाचक सर्वनाम
ब. पुरुष वाचक सर्वनाम
द. निश्चय वाचक सर्वनाम
स. अनिश्चय वाचक सर्वनाम
**उत्तर- अ. निज वाचक सर्वनाम**

**प्र. 47 लंबी मेज उठा लाओ। रेखांकित विशेषण का भेद है?**
अ. गुण वाचक विशेषण
ब. स्थान वाचक
स. काल वाचक
द. परिणाम वाचक
**उत्तर- अ. गुण वाचक विशेषण**

**प्र. 48 यह पानी ठंडा है। इस वाक्य में रेखांकित पद क्या है?**
अ. विशेषण ब. विशेष्य
स. सर्वनाम द. क्रिया
**उत्तर- ब. विशेष्य**

**प्र. 49 'ईमानदारी' से विशेषण बनेगा?**
अ. ईमान ब. ईमानदार
स. ईमानी द. ईमानवाला
**उत्तर- ब. ईमानदार**

**प्र. 50 ठंडा पानी गला खराब करता है। रेखांकित विशेषण का भेद है?**
अ. गुण वाचक
ब. परिमाण वाचक
स. संख्या वाचक
द. सर्वनामिक
**उत्तर- अ. गुण वाचक**

**- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय**
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं।)

भारत कपास का सबसे बड़ा उत्पादक देश

# सरकार के सराहनीय प्रयासों से बढ़ रहा कपास उत्पादन

भारत में खेती अब एक उद्योग की तरह तेजी से फल-फूल रही है। यह करोड़ों लोगों का पेट भी पाल रहा है। दरअसल, बड़े-बड़े उद्योग आज खेती पर ही निर्भर हैं। इन्हीं में से एक है भारत में कपास की खेती। भारत ने कपास कात-कातकर ही आजादी हासिल की थी, आज भी हम प्रतिबद्ध हैं कि कपास कातकर हम सबके भविष्य को समृद्ध करेंगे। केंद्र सरकार इस बात को समझते हुए कपास की खेती पर अधिक जोर दे रही है। केंद्र सरकार द्वारा भगीरथ प्रयासों से कपास के उत्पादन को और अधिक बढ़ाने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इससे किसानों को अच्छी कमाई के अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है, इसकी दो-तिहाई जनसंख्या खेती कार्यो में संलग्न है। यहां खेती एक प्राथमिक क्रिया है जो हमारे लिए अधिकांश खाद्यान्न उत्पन्न करती है। खाद्यान्नों के अतिरिक्त यह विभिन्न उद्योगों के लिए कच्चा माल भी पैदा करती है। बीते कुछ साल से भारत ने जैविक कपास उत्पादन में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जैविक कपास का उत्पादन बीते वर्ष अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। आइए विस्तार से जानते हैं कि आखिर कैसे सरकार के सराहनीय प्रयासों से यह संभव हुआ।

### कपास की गुणवत्ता और पैदावार बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने किए कई उपाय

देश में कपास की गुणवत्ता और पैदावार बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने कई उपाय किए हैं। कपास की उत्पादकता बढ़ाने के लिये भारत उचित पहल करने पर काम कर रहा है, जैसे सघन खेती प्रणाली (एचडीपीएस), पानी की बूंद-बूंद से सिंचाई (ड्रिप इरीगेशन), वर्षा जल संचयन, फसलों के बीच फसलों की पैदावार, खेती के बेहतरीन तौर-तरीकों को प्रोत्साहन और कपास की खेती का मशीनीकरण। इसके अलावा किसानों को प्राकृतिक तौर-तरीकों के कारगर इस्तेमाल और आधुनिक वैज्ञानिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। दूसरे देशों से साफ-सुथरा कपास मंगाने के बजाय घरेलू कपास उद्योग को कपास अनुसंधान संस्थानों और किसानों के साथ मिलकर कपास की पैदावार के लिए ज्यादा कारगर तरीकों की रणनीति तैयार करने के लिए भी प्रोत्साहन मिल रहा है।

### डिजिटल ट्रेनिंग

सरकार ने किसानों को कपास की खेती के लिए डिजिटल ट्रेनिंग दिलाने की व्यवस्था की है। इससे कपास के उत्पादन के लिए किसानों को नए-नए तरीके पता चल रहे हैं। वहीं डिजिटल एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर को भी बढ़ावा मिल रहा है। इससे किसान को सरकार की सारी योजनाओं की जानकारियां अपने मोबाइल पर ही मिल जाती है और किसान को बिचौलिए ठग नहीं पाते।

### PPP मॉडल पर जोर

बजट 2023-24 में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल पर कपास की खेती को बढ़ावा दिए जाने की बात कही गई है। इस दिशा में किसानों के लिए सहकार से समृद्धि प्रोग्राम चलाया जाएगा। इसके जरिए 63 हजार एग्री सोसाइटी को कंप्यूटराइज्ड किया जाएगा। यानी किसानों के लिए किसान डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म तैयार कर किसानों की जरूरत से जुड़ी सारी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। कॉटन को PPP योजना के तहत प्रमोशन देने से भारत की आर्थिक शक्ति मजबूत होगी। अब भारत भी PPP योजना के तहत कॉटन को प्रमोशन देकर आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त होगा। उल्लेखनीय है कि देश में इस बदलती तस्वीर को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि पूरी कपास उपादेयता श्रृंखला यानि खेत से मिल तक की सभी गतिविधियों के सामूहिक प्रयासों से आने वाले वर्षों में भारत न सिर्फ कपास सम्बंधी हर क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर' बन जाएगा, बल्कि दुनिया में बेहतर किस्म के कपास की आपूर्ति करने वाला अकेला देश हो जाएगा।

### भारत में कपास की खेती

दुनिया में सबसे ज्यादा रकबे पर कपास की खेती भारत में की जाती है। यहां लगभग 133.41 लाख हेक्टेयर में कपास उगायी जाती है, यानि विश्वभर के 319.81 लाख हेक्टेयर रकबे से 42% अधिक रकबे पर कपास की पैदावार होती है। भारत में लगभग 67% कपास की पैदावार बारिश पर निर्भर क्षेत्रों में और 33% कपास की पैदावार सिंचित क्षेत्रों में होती है। भारत में लगभग 5 करोड़ लोग कपास प्रसंस्करण और व्यापार जैसी संबंधित गतिविधियों में लगे हुये हैं। भारत में केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान (ICAR- भा.कृ.अ. परिषद) नागपुर में स्थित है।

### विश्व में भारत कपास का बड़ा उत्पादक देश

विश्व में भारत कपास का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। भारत में तकरीबन 360 लाख गांठ यानि 6.12 मिलियन मीट्रिक टन कपास पैदा होती है, जो पूरी दुनिया में पैदा होने वाले कपास का करीब 25% है। भारत, विश्व में कपास का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश भी है। यहां एक अनुमान के अनुसार 303 लाख गांठों की खपत हो जाती है।

### किन-किन देशों में होता है भारत के कपास का निर्यात

भारत से कपास का निर्यात बांग्लादेश, चीन, वियतनाम, पाकिस्तान, इंडोनेशिया, श्रीलंका सहित अन्य देशों को किया गया है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा कपास उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है।

### कम जमीन में हो सकती है कपास की खेती

लघु किसान भी कपास की खेती कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। दरअसल, भारत के जैविक कपास की डिमांड आज देश-दुनिया में बढ़ गई है और भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जो इस मांग की पूर्ति कर सकता है। भारत को कपास के फूल का मूल स्थान माना जाता है और सूती कपड़ा उद्योग में कपास एक मुख्य कच्चा माल है। ऐसे में लघु किसान इस खेती को अपनाकर अपनी कमाई में भी इजाफा कर रहे हैं। कपास के लिए अच्छी जल-धारण और जल निकास क्षमता वाली भूमि होनी चाहिए। जिन क्षेत्रों में वर्षा कम होती है, वहां इसकी खेती अधिक जल-धारण क्षमता वाली मटियार भूमि में की जाती है। जहां सिंचाई की सुविधाएं उपलब्ध हों, वहां बलुई और दोमट मिट्टी में इसकी खेती की जा सकती है। यह हल्की अम्लीय एवं क्षारीय भूमि में उगाई जा सकती है। इसके लिए उपयुक्त पीएच मान 5.5 से 6.0 है। हालांकि इसकी खेती 8.5 पी एच मान तक वाली भूमि में भी की जा सकती है। जलवायु के हिसाब से कपास ऊष्णकटिबंधीय और ऊपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की फसल है और 21 डिग्री सेल्सियस और 35 डिग्री सेल्सियस के बीच समान रूप से उच्च तापमान की आवश्यकता होती है। इसके अलावा उन्नत संकर एवं अन्य किस्मों में यहां विशेष रूप से जेकेएच-1, जेकेएच-2, जेकेएच-3, डीसीएच-32, जेके-35 प्रमुखता से कपास की खेती की जाती है। इसके अलावा भी कुछ अन्य किस्में हैं, किंतु उनका रकबा प्रति हेक्टेयर में इन किस्मों की तुलना में बहुत कम ही रहता है।

### मध्यप्रदेश में कपास की खेती

मध्यप्रदेश के निमाड़ और मालवा के जिलों में खंडवा, बुरहानपुर, खरगौन, बड़वानी, रतलाम, धार, अलीराजपुर, झाबुआ और छिंदवाड़ा में मुख्य रूप में कपास का उत्पादन होता है। एक आंकड़े के अनुसार पूरे प्रदेश में छह से सात लाख हेक्टेयर में कपास लगायी जाती है, यह निमाड़ में सबसे ज्यादा लगायी जाती है। खरगौन जिला प्रमुख कपास उत्पादक जिलों में से एक है। यह जिले की प्राथमिक नकदी फसल है। यही कारण है कि कई सूती उद्योग यहां स्थापित किए गए हैं और कई वर्षों से सफलतापूर्वक ये काम कर रहे हैं।

### 2025-26 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के कपास निर्यात का लक्ष्य

कपास उत्पादन के क्षेत्र में सरकार के तेज होते प्रयासों और उनके परिणामों से साफ है कि अब वो दिन दूर नहीं होगा जब भारत 100 अरब अमेरिकी डॉलर के कपास निर्यात को लक्ष्य को प्राप्त करेगा।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

---

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

# तालाब, पान की खेती और जैन तीर्थ स्थल हैं टीकमगढ़ जिले की पहचान

टीकमगढ़, मध्यप्रदेश के सागर संभाग का एक जिला है। यह पूर्व और दक्षिण-पूर्व में मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले, उत्तर में निवाड़ी और पश्चिम में उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले से घिरा हुआ है। इसका गठन 1 नवंबर, 1956 को किया गया था।

मध्यप्रदेश के उत्तरी भाग में स्थित टीकमगढ़ जिला बुंदेलखंड क्षेत्र का एक हिस्सा है। यह जामनी, बेतवा और धसान की एक सहायक नदी के बीच बुंदेलखंड पठार पर है।

बुंदेलों की शौर्य भूमि कहलाने वाले टीकमगढ़ का प्राचीन नाम टेहरी (Tehri) था, जिसका अर्थ 'त्रिकोण' है, क्योंकि इसका मूल रूप तीन पृथक बस्तियों का था।

टीकमगढ़ को तालाब का जिला भी कहा जाता है। जिले में चंदेल शासकों ने वैज्ञानिक तरीकों से कई तालाबों का निर्माण करवाया था, जिससे अंदर ही अंदर एक तालाब का पानी दूसरे तालाब में चला जाता है। जिले में मदन सागर, महेन्द्र सागर ,ग्वाल सागर तालाब सहित चंदेल शासकों द्वारा निर्मित अनेक तालाब आज भी जल को संचित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

यह जिला पान की खेती और जैन तीर्थ स्थलों के लिए भी प्रसिद्ध है ।

### इतिहास

टीकमगढ़ जिला मौर्यो, शुगों और गुप्तों द्वारा क्रमिक रूप से शासित विशाल साम्राज्यों का हिस्सा था। मन्नुका ने इस क्षेत्र में चंदेला के रूप में एक नए राजवंश की स्थापना की। उस समय टीकमगढ़ इस वंश के अंतर्गत आता था। फिर क्रमिक रूप से इस पर खानग्रास और फिर बुंदेलों का शासन था।

इतिहास में टीकमगढ़ ओरछा रियासत का भाग था। सन् 1783 में ओरछा के शासक विक्रमजीत सिंह बुंदेला (1776-1817 ई.) ने ओरछा से अपनी राजधानी टेहरी जिला टीकमगढ़ में स्थानांतरित कर दी थी। टीकमगढ़ नाम, टीकम (श्री कृष्ण का एक नाम) से पड़ा। ओरछा राज्य रुद्र प्रताप सिंह बुंदेला द्वारा 1501 में स्थापित किया गया था।

बाद में देश की आजादी के बाद रियासतों का विलय हुआ और यह 1948 में विंध्य प्रदेश के आठ जिलों में से एक बन गया। 01 नवम्बर को राज्यों के पुनर्गठन के बाद, 1956 में यह नए मध्यप्रदेश राज्य का एक जिला बन गया।

### अर्थव्यवस्था

टीकमगढ़ जिले में जलोढ़ मिट्टी पाई जाती है जो कि सर्वाधिक उपजाऊ मानी जाती है। अधिकांश लोग खेती पर निर्भर हैं। इस जिले की मुख्य फसल जौ, गेहूं, धान, उड़द, सोयाबीन हैं। चना ,मूंग, मसूर और तुअर दाल का उत्पादन भी जिले में होता है। जिले में पान की खेती भी होती है। यहां के पान की डिमांड प्रदेश के अलावा देश-विदेश में भी है। टीकमगढ़ में अधिकांशत: लघु और कुटीर उद्योग ही हैं। इनमें लकड़ी की इकाइयां, हथकरघा , मिट्टी के बर्तन, ईंट बनाना, बर्तन बनाना, चाँदी और लाख के आभूषण बनाना आदि शामिल हैं, जो कि परंपरागत रूप से पीढ़ी दर पीढ़ी किया जाता है।

टीकमगढ़, पाईरोफ्लाइट के निर्माण में एक प्रमुख अग्रणी जिला है। यहां कई पाईरोफ्लाइट खनन स्थल हैं, जहां उच्च गुणवत्ता वाला पाईरोफ्लाइट खनन होता है। टीकमगढ़ से यह खनिज पूरे भारत में निर्यात होता है। टीकमगढ़ जिला अपने पीतल उद्योग के लिए देश भर में जाना जाता है।

### जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 1 नवंबर, 1956
2. संभाग- सागर
3. जिला मुख्यालय- टीकमगढ़
4. क्षेत्रफल- 3878 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 10,40,359
6. लिंग अनुपात- 901
7. जनघनत्व- 290 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता- 62.57%
9. तहसीलें- 7 (टीकमगढ़, मोहनगढ़, बल्देवगढ़, जतारा, पलेरा, लिधौरा, खरगापुर)
10. विकासखंड- 6
11. ग्राम पंचायत- 323
12. ग्राम- 682
13. नगर परिषद- 8
14. जनपद पंचायत- 4
15. नगर पालिका- 1
16. विधानसभा क्षेत्र- 5 (टीकमगढ़, जतारा, निवाड़ी, खरगापुर, पृथ्वीपुर )
17. लोकसभा क्षेत्र- 01 (टीकमगढ़)
18. भाषा एवं बोली- हिन्दी, बुंदेली

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

### अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- टीकमगढ़ जिले की बल्देवगढ़ तहसील में स्थित खूबसूरत तालाब ग्वाल-सागर के ऊपर खड़ा विशाल चट्टानी किला बहुत ही मनभावन दृश्य प्रस्तुत करता है। यह किला वास्तुकला का सुंदर नमूना है और इस क्षेत्र की दर्शनीय इमारतों में से एक है। इस किले में आज भी एक बड़ी पुरानी तोप रखी हुई है। बल्देवगढ़ के किले का निर्माण 18वीं सदी में राजा विक्रमजीत ने करवाया था। यह क्षेत्र पान की खेती के लिए भी जाना जाता है। साथ ही इस नगर में 'विंध्य वासिनी देवी' का प्रसिद्ध मंदिर भी है।
- टीकमगढ़ शहर से करीब 5 किलोमीटर की दूरी पर जामदार नदी के किनारे स्थित कुंडेश्वर गाँव कुंडदेव महादेव मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। ऐसा माना जाता है कि यहां का शिवलिंग कुंड से निकला है। इसके दक्षिण में सुंदर पिकनिक स्थल है, जिसे 'बैरीघर' के नाम से जाना जाता है। यहां 'उषा वाटर फॉल', विनोबा संस्थान और पुरातत्व संग्रहालय भी है। कुंडेश्वर में सालाना तीन बड़े मेले लगते हैं।
- टीकमगढ़ शहर से लगभग 5 किलोमीटर दूर प्राचीन पुराना गाँव पपोरा जी है। यह प्रसिद्ध जैन तीर्थस्थल है। यहां बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालु आते हैं। गांव में लगभग 80 प्राचीन जैन मंदिर हैं। साथ ही बल्देवगढ़ तहसील में अहार जी गांव में अनेक प्राचीन मंदिर हैं। जिसमें से शांतिनाथ मंदिर प्रमुख है। कई खंडहर, पुरानी छवियां और मंदिर भी यहां स्थित हैं।
- टीकमगढ़ जिले की जतारा तहसील में मदन सागर झील स्थित है। यहां के बांधों का निर्माण चंदेल सरदार मदन वर्मन ने कराया था। जिले में स्थित मड़खेरा का महत्व इसके प्रसिद्ध सूर्य मंदिर में निहित है। पहाड़ी की चोटी पर विंध्य वासनी देवी का मंदिर और तालाब भी है।
- टीकमगढ़ जिले के वकपुरा गांव में पहाड़ियों के बीच सरस्वती देवी का मंदिर है, जिसे बगाज माता मंदिर के नाम से जाना जाता है। यह करीब 1100 वर्ष प्राचीन है। जिले में स्थित उमरी का मंदिर 9वीं शताब्दी में प्रतिहार काल से संबंधित है। यह एक पूर्व मुख वाला मंदिर है।
- श्री हनुमान चालीसा मंदिर, बड़ागांव का जैन मंदिर, बंधा जी जैन मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर और धसान नदी, हरिदास मंदिर, भगवान राम का मंदिर, प्रतापेश्वर महादेव मंदिर, धनुषधारी मंदिर, श्री जानकी रमण मंदिर, अछरू माता का मंदिर ,महेंद्र तालाब टीकमगढ़ आदि जिले में स्थित अन्य प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)

# खेल चर्चा

### भारत ने महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप में पाकिस्तान को हराया

**केपटाउन,** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका में आयोजित आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप में जीत के साथ शुरुआत की है। टूर्नामेंट में भारत ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट खोकर 149 रन बनाये। पाकिस्तान के लिए कप्तान बिस्माह मारूफ ने सबसे ज्यादा 68 रन बनाये वहीं आयेशा नसीम ने 43 रन बनाये। 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को सलामी बल्लेबाज यास्तिका भाटिया (17) और शेफाली वर्मा (33) ने मजबूत शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 38 रन जोड़े। यास्तिका के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी जेमिमा रोड्रिगेज टीम को जीत दिलाकर ही लौटी। जेमिमा ने नाबाद 53 रन बनाये और ऋचा घोष (31) के साथ चौथे विकेट के लिए 58 रनों की साझेदारी कर भारत को जीत दिलाई। भारत ने 19 ओवरों में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### सनराइजर्स ईस्टर्न कैप ने जीती एसए टी-20 लीग

**जोहानसबर्ग,** सनराइजर्स ईस्टर्न ने दक्षिण अफ्रीका का आईपीएल कही जाने वाली प्रतियोगिता एसए टी-20 लीग के पहले संस्करण का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में सनराइजर्स ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को 4 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मैच में सनराइजर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जिसे उसके गेंदबाजों ने सही साबित करते हुए प्रिटोरिया के बल्लेबाजों को खुलकर रन बनाने नहीं दिए और प्रिटोरिया की पारी 135 रन पर समेट दी। इसके बाद सलामी बल्लेबाज एडम रोसिंग्टन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंदों में 57 रनों की पारी खेलकर जीत की नींव रखी। इसके बाद एडेन मार्करम (26) और जॉर्डन हेरमेन (22) ने उपयोगी पारियां खेल टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। सनराइजर्स ने 16.2 ओवरों में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल सात जून से होगा

**दुबई,** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल की तारीख घोषित कर दी है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला 7 से 11 जून के बीच इंग्लैंड के द ओवल मैदान पर खेला जायेगा। फाइनल मैच के लिए 12 जून को रिजर्व डे रखा गया है। आईसीसी ने बताया कि द ओवल 100 से अधिक टेस्ट मैचों की मेजबानी कर चुका है। हालांकि अभी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की फाइनलिस्ट टीमें तय नहीं हुई है। पाइंट टेबल में ऑस्ट्रेलिया शीर्ष और भारत दूसरे स्थान पर काबिज है। इन दोनों टीमों का फाइनल मुकाबले में खेलना तय माना जा रहा है। वहीं श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका भी फाइनल की रेस में बरकरार है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का पहला संस्करण न्यूजीलैंड ने जीता है। न्यूजीलैंड ने वर्ष 2021 में खेले गए चैम्पियनशिप के फाइनल में भारत को हराकर खिताब जीता था।

# खिलाड़ियों की मंजिल होगी अब एशियाड और ओलिंपिक - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 के समापन समारोह को संबोधित कर कहा है कि मध्यप्रदेश में खिलाड़ियों को भरपूर सुविधाओं के साथ सम्मान भी दिया जाएगा। खेलो इंडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी एक पृथक कार्यक्रम में पुरस्कृत और सम्मानित किए जाएंगे। पिछले खेलो इंडिया गेम्स में देश में आठवें क्रम पर रहने वाले मध्यप्रदेश ने अब तीसरे क्रम पर स्थान बनाया है। यह गर्व और गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में प्रत्येक क्षेत्र में विकास हुआ है। इसमें खेल क्षेत्र भी शामिल है।

मुख्यमंत्री ने मैडल प्राप्त करने वाले और भागीदारी करने वाले खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलो इंडिया में ओवर ऑल चैम्पियन महाराष्ट्र विशेष बधाई का पात्र है। हरियाणा दूसरे स्थान पर रहा है। मध्यप्रदेश भी तीसरे क्रम पर आया है। मध्यप्रदेश, हरियाणा से थोड़ा ही पीछे रहा। मध्यप्रदेश ने 39 स्वर्ण पदक प्राप्त किए। एक समय मध्यप्रदेश का खेलों में कोई विशेष नाम नहीं था। लेकिन अब प्रदेश के खिलाड़ी रिकॉर्ड बना रहे हैं। खेलो इंडिया में 40 प्रतिशत बेटियों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। मलखम्भ, एथलीट और वाटर स्पोर्ट्स में मध्यप्रदेश का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। श्री चौहान ने कहा कि 19 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों के लिए खेलो इंडिया यूथ गेम्स



प्रोत्साहनकारी रहे। अब इन खेलों में सफल हुए खिलाड़ियों को अपनी मंजिल की ओर बढ़ना है। इनकी मंजिल अब एशियाड, कॉमनवेल्थ गेम्स और ओलिंपिक हैं। इन सभी में खिलाड़ियों को पदक जीतना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों ने जोश, जिद और जुनून का परिचय दिया है।

केंद्रीय खेल, युवा कार्य और सूचना प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश में हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अनेक रिकॉर्ड टूटे हैं। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इन खिलाड़ियों ने अनेक अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक के दावेदार होने का प्रमाण दिया है। मध्यप्रदेश में खेलो इंडिया गेम्स के लिए बहुत अच्छी व्यवस्थाएं की गई। युवा खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मंच मिला। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खेलों के आयोजन से खेल क्षेत्र की प्रतिभाएं आगे आ रही हैं। निर्धन परिवारों से आए खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इन खेलों में 5 हजार 800 खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ ही व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारियों को मिला कर करीब 10 हजार लोग शामिल हुए। मध्यप्रदेश में यह आयोजन बहुत सफल रहा।

मध्यप्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मलखम्भ जैसे खेलों को महत्व देते हुए राज्य खेल के रूप में पहचान दिलाने का कार्य किया। मध्यप्रदेश सभी खेलों को प्रोत्साहित करने में आगे है। प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 की मेजबानी दी। उनका स्वप्न है खेलों के माध्यम से देश को एक स्थान पर सम्मिलित और एकत्रित किया जाए।

## भारत ने जीता पहला टेस्ट मैच

**नागपुर,** भारत ने नागपुर में खेले गए बॉर्डर और गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल की है। भारत ने मैच में ऑस्ट्रेलिया को पारी और 132 रन से हराया। मैच के हीरो रवींद्र जडेजा रहे।

मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि ऑस्ट्रेलियाई टीम का यह फैसला गलत साबित हुआ। ऑस्ट्रेलियाई टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज महज दो रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। इसके बाद मार्नस लाबुशेन (49) और स्टीव स्मिथ (37) ने पारी को संभाला। स्पिनर के लिए मुफीद पिच पर ये दोनों बल्लेबाज ज्यादा देर तक बल्लेबाजी नहीं कर सके। इन दोनों के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया की पारी 177 रन पर सिमट गई।

भारतीय टीम के लिए पहली पारी में सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए रन बनाये। हालांकि ऊपरी क्रम में किसी भी बल्लेबाज ने ज्यादा देर तक रोहित का साथ नहीं निभाया। रोहित 120 रनों शतकीय पारी खेलकर आउट हुए। रोहित के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा (70) ओर अक्षर पटेल (84) ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने जमकर रन बटोरे और स्कोर को 400 रन तक पहुंचाया। अपना पदार्पण मैच खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर टॉड मर्फी ने पारी में 7 विकेट लिए। पहली पारी में 223 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन जारी रहा। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम 91 रन पर सिमट गई।

## रियल मैड्रिड ने जीता क्लब विश्वकप

**रबात,** स्पेनिश फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड ने फीफा क्लब विश्वकप का खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में रियल मैड्रिड ने सउदी अरब के क्लब अल हिलाल को 5-3 से हराया।

फाइनल मैच में रियल मैड्रिड ने शुरुआत से अटैकिंग खेल दिखाते हुए अल हिलाल को दबाव में ला दिया। मैच का पहला गोल विनिसियस जूनियर ने मैच के 13वें मिनट में किया। इसके बाद फेडे वाल्वरडे ने 18 वें मिनट में गोलकर रियल मैड्रिड की बढ़त दोगुनी कर दी। पहले हाफ में 2-0 से पिछड़ने के बाद अल हिलाल ने पलटवार किया और 26 वें मिनट में मूसा मरेगा ने शानदार गोल से खाता खोला।

दूसरे हाफ में भी रियल मैड्रिड का वर्चस्व देखने को मिला। मैच में 54वें मिनट



में करीम बेंजेमा और 58वें मिनट वाल्वरडे ने एक और गोल कर अल हिलाल को दबाव में ला दिया। इसके बाद 63वें मिनट में लुसियानो विटो ने गोल कर स्कोर 4-2 कर दिया। इसके बाद विनिसियस जूनियर और विटो ने एक और गोल दागा।

- **रियल मैड्रिड ने सबसे ज्यादा पांच बार जीता है फीफा क्लब विश्वकप।**
- **रियल मैड्रिड ने वर्ष 2014, 2016, 2017 और 2018 में भी जीता है यह खिताब।**

### धर्मशाला की जगह इंदौर में खेला जायेगा तीसरा टेस्ट मैच

**मुंबई,** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच धर्मशाला की जगह अब इंदौर में खेला जायेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टेस्ट सीरीज के कार्यक्रम में बदलाव किया है। बीसीसीआई ने कहा कि तय कार्यक्रम के तहत टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच एक से पांच मार्च तक धर्मशाला में खेला जाना था, लेकिन इस मुकाबले को अब इंदौर स्थानांतरित किया गया है। बीसीसीआई ने कहा कि धर्मशाला में भीषण सर्दी और बर्फबारी के कारण एचपीसीए स्टेडियम की आउटफील्ड में पर्याप्त घास घनत्व नहीं है। स्टेडियम की आउटफील्ड को पूरी तरह विकसित होने में समय लगेगा। टेस्ट मैच में पांच दिन का खेल होता है। ऐसे में कम घास की वजह से खिलाड़ी चोटिल हो सकते हैं, इस वजह से इस मैच को इंदौर स्थानांतरित किया गया है।

### म्यांमार और किर्गिस्तान से मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट खेलेगा भारत

**नई दिल्ली,** भारत अगले महीने म्यांमार और किर्गिस्तान के खिलाफ तीन देशों के मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इस टूर्नामेंट का आयोजन इम्फाल में किया जायेगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने बताया कि मणिपुर पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट के मुकाबले 22, 24 और 26 मार्च को इम्फाल के खुमान लंपक स्टेडियम में खेले जायेंगे। इस टूर्नामेंट का आयोजन फीफा के अंतर्राष्ट्रीय विंडो के समय हो रहा है।

महिला प्रीमियर लीग

# स्मृति मंधाना बनीं सबसे महंगी खिलाड़ी

**रबात,** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए मुंबई में सम्पन्न हुई नीलामी में सभी टीमों ने भारतीय खिलाड़ियों पर जमकर दांव लगाया। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना महिला प्रीमियर लीग की नीलामी के इतिहास में सबसे महंगी क्रिकेटर बनीं। स्मृति को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 3.40 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। नीलामी में दस भारतीय खिलाड़ियों पर टीमों ने एक करोड़ रुपये से ज्यादा राशि खर्च की है।

डब्ल्यूपीएल की नीलामी में सबसे पहली बोली स्मृति मंधाना पर लगी। 50 लाख बेस प्राइस होने के बावजूद स्मृति को अपने साथ जोड़ने के लिए सभी टीमों ने जमकर बोली लगाई लेकिन अंत में जीत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को मिली। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को मुंबई इंडियंस की टीम ने ऑक्शन में जीता।



- **महिला प्रीमियर लीग के पहले सत्र का आयोजन 4 से 26 मार्च 2023 तक होगा।**
- **लीग के सभी मैच मुंबई के ब्रेबोन स्टेडियम और डी वाय पाटिल स्टेडियम में खेले जायेंगे।**

मुंबई इंडियंस ने हरमनप्रीत के लिए 1.8 करोड़ रुपये खर्च किए। स्मृति और हरमनप्रीत दोनों अपनी-अपनी टीमों की कप्तान बन सकती हैं। इन दोनों के अलावा भारत को अंडर-19 महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप का खिताब दिलाने वाली शैफाली वर्मा दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलती हुई नजर आयेंगी। शैफाली को दिल्ली कैपिटल्स ने 2 करोड़ रुपये में खरीदा। इनके अलावा दीप्ति शर्मा (2.6 करोड़), जेमिमा रोड्रिगेज(2.2 करोड़), पूजा वस्त्रकार (1.9 करोड़), ऋचा घोष (1.9 करोड़), यास्तिका भाटिया (1.5 करोड़), रेणुका सिंह (1.5 करोड़) और देविका वैद्य(1.4 करोड़) को भी नीलामी में एक करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत मिली।

नीलामी में विदेशी खिलाड़ियों पर भी जमकर बोली लगी। नीलामी में इंग्लैंड की नेट साइवर ब्रंट स्कीवर और ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर सबसे ज्यादा कीमत पाने वाली विदेशी खिलाड़ी रहीं। दोनों खिलाड़ियों पर 3.20-3.20 करोड़ रुपये का दांव लगा। स्कीवर को मुंबई इंडियंस ने और गार्डनर को गुजरात जाइंट्स ने खरीदा।

### चार देशों ने फीफा विश्वकप की संयुक्त मेजबानी की दावेदारी की

**म्युनिख,** अर्जेंटीना, उरुग्वे, पेराग्वे और चिली फीफा विश्वकप की संयुक्त मेजबानी कर सकते हैं। इन चारों देशों ने वर्ष 2030 में आयोजित होने वाले फीफा विश्वकप की सह मेजबानी के लिए संयुक्त बोली लगाई है। दक्षिण अमेरिका फुटबॉल परिसंघ (कॉनमेबॉल) ने एक बयान जारी कर कहा कि दक्षिण अमेरिकी देश उरुग्वे, पेराग्वे, अर्जेंटीना और चिली ने आधिकारिक तौर पर फीफा विश्वकप-2030 के लिए दावेदारी पेश की है। इनके अलावा स्पेन-पुर्तगाल और मोरक्को-सउदी अरब ने भी फीफा विश्वकप-2030 के लिए संयुक्त मेजबानी की दावेदारी की है। उल्लेखनीय है कि फीफा विश्वकप की शुरुआत वर्ष 1930 में हुई थी और उरुग्वे ने इस विश्वकप की मेजबानी की थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

तूफान गैब्रिएल

## न्यूजीलैंड में राष्ट्रीय आपातकाल घोषित

चक्रवात गेब्रियल से बड़ी तबाही के अलर्ट के बाद न्यूजीलैंड में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की गई है।

- **न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस ने इस तूफान के मद्देनज़र 7.3 मिलियन डॉलर के राहत पैकेज का ऐलान किया था।**
- **यह इमरजेंसी नॉर्थलैंड, ऑकलैंड, वाइकाटो जैसे क्षेत्रों में लागू की गई है।**

न्यूजीलैंड सरकार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है कि आपातकाल की घोषणा उन छह क्षेत्रों पर लागू होगी जो पहले से ही स्थानीय आपातकाल की स्थिति घोषित कर चुके हैं, जैसे: नॉर्थलैंड, ऑकलैंड, ताइराविटी, बे ऑफ प्लेंटी, वाइकाटो और हॉक्स बे। न्यूजीलैंड के इतिहास में यह तीसरी बार है, जब राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की गई है। देश के आपातकालीन प्रबंधन मंत्री कीरन मैकअनल्टी ने कहा यह एक अभूतपूर्व मौसम घटना है जिसका उत्तरी द्वीप के अधिकांश हिस्सों में बड़ा प्रभाव पड़ता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि देश इस चक्रवाती तूफान से बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है, जिससे व्यापक रूप से बाढ़, भूस्खलन से सड़कों और बुनियादी ढांचे को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

बेंगलुरु में 14वें एयरो इंडिया 2023 का उद्घाटन

# आज का भारत तेज सोचता है, दूर की सोचता है और तुरंत फैसले लेता है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु के येलहंका स्थित वायु सेना स्टेशन में 14वें एयरो इंडिया 2023 का उद्घाटन किया। उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु का आसमान आज नए भारत के सामर्थ्य का साक्षी बन रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, "यह नई ऊंचाई नये भारत की सच्चाई है। आज भारत नई ऊंचाइयों को छू भी रहा है और उन्हें पार भी कर रहा है।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि एयरो इंडिया 2023 भारत के बढ़ते हुए सामर्थ्य का उदाहरण है। इसमें दुनिया के करीब 100 देशों की मौजूदगी होना दिखाता है कि भारत पर पूरे विश्व का विश्वास कितना बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि इसमें 700 से अधिक प्रस्तुकर्ता भाग ले रहे हैं, जिनमें भारतीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम भी हैं और स्टार्ट-अप भी। ये सभी दुनिया की प्रसिद्ध कंपनियों के साथ हिस्सा ले रहे हैं। एयरो इंडिया 2023 की विषयवस्तु 'द रन : वे टू अ बिलियन अपॉर्चुनिटीज' पर प्रकाश डालते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की शक्ति हर गुजरते दिन के साथ बढ़ती रहेगी। एयरो इंडिया के साथ रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन और सीईओ गोलमेज के आयोजन का उल्लेख करते हुये श्री मोदी ने कहा कि रक्षा सेक्टर में सक्रिय भागीदारी से एयरो इंडिया की क्षमता बढ़ेगी। प्रधानमंत्री ने कर्नाटक में एयरो इंडिया के आयोजन के महत्व का उल्लेख किया, क्योंकि कर्नाटक भारत की प्रौद्योगिकीय प्रगति का केंद्र है। उन्होंने कहा कि इससे विमानन सेक्टर में युवाओं के लिये नई



- **एयरो इंडिया 2023 की थीम "द रन : वे टू अ बिलियन अपॉर्चुनिटीज" है।**
- **एयरो इंडिया 2023 में प्रमुख प्रदर्शकों में एयरबस, बोइंग, डसॉल्ट एविएशन, लॉकहीड मार्टिन, इज़राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्री, ब्रह्मोस एयरोस्पेस, आर्मी एविएशन, एचसी रोबोटिक्स, एसएएबी, सफ्रान, रॉल्स रॉयस, लार्सन एंड टुब्रो, भारत फोर्ज लिमिटेड, एचएएल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) और बीईएमएल लिमिटेड शामिल हैं।**

संभावनायें खुलेंगी। प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के युवाओं का आह्वान किया कि वे देश को मजबूत बनाने के लिये अपनी प्रौद्योगिकीय विशेषज्ञता को रक्षा क्षेत्र में लगाएं।

एयरो इंडिया 2023 को नये भारत की बदलती सोच का प्रतीक बताते हुये प्रधानमंत्री ने कहा, "जब कोई देश, नई सोच, नये अप्रोच के साथ आगे बढ़ता है, तो उसकी व्यवस्थाएं भी नई सोच के हिसाब से ढलने लगती हैं।" प्रधानमंत्री ने उस समय को याद किया जब एयरो इंडिया 'केवल एक प्रदर्शनी' और 'भारत के लिये एक बाजार' हुआ करता था, लेकिन अब यह अवधारणा बदल चुकी है। उन्होंने कहा, "आज, एयरो इंडिया केवल प्रदर्शनी मात्र नहीं है, बल्कि वह भारत की ताकत दर्शाता है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की सफलताओं को उसकी क्षमताओं में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि तेजस, आईएनएस विक्रांत, सूरत और टुमकुर में उन्नत निर्माण सुविधाओं की मौजूदगी आत्मनिर्भर भारत की क्षमता प्रकट करती हैं, जिनसे विश्व के नये विकल्प व अवसर जुड़े हैं।

प्रधानमंत्री ने सुधारों की मदद से हर सेक्टर में आने वाले क्रांतिकारी बदलावों के संदर्भ में कहा, "21वीं सदी का भारत, अब न कोई मौका खोयेगा और न ही अपनी मेहनत में कोई कमी रखेगा।" उन्होंने कहा कि जो देश दशकों से सबसे बड़ा रक्षा आयातक था, उसने अब दुनिया के 75 देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करने शुरू कर दिए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि लक्ष्य यह है कि वर्ष 2024-25 तक रक्षा निर्यात को 1.5 अरब से बढ़ाकर पांच अरब कर दिया जाये। प्रधानमंत्री ने कहा, "सबसे बड़े रक्षा उत्पादक देशों में शामिल होने के लिये भारत तेज कदमों से आगे बढ़ेगा तथा हमारा निजी क्षेत्र और निवेशक इसमें बड़ी भूमिका निभायेंगे।" प्रधानमंत्री ने निजी सेक्टर का आह्वान किया कि वह रक्षा सेक्टर में निवेश करे, जिससे भारत और कई अन्य देशों में उनके लिये नये अवसर पैदा होंगे।

श्री मोदी ने अमृत काल के भारत को लड़ाकू विमान चालक की उपमा देते हुये कहा, "आज का भारत तेज सोचता है, दूर की सोचता है और तुरंत फैसले लेता है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक ऐसा राष्ट्र है, जिसे नई ऊंचाइयां छूने में डर नहीं लगता, बल्कि वह इसके लिए उत्साहित है। उन्होंने कहा कि भारत की रफ्तार चाहे जितनी तेज हो, लेकिन वह अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है। प्रधानमंत्री ने कहा, "एयरो इंडिया की गगनभेदी गर्जना में भारत के सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संदेश की गूंज है।"

आर्मेनिया-तुर्किए

## राहत-बचाव के कार्य के लिए 35 साल में पहली बार खोली गई बॉर्डर क्रॉसिंग

विनाशकारी भूकंप के बाद राहत-बचाव के कार्य के बीच आर्मेनिया और तुर्किए के बीच बॉर्डर क्रॉसिंग खोल दी गई।

- **बताया गया है कि आखिरी बार 1988 में क्रॉसिंग खोली गई थी। तब आर्मेनिया में भूकंप आया था और करीब 30 हजार लोग मारे गए थे। उस समय तुर्किए ने आर्मेनिया को सहायता भेजी थी।**

समाचार एजेंसी एएफपी ने एक अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी गई कि भूकंप पीड़ितों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए क्रॉसिंग खोलने का कदम उठाया गया। बताया जा रहा है कि 35 वर्षों में ऐसा पहली बार है जब यह क्रॉसिंग खोली गई है। आर्मेनिया के साथ वार्ता स्थापित करने के लिए जिम्मेदार तुर्किए के विशेष दूत सेरदार किलिक ने ट्वीट कर जानकारी दी



कि भोजन और पानी समेत सहायता के साथ पांच ट्रक अलीकन बॉर्डर क्रॉसिंग से तुर्किए पहुंचे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों देशों ने कभी भी औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित नहीं किए हैं और 1990 के दशक से उनकी साझा सीमा बंद है। दोनों देशों के बीच तनाव का मूल कारण प्रथम विश्व युद्ध के दौर में ओटोमन साम्राज्य में हुई लोगों की सामूहिक हत्याओं से जुड़ा है, जिसे आर्मेनिया नरसंहार कहता है।

भारत और नेपाल

## आर्थिक और विकास संबंधों को बढ़ावा देने पर हुए सहमत

भारत और नेपाल आर्थिक एवं विकास सहयोग को और मजबूत करने पर सहमत हुए हैं। नेपाल में भारतीय दूतावास

- **पिछले साल दिसंबर में प्रचंड के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद दोनों देशों के बीच यह पहली उच्चस्तरीय बैठक है।**

ने ट्वीट किया कि विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने नेपाल की विदेश मंत्री बिमला राय पौडयाल से मुलाकात की और भारत तथा नेपाल के बीच व्यापक संबंधों को और मजबूत बनाने पर सार्थक चर्चा हुई।

विदेश सचिव स्तर की द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों की ओर से सात-सात सदस्यों ने हिस्सा लिया। नेपाल में भारतीय दूत नवीन श्रीवास्तव भारतीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे, जबकि नेपाली विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव एवं प्रवक्ता सेवा लमसाल नेपाल के प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे।

शी इज अनस्टॉपेबल

## भारतीय नौसेना द्वारा अखिल महिला कार रैली का आयोजन

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 76वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से अपने भाषण के दौरान इस बात पर जोर दिया था कि 'अमृत काल' की सोच को प्राप्त करने के लिए नारी शक्ति का योगदान महत्वपूर्ण होगा। 'नारी शक्ति' पर जागरूकता बढ़ाने की दिशा में राष्ट्रीय नेतृत्व की सोच के अनुरूप भारतीय नौसेना ने नौसेना वेलनेस और वेलफेयर एसोसिएशन (एनडब्ल्यूडब्ल्यूए) के सहयोग से देश और भारतीय नौसेना की वीर महिलाओं को श्रद्धांजलि देने के रूप में एक महिला मोटर अभियान के संचालन को लेकर मैसर्स जीप इंडिया के साथ सहभागिता की है। अखिल महिला कार रैली, 'शी इज अनस्टॉपेबल (वह अजेय है)' के नारे के साथ नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से लोंगेवाला (राजस्थान) के युद्ध स्मारक तक की जाएगी। यह रैली 12 दिनों तक संचालित होगी। यह दिल्ली से



जयपुर, बीकानेर, जैसलमेर, लोंगेवाला, जोधपुर होते हुए 2300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

**इस रैली का उद्देश्य -**
- आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाना
- नौसेना महिला अधिकारियों के योगदान को प्रदर्शित करना
- भारतीय नौसेना में शामिल होने के लिए महिलाओं को प्रेरित करना
- रास्ते में नौसेना के दिग्गजों/वीर महिलाओं के साथ बातचीत करना

मिलिट्री परेड

## उत्तर कोरिया ने बड़ी संख्या में किया परमाणु मिसाइलों का प्रदर्शन

उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में सेना की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर तानाशाह किम जोंग की ओर से पहले से कहीं अधिक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों (ICBM) का प्रदर्शन किया गया। कोरियाई सैन्य अधिकारियों ने कहा कि उनके पास नए ठोस-ईंधन वाले विनाशकारी हथियार हैं, जो परमाणु-सशस्त्र उत्तर कोरिया को दुनिया में कहीं भी हमला करने में सक्षम बनाते हैं। इस मौके पर कोरियाई सेना ने अपने घातक हथियारों की परेड निकाली। कोरियाई न्यूज एजेंसी केसीएनए की रिपोर्ट में कहा गया कि खास मौके पर देश की एक दर्जन से ज्यादा इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल प्रदर्शित की गई। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया द्वारा जारी की गई तस्वीरों में उत्तर कोरिया के सबसे बड़े ICBM 11 Hwasong-17s (ह्वासोंग-17) को दिखाया गया।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार*

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुद्रक- राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासकिय क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- पुष्पेन्द्र पाल सिंह।